# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# आजाद हत्याकांड : मुख्य आरोपी विजय निषाद ने किया कोर्ट में सरेंडर

- 13 को खोराबार के सनहा में हुई थी हत्या
- प्रेमिका ज्योति और दीपक को पुलिस भेज चुकी है जेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गत दिनों खोराबार इलाके के सनहा में आजाद निषाद की हत्याकांड का मुख्य आरोपी विजय निषाद बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सनहा गांव का रहने वाला आजाद को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर शव को पानी में फेंक कर फरार हो गए। विजय की तलाश में पुलिस जुटी थी। पुलिस को गच्चा देकर कोर्ट में आत्मसर्पण कर दिया।

मालूम हो कि 13 सितम्बर को खोराबार थाना क्षेत्र के सनहा गांव निवासी 20 वर्षीय आजाद निषाद पुत्र बेचू का पड़ोसी युवती ज्योति से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते शुक्रवार को ज्योति अपने प्रेमी आजाद को भोर में गांव के बाहर मिलने के लिए बुलाई थी । चरी के खेत दोनों की मुलाकात का सिलसिला चल ही रहा था कि पहले से घात लगाये ज्योति का चचेरा भाई विजय निषाद, दीपक निषाद और विजय की भाभी ने मिलकर आजाद की हत्या करके शव को एक पानी भरे तालाब में फेंक कर फरार हो गए। हत्या के बाद आक्रोशि ग्रामीण शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया था।

**खोराबार प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार आजाद हत्याकांड का आरोपी ज्योति और दीपक निषाद को मंगलवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। हत्या कांड के मुख्य अभियुक्त विजय निषाद की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही थी । बुधवार को मुख्य अभियुक्त विजय निषाद पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया ।

# बकरी चुराकर भाग रहे बाइक सवार दबोचे गए

**कैंपियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तालबंजरहा निवासी जोखन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को शाम पांच बजे मेरी बेटी किरण व ओमकार अपनी बकरी चरा रहे थे। तभी तीन युवक बाइक से आये और एक बकरी चोरी से गाड़ी पर रखकर भागने लगे। मेरी बेटी भी चिल्लाते हुए उनके पीछे भागने लगी। शोर शराबा सुनकर वहां काफी लोग इकट्ठा हो गए। काफी दूर तक पीछा कर दौड़ा कर उन्हें रोक लिया गया। चोरी गयी बकरी बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में अपना नाम ईस्माइल, राज कुशवाहा व शराफत चौधरी निवासी पेड़ारी थाना खेसरहा सिद्धार्थनगर के रहने वाले है। चोरी में इस्तेमाल बाइक व तीनों युवकों को थाने लेकर आये हैं। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाय। जिस पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ धारा 303(2),317(2) का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया।

# युवती की पिटाई, मां बेटी बेटे पर मुकदमा

**कैंपियरगंज (एसएनबी)।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के इन्द्रपुर टोला विजयनगर निवासी भुअरा देवी की बेटी प्रीती को गांव के ही सरस्वती देवी, उसकी बेटी शिवानी व बेटा गणेश ने मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। सरस्वती देवी ने उसके हाथ में दांत से काट लिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया।

# 7वीं के छात्र का अपहरण, पुलिस ने किया बरामद

**सहजनवां (एसएनबी)।** कस्बे के लुचुई निवासी 13 वर्षीय 7वीं का छात्र विकास यादव का अपहरण कर लिया गया। अपहरण करने वालों ने विकास के बुआ के ह्वाट्सएप पर फोन कर ₹2.60 लाख की फिरौती देने के बाद मुक्त करने का दावा किया। बुआ के तरफ से विकास के पिता को सूचना देने के बाद हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर पर बुधवार की शाम को एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाइवे स्थित एक ढाबा के पास से छात्र को बरामद कर ली।

> ■ काल करने वाले ने खुद को विकास का अपहरण करने का दावा किया और ₹2.60 लाख फिरौती की मांग की

सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नं 11 लुचुई निवासी ज्ञानचंद्र यादव का 13 वर्षीय पुत्र विकास यादव सेमरा स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। बुधवार की सुबह विकास से पैदल स्कूल के चला गया। दोपहर करीब ढ़ाई बजे के आसपास विकास की बुआ व संतकबीर नगर जिला के नंदौर निवासी किरन यादव के मोबाइल पर एक नंबर से ह्वाट्स एप पर काल आया। काल करने वाले ने खुद को विकास का अपहरण करने का दावा किया और ₹2.60 लाख फिरौती की मांग की गई। भतीजा के अपहरण की सूचना पर बहन ने तत्काल भाई ज्ञानचंद्र को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद पिता ने पुलिस को तहरीर दी तो हड़कंप मच गया। एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव तत्काल मौके पर पहुंच जांच शुरू किए। शाम को करीब सात बजे के आसपास विकास को हाइवे किनारे के ढाबा से पुलिस और एसओजी की टीम ने बरामद बरामद कर ली। फिलहाल छात्र से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में एक को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पक्सो एक्ट राहुल आनंद ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र ग्राम पड्डन निवासी अभियुक्त रामकिशुन को दस साल के कठोर कारावास एवं 52 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को आठ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी का कहना थे कि घटना 2 नवम्बर 2016 को दिन के करीब 9 बजे की है। वादिनी की 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची जिसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं है और वह विकलांग भी है।घर पर अकेली टी वी देख रही थी।अभियुक्त जबरदस्ती वादिनी के घर में घुस गया और वादिनी की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

# जमीन कब्जा का आरोप, पीड़ित ने सीएम से की शिकायत

**जैतपुर (एसएनबी)।** खजनी थाने के भगवानपुर भखरा निवासी शिवशंकर दूबे ने आरोप लगाया है कि बैनामा की जमीन पर कुछ लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। इस मामले में सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी हैं। पिपरौली ब्लाक अंतर्गत (जैतपुर) भगवानपुर निवासी शिवशंकर पुत्र स्व. व्यासमुनि दूबे व बद्री विशाल व केदारनाथ व चतुर्भुजी नाथ पुत्रगण स्व. बृजराज दूबे भगवानपुर थाना-खजनी, तहसील सहजनवाँ, जनपद-गोरखपुर के स्थाई निवासी है। इनका आरोप है कि जमीन राजस्व ग्राम सहजूपार में आराजी नं-288 जिसका रकबा 8 एयर ग्राम-सहजूपार में स्थित है। जमीन पर मकान का निर्माण और मुख्य रास्ता भी है। आराजी नं-288 जो इन्तखाप खसरा में मालिकाना हक का नाम अंकित है। मकान का चौहद्दी और डीह दिखाकर राजेश, राजकुमार पुत्रगण रामचन्दर ने फर्जी तौर पर जमीन का बैनामा कर लिया। जबकि इनका नाम सहजूपार के राजस्व अभिलेख में कही दर्ज नहीं है। बैनामा कल्पा देवी के नाम से किये है।

# युवक की हत्या के मुख्य आरोपित ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

जासं, गोरखपुर : खोराबार के सनहा में कुल्हाड़ी से हमला कर आजाद की हत्या कर शव नदी में फेंकने वाला मुख्य आरोपित विजय निषाद ने बुधवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। इधर, जानकारी होने के बाद खोराबार पुलिस पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।

13 सितंबर की भोर में सनहा गांव के रहने वाले आजाद और उसकी प्रेमिका ज्योति रहस्यमय हालत में लापता हो गए। युवक के घर के पीछे खेत में दोनों की खून से सनी चप्पलें मिली थीं। घटना के बाद ज्योति के स्वजन घर में ताला बंदकर फरार हो गए। तब युवक के स्वजन ने हत्या की आशंका जताई। अगले दिन राप्ती नदी में आजाद का शव मिला। पुलिस ने आजाद की मां सोनमती देवी की तहरीर पर प्रेमिका ज्योति उसके चचेरे भाई विजय निषाद, दीपक निषाद, विजय की भाभी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। तलाश में जुटी पुलिस मंगलवार को युवक की प्रेमिका ज्योति व दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं मुख्य आरोपित विजय और उसकी भाभी का लोकेशन पूना में मिला था। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम रवाना हुई थी। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मुख्य आरोपित विजय ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लिया जाएगा।

# दुष्कर्म मामले में एक को 10 वर्ष का कठोर कारावास

गोरखपुर : नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल आनंद ने कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र पट्टन निवासी अभियुक्त रामकिशुन को 10 साल के कठोर कारावास एवं 52 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को आठ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। (जासं)

# महिला की आत्महत्या में पति व सास गिरफ्तार

जासं, सहजनवां : थाना क्षेत्र के महुआपार में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आरोपित पति उमेश और सास सुमंता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार निवासी धर्मेंद्र की 22 वर्षीय बेटी आंचल ने क्षेत्र के महुआपार निवासी उमेश से एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था।

मंगलवार की सुबह आंचल का शव कुंडी से लटकता मिला था। मायकेवालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मृतका की मां शीला देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति उमेश, सास सुमंता देवी, देवर राजन व राज के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को पुलिस ने आरोपित पति व सास को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : रामगढ़ताल पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान गायघाट खुर्द निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई। उसने 15 जून को वारदात की थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : गोला पुलिस ने हत्या के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान गोला के बनकटा निवासी विक्की राय व मनीष कुमार राय के रूप में हुई। आरोपितों पर मृतक के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि 13 सितंबर को आरोपितों ने फोन कर बेटे को बुलाया और शराब पिलाकर उसकी हत्या कर दी। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से दोनों को जेल भेज दिया गया। (जासं)

# स्थानीय पशु तस्करों की तैयार हो रही सूची

जासं, गोरखपुर : शहर में आने वाले बाहरी पशु तस्करों की सटीक सूचना देने वाले स्थानीय तस्करों की कुंडली तैयार कराई जा रही है। पुलिस का मानना है कि बाहर से आने वाले तस्कर वहीं पहुंच रहे हैं, जहां पशुओं की संख्या अधिक हो रही है। एसपी सिटी के निर्देश पर शहर के थानों की पुलिस ऐसे संदिग्धों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध साक्ष्य जुटा रही है। सूची तैयार होने के बाद पुलिस इनकी गिरफ्तारी कर बाहरी तस्करों के बारे में जानकारी जुटाएगी।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने 84 पशु तस्करों की सूची तैयार कराई है, जो जिले में आकर घटनाओं को अंजाम देते हैं। तैयार सूची में 84 में से 59 तस्कर आसपास के जिलों के हैं। हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए यहां की पुलिस ने संबंधित जिलों की पुलिस को पत्र भेजा है। वहीं गोरखपुर के रहने वाले तस्करों की हिस्ट्रीशीट यहां की पुलिस ने खोलना शुरू कर दिया है।

अब तक जिला पुलिस ने 30 पशु तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोली है। 160 पशु तस्करों के 36 गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

- एसपी सिटी ने तस्करों के मददगारों को चिह्नित करने का दिया है निर्देश
- तैयार सूची में 84 में से 59 तस्कर आसपास के जिलों के

## बिना नंबर प्लेट व चेचिस नंबर के वाहन से आते हैं तस्कर

पशुओं की चोरी करने वाले तस्कर बिना नंबर प्लेट और चेचिस नंबर मिटी गाड़ी लेकर चलते हैं, जिससे पुलिस गाड़ी पकड़ भी ले तो मालिक का पता न चल सके। हाल ही में तस्करों की पकड़ी गई कई गाड़ी में ऐसा देखने को मिला। बेलीपार, बांसगांव, झंगहा क्षेत्र से बरामद पशु तस्करों की गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं थी। चेचिस नंबर भी मिटा दिया गया।

तस्करों को पशुओं के बारे में सूचना देने वालों की सूची तैयार की जा रही है। पुलिस मददगारों को चिह्नित कर रही है। इनके विरुद्ध सबूत इकट्ठा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# छेड़खानी करने वाले दो शोहदों को पुलिस ने पकड़ा

जासं, सहजनवां : क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा को आते-जाते शोहदे परेशान कर रहे थे। बुधवार को छात्रा ने इसकी सूचना पुलिस व स्वजन को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वजन के सहयोग से दो शोहदों को पकड़ लिया। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी एक इंटरमीडिएट कालेज में बारहवीं की छात्रा है। रोज-रोज की छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने अपने घर पर यह जानकारी दी थी। बुधवार की सुबह छात्रा जब पढ़ने निकली तो पीछे से उसका भाई भी साथ में निकला। रास्ते में छात्रा को देखकर शोहदे फब्तियां कसने लगे, तो भाई ने विरोध किया। इससे नाराज शोहदे मारपीट करने लगे। इसी बीच छात्रा ने डायल 112 पर सूचना दे दी। तत्काल पीआरवी पहुंची और मौके से ही शोहदे को पकड़ लिया तथा थाना पुलिस को सिपुर्द कर दिया। सहजनवां पुलिस का कहना है कि पूछताछ चल रही है।

# बकरी चुराकर भाग रहे तीन धराए, जेल गए

जासं, कैंपियरगंज : थाना क्षेत्र के तालबंजरहा गांव के बाहर चर रही बकरी चुराकर भाग रहे तीन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपितों पर केस दर्ज कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया। तीनों को जेल भेज दिया गया।

तालबंजरहा गांव के जोखन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम पांच बजे बेटी किरण व गांव के ओमकार अपनी बकरी चरा रहे थे। उसी समय बाइक से तीन युवक आए और एक बकरी चुराकर बाइक से भागने लगे। बेटी के शोर मचाने पर गांव के लोगों ने पीछा कर तीनों को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवकों की पहचान इस्माइल, राज कुशवाहा व शराफत चौधरी निवासी पेड़ारी थाना खेसरहा जिला सिद्धार्थनगर बताया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे पांच लाख रुपये

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : केरल में नौकरी दिलाने के नाम पर एम्स क्षेत्र के बहरामपुर निवासी आशीष कुमार से जालसाज ने पांच लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर एम्स थाने में केरल राज्य के कोझिकोड शहर के थिरुवन्नूर पन्नियांकरा निवासी सनीर अहमद पुलिगाली पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। पीड़ित का आरोप है कि जालसाज मध्य पूर्वी देश में ड्रग्स का धंधा करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आशीष ने एम्स थाने में तहरीर देकर बताया कि वह नौकरी की तलाश कर रहे थे। इस बीच केरल के सनीर अहमद से उसकी बातचीत हुई। सनीर ने बताया कि वह केरल में चंदन के तेल की कंपनी का मालिक है और अच्छी नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए पांच लाख रुपये जमा करने होंगे। आशीष ने कहा कि नौकरी पाने के लिए उसने सनीर को पांच लाख रुपये दे दिए। कई महीने बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो सनीर से बात की। इस पर वह टाल-मटोल करने लगा। जब उसके बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि वह कई लोगों के साथ नौकरी के नाम पर ठगी कर चुका है। रुपये वापस मांगने पर वह साथ मिलकर ड्रग्स का धंधा करने के लिए कहने लगा।

# पशु तस्करों के मददगारों को पकड़ेगी पुलिस

**GORAKHPUR:** सिटी में आकर तांडव मचाने वाले पशु तस्करों को गौवंशों की सटीक सूचना देने वाले मुखबिरों की पुलिस सूची तैयार करेगी. एसपी सिटी के निर्देश पर सिटी की पुलिस अपने स्रोतों के मदद से संदिग्धों को चिन्हित कर रही है और इनके खिलाफ सबूत जुटा रही है. पुलिस इनके गौ तस्करों से कनेक्शन जानने के बाद कुंडली तैयार कर गर्दन दबोचेगी.

## एसएसपी ने बनवाई लिस्ट

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 84 पशु तस्करों की लिस्ट तैयार कराई है, जो जिले में आकर पशु तस्करी की घटनाएं करती हैं. सभी की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी, ताकि इनकी नियमित निगरानी हो सके. एसएसपी ने पहल करते हुए लिस्ट तैयार करा दी है. 84 में से 59 तस्कर आसपास के जिले के रहने वाले हैं.

# बच्चों के विवाद में उलाहना देने गई महिला को दंपती ने पीटा, मुकदमा

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के दुबई गांव में उलाहना देने गई महिला की दंपती ने पिटाई कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित दंपती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दिए तहरीर में दुबई गांव की गीता देवी ने लिखा है कि पांच दिन पूर्व बच्चों में हुए विवाद की उलाहना देने गांव की पूजा के घर गई थी। अभी कुछ कहती इससे पहले ही पूजा व उसका पति अजय मेरी पिटाई करने लगे। गांव के लोगों के एकत्र होने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाने में शिकायत करने पर हत्या की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित दंपती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मां-बेटी को पीटने वाले पिता-पुत्र पर मुकदमा

जासं, कैंपियरगंज : थाना क्षेत्र के इंद्रपुर गांव के विजयनगर टोला में भैंस से पर्दा फड़वाने से मना करने पर मनबढ़ पिता-पुत्र ने मां-बेटी की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपित पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव की भुअरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पर्दा से हैंडपंप का घेरा बनाया है। गांव के लोरिक की भैंस आते-जाते पर्दा फाड़ दे रही थी। उलाहना देने पर लोरिक व उसके बेटे सांवर मेरी पिटाई करने लगे। शोर सुन बचाने के लिए बेटी आई तो मनबढ़ों ने उसकी भी पिटाई की।

# छात्रा का शव रख किया प्रदर्शन

## पुलिस उनकी मांगों को सुनने के बाद स्वजन से तहरीर मांगी

जासं, सहजनवां : बड़गो में छात्रा के खुदकुशी के बाद बुधवार की शाम ग्रामीणों ने शव रख सहजनवां थाने पर प्रदर्शन किया। स्वजन एक युवक पर परेशान करने आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस उनकी मांगों को सुनने के बाद स्वजन से तहरीर मांगी। जिसके बाद लोग शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार करने चले गए।

- सहजनवां थाना के बड़गों में मंगलवार को फंदे से लटक कर प्रियंका ने दी थी जान
- स्वजन का आरोप, युवक कर रहा था परेशान, तहरीर लेकर पुलिस ने कराया शांत



सहजनवां थाने में प्रदर्शन करते ग्रामीण• जागरण

सोमवार को बड़गो निवासी फार्मेसी छात्रा प्रियंका ने फंदे से लटक कर जान दे दी थी। दोपहर में घर पहुंची बड़ी बहन ने शव फंदे से लटकता देख स्वजन व पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन शव लेकर थाने पहुंच गए। जहां पहले से जुटे ग्रामीणों के साथ स्वजन रिठआखोर के युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस पर आरोपित को बचाने का आरोप लगाया।

करीब आधे घंटे बाद पुलिस के तहरीर मांगने पर स्वजन और ग्रामीण शांत हुए। एसपी उत्तरी जितेन्द्र श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद पुलिस केस दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है। जांच व साक्ष्य के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।

## बच्ची से छेड़खानी करने के आरोपित पर मुकदमा दर्ज

सरहरी : गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी के एक गांव में घर में घुसकर बच्ची से छेड़खानी कर रहे युवक को घरवालों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात एक बजे घर के लोग सो रहे थे। उसी समय एक युवक घर में घुसकर 10 साल की बेटी से छेड़खानी करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर आरोपित भागने का प्रयास किया। उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपित रहमुद्दीन के विरुद्ध छेड़खानी व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

# जानलेवा हमला करने का आरोपित अरेस्ट

रामगढ़ताल पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. आरोपित की पहचान गायघाट खुर्द निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई. अरविंद ने 15 जून को वारदात की थी. पुलिस केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी. बुधवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया.

# पिस्टल के दम पर टेंपो चालक को पीटा, चार पर केस

झंगहा के इटौवा पुल के पास कार सवार बदमाशों ने पिस्टल के दम पर टेंपो चालक को अगवा कर लिया. पिटाई के बाद उसे सूनसान स्थान पर छोड़कर फरार हो गए. पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है. तीन आरोपित देवरिया के गौरीबाजार के रहने वाले हैं. चौरी चौरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर सात बस स्टेशन मुंडेरा बाजार निवासी प्रिंस जायसवाल टेंपो चलाते हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर को रेलवे स्टेशन से टेंपो लेकर गोबड़ौर चौराहे पर गया था. रात को लौटने के दौरान इटौवा पुल के पास कार सवारों ने टेंपो रोक लिया और पिटाई की. तहरीर के आधार पर पुलिस ने देवरिया के गौरीबाजारके निवासी विवेक यादव, राहुल यादव, सूरज मद्देशिया व चौरी चौरा के रवि जायसवाल पर केस दर्ज किया है.

# हत्या के मुख्य आरोपी ने सरेंडर किया

**आजाद हत्याकांड**

- पुलिस का दबाव बढ़ने पर कोर्ट में हो गया हाजिर, पुणे पहुंच गई थी टीम
- हत्या में शामिल प्रेमिका समेत दो को पुलिस ने पहले ही भेजा था जेल



खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। खोराबार के सनहा गांव में कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंकने के मामले के मुख्य आरोपित विजय निषाद ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस घेराबंदी करते हुए पुणे तक गिरफ्तारी को पहुंच गई थी, इसी बीच वह कोर्ट पहुंच गया। आरोपित को रिमांड पर लेकर पुलिस घटना में इस्तेमाल हथियार बरामद करेगी। घटना में शामिल प्रेमिका समेत दो आरोपितों को जेल भेज दिया था।

शुक्रवार की भोर में सनहा गांव के रहने वाले आजाद और उसकी प्रेमिका रहस्यमय हाल में लापता हो गए। युवक के घर के पीछे खेत में दोनों की खून से सनी चप्पलें मिली थी। घटना के बाद प्रेमिका के परिजन घर में ताला बंद कर फरार हो गए थे। तब युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। अगले दिन राप्ती नदी में आजाद का शव मिला। इस मामले में पुलिस ने आजाद की मां सोनमती देवी की तहरीर पर प्रेमिका उसके चचेर भाई विजय निषाद, दीपक निषाद, विजय की भाभी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। तलाश में जुटी पुलिस प्रेमिका व एक अन्य को जेल भिजवा दी थी। लेकिन मुख्य आरोपित विजय फरार था, जिसकी तलाश में टीम पुणे पहुंच गई थी। इसी बीच विजय कोर्ट में हाजिर हो गया। आरोपित की भाभी अभी फरार है।

# राजघाट में 65 लीटर कच्ची शराब बरामद

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान में प्रवर्तन टीम ने बुधवार को राजघाट के अमरूतानी में छापेमारी कर 65 लीटर शराब बरामद किया। आबकारी इंस्पेक्टर श्याम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुई छापेमारी में आबकारी एक्ट के तहत एक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया। पुलिस टीम का कहना है कि अमरुतानी में कच्ची शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# कॉलेज जाते समय छात्रा से छेड़खानी, दो हिरासत में

- सहजनवा इलाके की घटना, भाई से मारपीट करने का भी आरोप
- छात्रा का आरोप, आए दिन रास्ते में आते-जाते करते थे छींटाकशी

घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने दो युवकों पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। बुधवार को मनचलों की हरकत से आजिज आकर छात्रा ने सूचना पुलिस को दी। इससे पहले सूचना मिलने पर आए छात्रा के भाई के साथ मनचलों ने मारपीट भी की। पुलिस छात्रा के परिजनों के सहयोग से दो शोहदों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती 12वीं की छात्रा है। उसके स्कूल आते-जाते समय रास्ते में कुछ शोहदे फब्तियां कसते हुए छेड़ते हैं। बुधवार को छात्रा के घर जाते समय शोहदे फिर फब्तियां कसते हुए छेड़ने लगे। छात्रा का भाई भी मौके पर पहुंच गया। उसके विरोध करने पर शोहदे पीटने लगे। छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी ने दो शोहदों को परिजनों की मदद से पकड़ कर थाने लेकर चली आई। जहां हिरासत में पुलिस पूछताछ कर रही है।

# दहेज के लिए घर से निकाला, केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के भोपा बाजार की रहने वाली रिया सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन वर्ष उनके पिता ने लाखों रुपये नगदी व जेवर देकर शादी किया था। लेकिन सास, ससुर और पति मिलकर उसको दहेज के लिए प्रताड़ित करके घर से निकाल लिया।

रिया सिंह का कहना है कि तीन वर्ष पूर्व उनकी शादी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र के विकल्प खंड निवासी यश राणा पुत्र राणा प्रताप सिंह के साथ संपन्न हुई थी। शादी में उनके पिता ने 30 लाख रुपये नगदी, दो सोने की चेन, दो अंगूठी लड़के को और एक सोने की चेन व अंगूठी उसके पिता को दो अंगूठी सास को दिया गया था।

# नौकरी के नाम पर वसूले रुपये, बोला- तस्करी करो

- पीड़ित ने केरल के रहने वाले आरोपित पर एम्स थाने में दर्ज कराया केस
- चंदन के तेल कंपनी में काम कराने के नाम पर वसूले थे पांच लाख

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। केरल में स्थित चंदन की लकड़ी के तेल की कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये वसूलने और फिर ड्रग्स तस्करी का ऑफर करने का मामला सामने आया है। नौकरी के नाम पर तस्करी के बदले अधिक रुपये कमाने का ऑफर सुनने के बाद पीड़ित ने एम्स थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केरल राज्य के कोझिकोड शहर के थरुवन्नूर पन्नियांकरा निवासी सनीर अहमद के खिलाफ जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

एम्स इलाके के बहरामपुर निवासी आशीष ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मध्य पूर्वी देशों में नौकरी की तलाश कर रहा था। इसको लेकर केरल के सनीर से उसकी बातचीत हुई। सनीर ने बताया कि वह केरल में चंदन की लकड़ी के तेल की कंपनी का मालिक है, वह कई वर्ष से यह कारोबार कर रहा है। उसने कहा कि अच्छी नौकरी दिलवा दूंगा, जहां अच्छी सैलरी भी मिलेगी, इसके लिए पांच लाख रुपये जमा करने होंगे। आशीष ने नौकरी पाने की खातिर सनीर को पांच लाख रुपये दे दिए।

# खुदकुशी मामले में पति, सास गिरफ्तार

घघसरा। सहजनवा क्षेत्र के महुआपार में मंगलवार को विवाहिता शव फंदे से लटकता मिला था। विवाहिता के मां की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की वजह से खुदकुशी को उकसाने की धारा का केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में आरोपित पति उमेश और सास सुमंता देवी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

क्षेत्र के सीहापार निवासी धर्मेंद्र की 22 वर्षीय पुत्री आंचल ने क्षेत्र के महुआपार निवासी उमेश से एक वर्ष पूर्व मंदिर में प्रेम विवाह किया था। मंगलवार की सुबह आंचल का शव कुंडी से लटकता मिला था।

# गो तस्करों के बाद अब उनके मुखबिरों की तैयार हो रही लिस्ट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में आकर तांडव मचाने वाले पशु तस्करों को गोवंश की सटीक सूचना देने वाले मुखबिरों की पुलिस सूची तैयार करेगी। एसपी सिटी के निर्देश पर पुलिस अपने स्रोतों के मदद से संदिग्धों को चिह्नित कर रही है और इनके खिलाफ सबूत जुटा रही है। पुलिस गो तस्करों से इनके संबंध जानने के बाद कुंडली तैयार कर गर्दन दबोचेगी। जिस तरह से तस्कर आते ही मिनटों में गोवंशी को लादकर फरार हो रहे हैं, उससे यह बात साफ है कि लोकल लोग इन्हें सटीक सूचना दे रहे हैं, जिसके आधार पर पुलिस के सक्रिय होने से पहले लापता हो जाते हैं।

दरअसल, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जिले में आकर पशु तस्करी करने वाले 84 तस्करों की सूची तैयार कराई है। इनमें से 59 तस्कर आसपास के जिले के रहने वाले हैं। इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए गोरखपुर पुलिस की ओर से पत्र भेजा गया है, वहीं गोरखपुर के रहने वाले 30 पशु तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। वहीं, 160 पशु तस्करों के 36 गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है। अब एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने इनके मददगारों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है।

# हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। गोला पुलिस ने हत्या करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान गोला के बनकटा निवासी विक्की राय व मनीष कुमार राय के रूप में हुई। आरोपितों पर मृतक के पिता ने केस दर्ज कराया था। उसने बताया था कि 13 सितंबर को आरोपितों ने फोन करके बेटे को बुलाया और शराब पिलाकर उसकी हत्या कर दी। केस दर्ज कर आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राहुल आनंद ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र ग्राम पट्टन निवासी अभियुक्त रामकिशुन को दस साल के कठोर कारावास एवं 52 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी का कहना थे कि घटना 2 नवम्बर 2016 की दिन के करीब 9 बजे की है।

# जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान गायघाट खुर्द निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई। अरविंद ने 15 जून को वारदात की थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

## घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी, केस दर्ज

सरहरी। गुलरिहा क्षेत्र के एक घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी कर रहे युवक को परिजनों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। किशोरी के पिता ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात करीब एक बजे जब सभी लोग सो रहे थे तभी एक युवक घर में घुसकर उनकी 10 वर्षीय बेटी से छेड़खानी करने लगा। नींद खुलने पर वह चिल्लाई तो युवक भागने लगा। उसको दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। जंगल डुमरी नंबर दो सकलदीपपुर टोला निवासी रहमुद्दीन के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। संवाद

## दहेज के लिए घर से निकाला, केस दर्ज

सरदार नगर। भोपा बाजार की एक महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रिया सिंह ने आरोप लगाया कि तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी लखनऊ, चिनहट के विकल्प खंड निवासी यश राणा पुत्र राणा प्रताप सिंह से हुई थी। शादी में पिता ने 30 लाख नकदी और गहने दिए थे। कुछ दिनों के बाद बाद ससुर और परिवार के अन्य लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। दहेज के लिए जान से मारने की धमकी दी और उसके जेवर भी छीन लिए। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# ट्रैफिक व्यवस्था में हो दिक्कत तो हेल्पलाइन नंबर पर दें सूचना

गोरखपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सड़क सुरक्षा विषय पर यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की अपील की गई। यातायात नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। लोगों को यातायात हेल्पलाइन नंबर 8081208567 के बारे में भी बताया गया।

उधर, यातायात पुलिस की ओर से पैडलेगंज से देवरिया बाईपास तिराहा तक सिक्सलेन रोड पर बुधवार को सघन अभियान चलाया गया। इसमें अतिक्रमण हटवाने के साथ लोगों को चेतावनी दी गई। नो पार्किंग जोन में खड़े 27 वाहनों का पुलिस ने चालान किया। जबकि सात वाहनों को सीज किया गया। कार बाजार की कारों को सड़क से हटवाने के साथ पुलिस ने विधिक कार्रवाई की। शहर के भीतर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 510 वाहनों का चालान एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओ में करते हुए पुलिस ने जुर्माना वसूल किया। एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# छात्रा से छेड़खानी में दो शोहदे गिरफ्तार

सहजनवां। क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा को शोहदे प्रतिदिन आते-जाते छेड़ते थे। बुधवार को छात्रा ने छेड़छाड़ की सूचना पुलिस को दे दी। परिजनों के सहयोग से सहजनवां पुलिस ने दो शोहदों को पकड़ लिया, उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है।

**सहजनवां का मामला, पुलिस कर रही पूछताछ**

सहजनवां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी एक इंटरमीडिएट कालेज में कक्षा 12वीं की छात्रा है। छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने अपने घर पर पहले से यह जानकारी दी थी। बुधवार को छात्रा जब पढ़ने निकली तो उसका भाई भी साथ में निकला।

रास्ते में छात्रा को देखकर शोहदे फब्तियां कसने लगे, उसके भाई ने इसका विरोध किया। इससे नाराज शोहदे मारपीट करने लगे, तभी छात्रा ने डायल 112 पर सूचना दे दी। पीआरवी वहां पहुंची और मौके से शोहदों को पकड़ लिया। सहजनवां पुलिस का कहना है कि पूछताछ चल रही है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# आजाद हत्याकांड : फरार चल रहे मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर

## खोराबार निवासी आजाद की कुल्हाड़ी से मारकर विजय ने की थी हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खोराबार के सनहा में कुल्हाड़ी से हमला कर आजाद की हत्या कर शव नदी में फेंकने के आरोपी विजय निषाद ने बुधवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। इधर, जानकारी होने के बाद खोराबार पुलिस पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।



मुख्य आरोपी विजय निषाद।

जानकारी के अनुसार, 13 सितंबर की भोर में सनहा गांव के रहने वाले आजाद और उसकी प्रेमिका ज्योति रहस्यमय हालत में लापता हो गए। युवक के घर के पीछे खेत में दोनों की खून से सनी चप्पलें मिली थीं। घटना के बाद ज्योति के परिजन घर में ताला बंदकर फरार हो गए। तब युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। अगले दिन राप्ती नदी में आजाद का शव मिला।



युवक-युवती लापता हत्या की आशंका

14 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पुलिस ने आजाद की मां सोनमती देवी की तहरीर पर प्रेमिका ज्योति उसके चचेरे भाई विजय निषाद, दीपक निषाद, विजय की भाभी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया था। तलाश में जुटी पुलिस मंगलवार को युवक की प्रेमिका ज्योति व दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं मुख्य आरोपी विजय और उसकी भाभी का लोकेशन पूना में मिला था। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम वहां रवाना हुई थी।

# पांच लाख रुपये हड़पे, वापस मांगने पर ड्रग तस्करी का ऑफर

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केरल निवासी आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** नौकरी दिलाने के नाम पर एम्स क्षेत्र के बहरामपुर निवासी एक युवक से केरल के एक व्यक्ति ने पांच लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित का आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर उसने ड्रग्स की तस्करी में उसके साथ काम करने का प्रस्ताव दिया। पीड़ित की तहरीर पर एम्स पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बहरामपुर निवासी आशीष कुमार ने मंगलवार को एम्स थाने में धोखाधड़ी की तहरीर दी। आशीष के अनुसार, वह मध्य पूर्वी देशों में नौकरी की तलाश कर रहा था। इसी को लेकर उसकी बातचीत

### विदेश में नौकरी के नाम पर हड़पे थे रुपये, खुद को बताया था कंपनी का मालिक

केरल राज्य के कोझिकोड शहर के थिरुवन्नूर पन्नियांकरा निवासी सनीर अहमद पुलियाली से हुई। सनीर ने खुद को चंदन की लकड़ी के तेल की कंपनी का मालिक बताया था। उसने बताया कि उसकी केरल में कंपनी है और वह कई वर्ष से यह कारोबार कर रहा है। उसने भरोसा दिया कि वह उसे अच्छी नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए पांच लाख रुपये जमा करने होंगे।

आशीष ने नौकरी की उम्मीद में सनीर को पांच लाख रुपये दे दिए। कई महीने बीत जाने के बाद भी जब आशीष को नौकरी नहीं मिली तो उसने सनीर से बात की। आशीष के अनुसार, नौकरी की बात पर सनीर इधर-उधर टरकाने लगा। तब उसे कुछ गड़बड़ होने का शक हुआ।

जब उसने सनीर के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह कई लोगों के साथ नौकरी के नाम पर ठगी कर चुका है। तब उसने उससे अपने रुपये मांगने शुरू कर दिये। आशीष का आरोप है कि सनीर ने उसे रुपये के बदले अपने साथ ड्रग्स की तस्करी करने का ऑफर दिया। उसने कहा कि थोड़े ही दिनों में वह बहुत पैसा कमा लेगा। इस पर आशीष ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया और एम्स थाने में तहरीर दी।

## विवाद में महिला का सिर फोड़ा, केस दर्ज

गुलरिहा। मोगलहा शाहीपुरम कॉलोनी में मंगलवार को आपसी विवाद में आरोपियों ने महिला को मारने-पीटने के बाद घर में घुसकर तोड़फोड़ की। महिला का पिटाई से सिर फट गया। मोगलहा निवासी अंकिता देवी की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने गुजराती देवी, उसके बेटे व दो अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## ऑटो चालक को अगवा कर मारपीट

झंगहा। इटौवा पुल के पास कार सवार चार बदमाशों ने चौरीचौरा के वार्ड नंबर सात निवासी ऑटो चालक प्रिंस जायसवाल को पिस्टल सटाकर अगवा कर लिया। मारने पीटने के बाद उसे सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। झंगहा पुलिस तहरीर के आधार पर देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र निवासी विवेक यादव, राहुल यादव, सूरज मद्‌देशिया और रवि जायसवाल के विरुद्ध केस दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। पीड़ित प्रिंस जायसवाल ने झंगहा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 सितंबर को रेलवे स्टेशन से सवारी बुक करके झंगहा थाना क्षेत्र के नई बाजार होते हुए गावड़ौर चौराहे पर गया था। संवाद

## जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गायघाट खुर्द निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई। अरविंद ने 15 जून को वारदात की थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। संवाद

## हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। गोला पुलिस ने हत्या करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान गोला के बनकटा निवासी विक्की राय व मनीष कुमार राय के रूप में हुई। आरोपियों पर मृतक के पिता ने केस दर्ज कराया था। उसने बताया था कि 13 सितंबर को आरोपियों ने फोन करके बेटे को बुलाया और शराब पिलाकर उसकी हत्या कर दी। केस दर्ज कर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# घटना वाले दिन नोएडा और बिछिया में मिली दो आरोपियों की लोकेशन

## गंगेश ने खुद दुकान से ली थी कोल्ड ड्रिंक, पहचान नहीं पा रहा दुकानदार

**गंगेश हत्याकांड**

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गंगेश पांडेय हत्याकांड में उसकी विसरा जांच में जहर से मौत होने की पुष्टि के बाद एसआईटी को अबतक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है, जिससे घटना का पर्दाफाश हो सके।

परिजनों का दावा है कि गंगेश को कोल्ड ड्रिंक में जहर दिया गया था। जबकि पुलिस दावा कर रही है कि सी सी टी वी फुटेज में खुद ही गंगेश एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेते दिख रहा है। वहीं खोवा मंडी के दुकानदार का कहना है कि दुकान पर इतनी भीड़ होती है, मैं कैसे पहचान पाऊंगा कि किसने क्या-क्या सामान लिया। इन सब के बीच एसआईटी की चुनौती अब बढ़ती जा रही है।



**गंगेश** (फाइल फोटो)

कैंट थाने में इस मामले में दो अधिवक्ता समेत सात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें मोबाइल नंबरों की जांच में घटना वाले दिन दोनों अधिवक्ताओं की लोकेशन अलग-अलग बिछिया और नोएडा मिली है। साथ ही आरोपियों और अधिवक्ताओं के बीच कोई बातचीत का साक्ष्य भी पुलिस को नहीं मिला है, जिससे दोनों के बीच संबंध होने की बात स्वीकार की जा सके। यह साक्ष्य अधिवक्ताओं को क्लीन चीट तो नहीं देते हैं, लेकिन इससे उन्हें थोड़ी राहत जरूर मिली होगी।



कोल्ड ड्रिंक में जहर नहीं..फिर किसने दिया

गंगेश हत्याकांड

अमर उजाला ब्यूरो

एसआईटी जांच में खुला नया राज, खुद खरीदकर पी थी कोल्ड ड्रिंक

**18 सितंबर को प्रकाशित खबर।**

### *यह है मामला*

***महेवा** में रहने वाले गंगेश पांडेय के भाई योगेश दत्त की वर्ष 2017 में हत्या कर दी गई। इस मामले में वह मुख्य गवाह था। गवाही के सिलसिले में वह मई के पहले सप्ताह में दिल्ली से गोरखपुर आया। 11 मई की सुबह 10.30 बजे केस के संबंध में बात करने घर से निकला। एक घंटे बाद गोलघर में उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों की तहरीर पर 13 जून को इस मामले में आरोपियों पर केस दर्ज हुआ।*

### एक दुकान पर रखा था गंगेश का हेलमेट

**गंगेश** अधिवक्ता के ऑफिस में अपना हेलमेट भूल गया था, जिसे नीचे स्थित एक दुकान पर रखवाया गया था। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने के बाद पुलिस ने अगल-बगल की दो दुकानों पर पूछताछ की थी। एक दुकानदार का कहना था कि मेरी दुकान पर हेलमेट रखा, जिसे बाद में कोई ले गया था। वहीं बगल में स्थित दूसरी दुकान जहां से गंगेश ने कोल्ड ड्रिंक ली थी, उस दुकानदार का कहना है इतनी भीड़ होती है, ऐसे में एक-एक व्यक्ति को पहचान पाना बड़ा मुश्किल है। फिलहाल पुलिस की जांच में अभी तक खोवा मंडी में कोई संदिग्ध नहीं दिखा है। अब पुलिस गंगेश के घर से निकलने के बाद वह कहां-कहां गया इसकी जांच पड़ताल कर रही है।

# पशु तस्करों के मुखबिरों को पकड़ेगी पुलिस

गोरखपुर। शहर में रात के समय तांडव मचाने वाले पशु तस्करों को गोवंश की सूचना देने वाले मुखबिरों की पुलिस सूची तैयार कर रही है। एसपी सिटी के निर्देश पर पुलिस संदिग्धों को चिह्नित कर रही है और इनके खिलाफ सबूत जुटा रही है। इनके गो-तस्करों से कनेक्शन जानने के बाद उनकी कुंडली तैयार कर कार्रवाई करेगी।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 84 पशु तस्करों की सूची तैयार कराई है, जो जिले में आकर पशु तस्करी करते हैं। 84 में से 59 तस्कर आसपास के जिले के रहने वाले हैं। इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए गोरखपुर पुलिस की ओर से पत्र भेजा गया है। गोरखपुर के रहने वाले तस्करों की हिस्ट्रीशीट भी खोलना शुरू कर दिया गया है। अब तक जिले की पुलिस ने 30 पशु तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। वहीं, 160 पशु तस्करों के 36 गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है।

गो-तस्करों को जानवरों के होने की सूचना देने वालों की सूची तैयार की जा रही है। शहर पुलिस इनके मददगारों को चिह्नित कर रही है। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**अभिनव त्यागी, एसपी सिटी**

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# पशु तस्करों को पुलिस ने भेजा जेल

रुद्रपुर (एसएनबी)। मंगलवार को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एकौना रकहट पुल मार्ग पर रुद्रपुर के तरफ तेजी से आ रही ट्रक ने अनियंत्रित होकर पिकप में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक पर लदे लगभग दो दर्जन पशुओं को हिरासत में ले लिया था। वहीं दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने पशु तस्कर शोभित उपाध्याय पुत्र राजनरायण उपाध्याय ग्राम बीटी हरदीपुर जिला सुल्तानपुर, उस्मान ऊर्फ अमीर खान बकरेपुरवाँ, थाना पीलीग्राम जनपद हरदोई के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 164/24 धारा 3/5 गोवध निवारण अधिनियम 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3/25 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



# चन्दन के मोबाईल से खुलेगा का हत्या का राज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को सुबह अकटहिया ऊर्फ मटियरी गांव स्थित स्कूल के समीप खेत में खून से लथपथ अमौनी गांव निवासी चन्दन गौतम पुत्र घुरहू का शव मिला था। युवक को दोस्तों ने दावत पर बुलाया था। जो सोमवार की शाम अपनी मां से कहकर निकला था। देर रात घर नहीं पहुंचने पर घर वालों ने काफी तलाश किया। जहां उसका शव मंगलवार के सुबह मिला। इस मामले में पुलिस युवक के पिता के तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लोगों का कहना है कि चन्दन का मोबाईल ही हत्या का राज खोल सकता है। हत्यारों तक पहुंचने के लिये पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

# छोटी गंडक नदी में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**देवरिया(एसएनबी)।** महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर नगर पंचायत के मठिया टोला के 40 वर्षीय गिरीश गोंड बुधवार की दोपहर अपने एक साथी के साथ हेतिमपुर छोटी गंडक नदी में नहाने गए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने पुल के नीचे छलांग लगाई। गिरीश नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। नहाने गए उसके साथी बाहर निकल कर लोगों को गिरीश के डूबने की जानकारी दी। इसी बीच थोड़ी दूरी पर लोगों ने उसका शव उतराता हुआ देखा तो शोर मचाया। शव पूर्वी किनारे कुशीनगर जिले में था। मामला दो जिलों के बीच होने की वजह से महुआडीह और कुशीनगर की कसया पुलिस काफी जद्दोजहद में लगी रही। आखिरकार कसया कोतवाली पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शटरिंग का कार्य करता था। वह दो भाइयों में छोटा था। उधर मौत की जानकारी होते ही पत्नी इंद्रावती देवी, बेटा मनीष, बेटी राधिका व शीतल का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**देवरिया(एसएनबी)।** शहर के कसया ढाला के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मंगलवार की शाम को मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के भीखमपुर निवासी परमहंस यादव (58 वर्ष) पुत्र देवानन्द किसान थे। मंगलवार की शाम को कसया ढाले के समीप वह ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गयी।

# पिकअप वाहन से तीन गोवशींय पशु बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** बिहार ले जाए जा रहे पिकअप पर लदे तीन गोवंशीय पशुओं के साथ तीन तस्करों को बरियारपुर पुलिस ने धर दबोचा। इस मामले में पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए पकड़े गए तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना बरियारपुर के उनि. सत्यप्रकाश यादव अपने हमराहियों कां. नरेन्द्र कुमार, कां. अमित यादव, कां. राकेश यादव व कां. आलोक चौहान के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मधवापुर के पास से एक पिकप वाहन सं. यूपी 52 ए टी-3033 में लादकर बिहार ले जाए जा रहे तीन राशि गोवंशीय पशुओं के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता क्रमशः संजीवन कन्नौजिया पुत्र नथुनी कन्नौजिया निवासी नूनखार थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया, अवनीश पासवान पुत्र धर्मेन्द्र पासवान निवासी पकडीखास थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया तथा प्रमोद राम पुत्र छोटेलाल राम निवासी बसहा थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) बताया। पुलिस टीम ने बरामद वाहन व गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेकर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ. सं. 226/2024 ,धारा 3/5 ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधि. का अभियोग पंजीकृत करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



# पिता-पुत्र पर मारपीट व एससीएसटी केस

रामपुर कारखाना। चहारदीवारी तोड़ने का विरोध करने पर एक दलित युवक की पिता पुत्र ने मिलकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में मारपीट और एससी एसटी का केस दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के कौला छापर गांव निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में अब्दुल हई और कासिम पर मारपीट का आरोप लगाया था।

दिए तहरीर के मुताबिक 17 सितंबर की सुबह आरोपी अजय कुमार के घर पहुंचे और अपनी चहारदीवारी को तोड़ने के लिए कहने लगे। आरोपियों का कहना था कि चहारदीवारी के चलते उनका वाहन आसानी से घूम नहीं पता है। विरोध करने पर पिता पुत्र ने मिलकर जाति सूचक गालियां देते हुए अजय की जमकर पिटाई कर दी।

# किशोरी की मौत का मामला, नाबालिग को भेजा बाल सुधार गृह

मईल। नरसिंहडाड गांव निवासी गुड़िया राजभर की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने के दर्ज मुकदमे में पुलिस ने एक नाबालिग आरोपित को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

देवरिया के सरौरा गांव निवासी गुड़िया राजभर अपने ननिहाल मईल क्षेत्र के नरसिंहडाड गांव निवासी जयश्री राजभर के यहां बचपन से रहती थी। सोमवार के दिन गुड़िया का शव गांव से करीब डेढ़ किमी दूर पनिका गांव के पानी टँकी के समीप धन के खेत में मिला था। गुड़िया के मामा के तहरीर पर पुलिस ने एक अज्ञात मोबाइल नम्बर धारक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में मोबाइल नम्बर धारक नाबालिग को बाल सुधार गृह गोरखपुर भेज दिया।

उक्त संबंध में थानाध्यक्ष मईल अमित कुमार राय ने बताया कि इस मामले में दर्ज मुकदमे में आरोपित को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# पशुओं से लदे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। बैरियर तोड़ कर भाग रहे गोवंशीय पशुओं के साथ पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। जिसमें पुलिस ने दो पशु तश्करों को मौके से दबोच लिया। जबकि एक तश्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।

एकौना थाने की पुलिस मंगलवार की रात गोरखपुर जनपद की ओर से आने वाले रकहट मार्ग पर राप्ती नदी के पुल के पास चेकिंग कर रही थी। एक ट्रक आया जिस पर नीले रंग के प्लास्टिक का तिरपाल लगा हुआ था। ट्रक को पुलिस ने रोकने का इशारा किया, जिस पर चालक तेजी के साथ ट्रक चलाते हुए लोहे के बैरियर को तोड़कर भागने लगा। जिस पर पुलिस को सन्देह हो गया कि ट्रक पर कुछ अवैध सामान लदा हुआ है। पुलिस ने आगे ग्रामीणें के सहयोग से मार्ग को अवरुद्ध करके ट्रक को रोक दिया।



बुधवार को पकड़ गए पशु तश्करों को न्यायालय भेजती एकौना पुलिस।

लेकिन ट्रक के रुकते ही उसमें सवार एक आदमी बंधे की ओर भाग निकला। जबकि ट्रक चालक सहित दो लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। जिसमें एक ने अपना नाम शोभित उपाध्याय उर्फ सुशील पुत्र रामनारायण उपाध्यया, निवासी ग्राम खीरी थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर व दूसरे ने उस्मान उर्फ आमिर खान पुत्र सलीम निवासी भुडासात जनपद बरेली एवं वर्तमान पता बंजारे पुरवा थाना बिलग्राम जनपद हरदोई बताया। जबकि भागने वाले का नाम पंकज यादव निवासी ग्राम बड़ौना थाना सरपतहा जनपद जौनपुर बताए हैं। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरताअधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज की है। जिसमें शोभित उपाध्याय व उस्मान को पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा।

# ट्रक चालक ने डेढ़ लाख की अंग्रेजी शराब चोरी की

- आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर केस दर्ज
- उतारने के दौरान 27 पेटी शाराब कम मिली

देवरिया, निज संवाददाता। एक ट्रक चालक ने डेढ़ लाख की अंग्रेजी शराब चोरी कर लिया है। वह अलीगढ़ से एक ट्रक अंग्रेजी शराब लोड कर देवरिया आ रहा था। सोंदा स्थित शराब के थोक गोदाम पर उतारने के दौरान गिनती में 27 पेटी शराब कम मिला। सदर तहसील के आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

11 सितंबर को हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के अलाबलपुर निवासी वारिस पुत्र दिलशेर एक ट्रक अंग्रेजी शराब अलीगढ़ से देवरिया को लेकर चला। शराब को शहर के सोंदा स्थित एफएल-2 अनुज्ञापी रमेश जायसवाल के गोदाम में पहुंचाना था। चालक शराब लदा ट्रक लेकर 14 सितंबर को सोंदा स्थित गोदाम पर पहुंचा। ट्रक से उतारकर शराब की गिनती की गयी। इसमें 27 पेटी आफिसर्स च्वाइस ब्राण्ड की शराब कम पायी गयी। इसके बारे में ट्रक चालक वारिस से पूछताछ करने पर वह कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सका। ट्रक की जांच में देखा गया कि ट्रक पर शराब लोड के बाद जिस तिरपाल से उसे ढ़का गया था उसकी हाथ से सिलाई की गयी है। इससे साबित हुआ कि चालक द्वारा तिरपाल काटकर शराब की चोरी की गयी है। चोरी की घटना को छिपाने को उसने स्वयं सिलाई की है। पूछताछ में भी उसने बताया कि तिरपाल की सिलाई खुद उसने की है। इससे स्पष्ट हो गया कि 27 पेटी आफिसर्स च्वाइस टेट्रा पैक की उसके द्वारा चोरी की गयी है। जिसका बाजार मूल्य 1,55,520 रूपये है। इस मामले में सदर तहसील के आबकारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने धारा-303(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

घर में घुसकर चोरी करने के आरोप में दंपति को पीटने वाले पूर्व प्रधान को लेकर पुलिस सख्त

# दंपति को पीटने वाले पूर्व प्रधान पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे

## जांच

सुरौली(देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। दंपति को पीटने का आरोपी पूर्व प्रधान कमलेश यादव दबंग किस्म का है। वह दो बार अपने गांव का प्रधान रहा है। पहले से ही वह तीन मुकदमें में आरोपी है। पहला मामला 2008 में रूद्रपुर कोतवाली में दर्ज है। इस मामले एसीएसटी के मामले में वह आरोपी है। दूसरा मुकदमा महिला थाना में 2012 में दहेज प्रतिबंधित अधिनियम का है।

उसके खिलाफ तीसरा मुकदमा रूद्रपुर कोतवाली में मारपीट कर हाथ तोड़ने का है जो 2018 में दर्ज हुआ है। अब दंपति के साथ बेरहमी करने पर मंगलवार को उसके खिलाफ सुरौली थाने में वायरल वीडियो के आधार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है। इस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसके बेटे समेत कई अन्य फरार हैं। दंपति को पेड़ में बांध कर पीटने और लोहे से दागने का वीडियो वायरल होने के मामले ने तूल पकड़ा तो हड़कंप मच गया।

लोगों ने वीडियो को मानवाता को झकझोर देने वाला करार दिया। महिला की गलती बस इतनी थी कि वह मंदबुद्धि है और पड़ोस के गांव में किसी के घर खुले में रखी साड़ी पहन ली। बस इतनी से गलती पर मनबढ़ों ने रात में उसे बेरहमी से मारापीटा और साड़ी उतरवा ली।

आरोपियों का इससे भी मन नहीं भरा तो अगले दिन महिला व उसके पति को बहला-फुसला कर अपने गांव ले आए और पेड़ में बांध कर मारने-पीटने के साथ ही गर्म लोहे से दाग कर पूछताछ की। लोगों मे इसे तालीबानी सजा करार दिया। पति गुड्डू भी आरोपी कमलेश की मंशा को भांप नहीं पाया और पत्नी संजू को बाइक से लेकर परसा जंगल चला गया।

■ आरोपी बेटे और कई अन्य के साथ हुआ फरार, पुलिस दे रही दबिश
■ लोग वीडियो को मानवाता को झकझोर देने वाला बता रहे हैं

## चोर के शक में दिन में फेरी वाले, रात में पिट रहे प्रेमी

रामपुर कारखाना। चोरी की वारदात बढ़ने से ग्रामीण टोली बनाकर रत जग्गा कर रहे हैं। चोर होने की आशंका में दिन में फेरी वाले तो रात में गलियों में घूम रहे प्रेमियों की शामत बन आई है। चोर होने की अफवाह पर कहीं-कहीं दोनों की ग्रामीण पिटाई भी कर दे रहे हैं। जिले में छोटी-छोटी और बड़ी चोरियों की बाढ़ आई हुई है। हर एक या दो दिन के बाद किसी न किसी गांव में चोर के पहुंचने की अफवाह से ग्रामीण परेशान हैं। इसके चलते पुलिस महकमा परेशान है। वहीं ग्रामीणों ने चोरी से बचाव के लिए खुद ही मोर्चा संभाल लिया है। लगभग हर गांव में टोली बनाकर ग्रामीण लोगों को चोरी से बचाव के लिए जागरुक कर रहे हैं। दिन और रात में ग्रामीणों के चोरी से बचाव के लिए अलर्ट होने का खामियाजा दिन में फेरी वाले तो रात में प्रेमियों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले दूसरे प्रदेशों के लोगों को आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## फेरी वालों को गांव में घुसने नहीं दे रहे ग्रामीण

पहचान पत्र साथ रखने के बावजूद ग्रामीण उन्हें गांव में घुसने से मना कर रहे हैं। इसके चलते प्रवासी फेरी वाले अपने घरों को लौटने लगे हैं। इधर रात को घूमने वाले मजनू की भी कई गांव में पिटाई हो चुकी है। इसके चलते रात 8 :00 बजे के बाद ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही बिल्कुल कम हो चुकी है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने कहा कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। पुलिस की रात्रि गस्त लगातार जारी है।

# पुलिस ने तीन पशु तस्करों को दबोचा

बरियारपुर। बरियारपुर पुलिस ने मंगलवार शाम को तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया। तस्करों के पास से मिले एक पिकअप को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बरियारपुर थाने के उप निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव मंगलवार कोगश्त कर रहे थे। तभी मुखबिरों से सूचना मिली कि एक पिकअप में पशुओं को लादकर तस्कर बिहार ले जा रहे है।

# पुलिस ने किशोर प्रेमी को न्यायालय में किया पेश, भेजा गया बाल सुधार गृह

- मईल थाना क्षेत्र के पनिका में किशोरी का खेत से शव मिलने का मामला
- प्रेमी पर किशोरी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का दर्ज है मुकदमा

जासं. मईल: पनिका में पानी की टंकी के समीप से किशोरी के मिले शव के मामले में पुलिस ने प्रेमी बताए जा रहे किशोर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। उधर पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने में चोट लगने से किशोरी की हुई मौत की पुष्टि होने के बाद कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली के सरौरा गांव के एक व्यक्ति की बेटी नरसिंहाडाड़ में अपने ननिहाल में रहती थी। वह पनिका इंटर कालेज कक्षा 10 की छात्रा थी। ननिहाल में रहने वाले एक किशोर से उसकी बातचीत थी। किशोर भी उसी विद्यालय में कक्षा 11 का छात्र था। सोमवार की सुबह किशोरी का शव पनिका पानी की टंकी के समीप से बरामद किया गया था। मां ने किशोर के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मोबाइल फोन काल डिटेल में भी किशोर व किशोरी के बीच लंबी बात व चैट मिले हैं। पुलिस को किशोर ने बताया कि दोनों दो जाति के थे, इसलिए परिवार के लोग शादी करने के लिए राजी नहीं हो रहे थे। हम लोग शादी करना चाह रहे थे। थानाध्यक्ष अमित राय ने बताया कि किशोर के प्रति कुछ साक्ष्य मिले हैं। इसलिए उसे न्यायालय में पेश किया गया। कई बिंदुओं पर अभी जांच चल रही है।

**बेटे को पीटकर घायल करने व अपशब्द बोलने का आरोप:** खुखुंदू थाना क्षेत्र के शेरवा बभनौली के डुमरिया टोला की कांति देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि बेटा एक सप्ताह पहले विद्यालय पढ़ने गया था। कुछ लोगों ने अपशब्द बोलते हुए पिटाई की, जिससे वह घायल हो गया। दो दिन पहले भी बेटे को कुछ लोगों ने घेर कर अपशब्द बोला है।

# देश विरोधी नारे पर पांच लोग हिरासत में लिए गए

वनकटा : क्षेत्र के एक गांव में ईद मिलादुन्नबी की जुलूस के दौरान कुछ युवकों द्वारा देश विरोधी नारे लगाए जाने की शिकायत भाजपा नेताओं द्वारा किए जाने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। मामले में पांच लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि संबंधित गांव के अधिकांश युवक घर से फरार हो गए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही जेल भेज दिया जाएगा। (जासं)

# रिश्तेदारी में आए युवक ने युवती के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

जासं, रुद्रपुर, देवरिया : एकौना थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आए युवक ने युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गोरखपुर जनपद के गगहा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव के रहने वाले रमेश यादव की रिश्तेदारी एकौना थाना क्षेत्र के एक गांव में है। दो दिन पहले वह रिश्तेदारी में आया था। रात को वह घर में घुस गया और एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। युवती ने विरोध किया तो उसने पिटाई की और मुंह दबाकर दुष्कर्म किया।

# चहारदीवारी तोड़ने को लेकर पिता-पुत्र पर मुकदमा

जासं, रामपुर कारखाना : चहारदीवारी तोड़ने का विरोध करने पर दलित युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर कारखाना के कौलाछापर के अजय कुमार का आरोप है कि 17 सितंबर की सुबह छह बजे दरवाजे पर बैठे थे। उसी समय गांव के अब्दुलहई आए और चहारदीवारी तोड़ने के लिए दबाव बनाने लगे। बोले कि चार पहिया ले जाना है। विरोध करने पर अब्दुलई व उसका बेटा अपशब्द बोलने लगे और पिटाई किए।

# पुलिस ने घेराबंदी कर तीन पशु तस्करों को दबोचा

## मधवापुर पुल के पास की घेराबंदी, तीन पशुओं को मुक्त कराया, गोशाला भेजा

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बरियारपुर पुलिस ने मंगलवार शाम को तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कोर्ट में में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पिकअप को जब्त करते हुए उसमें मौजूद तीन पशुओं को मुक्त कराकर गोशाला भिजवाया।

बरियारपुर थाने के उप निरीक्षक सत्यप्रकाश यादव हमराहियों के साथ मंगलवार को गश्त पर

### पुलिस ने पिकअप किया सीज कोर्ट ने तस्करों को भेजा जेल

निकले थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक पिकअप में पशुओं को लादकर तस्करी के लिए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने मधवापुर पुल के पास टैक्टर-ट्रॉली लगाकर घेराबंदी की। कुछ देर में एक पिकअप आती दिखी। पुलिस की घेराबंदी देख भागने लगे, लेकिन सफल नहीं हो सके।

पुलिस ने उन्हें घेर कर पकड़ लिया। इसके बाद तीनों पशुओं को सुकरौली गोशाला भेज दिया। पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान खुखुंदू के नूनखार निवासी संजीवन कन्नौजिया पुत्र नथुनी कन्नौजिया, पकड़ी खास निवासी अवनीश पासवान पुत्र धर्मेंद्र पासवान और बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाने के बसहा गांव निवासी प्रमोद राम पुत्र छोटेलाल राम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, यहां से उन्हें जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से बरामद हुई पिकअप को पुलिस ने सीज कर दिया।

# चंदन हत्याकांड में मिला सुराग हिरासत में लिए गए पांच लोग

- रुद्रपुर कोतवाली के अकटहिया के समीप युवक की हत्या का मामला
- एसओजी ने खंगाला सीसी फुटेज कई के मोबाइल काल डिटेल को भी देखा

जासं, रुद्रपुर: कोतवाली क्षेत्र के अकटहिया में चंदन की हुई हत्या के मामले में पुलिस को देर शाम अहम सुराग हाथ लग गए। हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस लगभग सफल हो गई। अब घटना के पर्दाफाश के लिए कड़ी से कड़ी जोड़ रही है। जल्द ही इस घटना का पुलिस पर्दाफाश कर सकती है।

रुद्रपुर कोतवाली के अमौनी खास के 25 वर्षीय चंदन गौतम पुत्र घूरहू गौतम को महराजपुर गांव में अफरोज के यहां दावत खाने जाना था। सोमवार की रात वह घर से साढ़े सात बजे बाइक से निकले, लेकिन दावत में नहीं पहुंचे और उनकी अकटहिया के समीप हत्या कर दी गई। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस को अहम सुराग हाथ लग गए हैं। पुलिस प्रेम प्रसंग व कुछ दिन पहले हुए विवाद को घटना से जोड़ कर देख रही है। एसओजी दिन भर सीसी फुटेज खंगालती रही। इसके अलावा कई के मोबाइल फोन काल डिटेल को भी एसओजी ने अपने कब्जे में लिया है। घटना की रात चंदन के मोबाइल फोन से ममेरे भाई के मोबाइल फोन पर आए संदेश मेरी जान को खतरा है। दो हजार रुपये भेज दो, किन परिस्थितियों में उसने ऐसा मैसेज भेजा, इसकी भी पुलिस जांच कर रही है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि टीमें लगी हैं। कुछ सुराग हाथ लगे हैं।

## पिकअप से बिहार भेजे जा रहे तीन गोवंश बरामद

देवरिया: पिकअप से बिहार भेजे जा रहे तीन गोवंशों को पुलिस ने मधवापुर के समीप से बुधवार की सुबह बरामद किया। साथ ही तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने तस्करों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इनमें संजीवन कनौजिया निवासी नूनखार थाना खुखुंदू, अवनीश पासवान निवासी पकड़ी खास थाना खुखुंदू व प्रमोद राम निवासी बसहा थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार के रहने वाले हैं। (जासं)

## न्यायालय ने दो पशु तस्करों को भेजा जेल

एकौना: क्षेत्र के एकौना-रकहट पुल के समीप से गिरफ्तार किए गए दो तस्करों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। मंगलवार को पुलिस ने गश्त के दौरान ट्रक से 24 गोवंश बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर कोतवाली के बीड़ी के रहने वाले शोभित उपाध्याय व हरदोई जनपद के थाना बिलग्राम के गांव वप्पेपुरवा के रहने वाले उस्मान उर्फ अमीन खान को गिरफ्तार किया था। (जासं)

# चंदन हत्याकांड : मोबाइल तलाश रही पुलिस

रुद्रपुर। अकटहियां गांव के स्कूल के पास सिर कूच कर की गई अमौनी के युवक चंदन की निर्मम हत्या का पुलिस खुलासे के करीब पहुंच गई है। पुलिस हत्या के कारण के पीछे अवैध संबंध मान कर जांच कर रही है।

मुख्य अभियुक्त पुलिस की पकड़ में आ गया है। मृतक का मोबाइल अभी मिला नहीं है, पुलिस मोबाइल बरामद करने में लगी है। मुख्य हत्यारोपी अकटहियां गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। उसे चंदन का उसकी बीबी से नाजायज संबंध होने की आशंका थी। दोनों एक साथ पेंट पॉलिश का काम भी करते थे। घटना के दिन उसने चंदन

## हत्या का कारण अवैध संबंध मान रही पुलिस, जांच में जुटी

को एक दोस्त के यहां दावत में चलने के लिए बुलाया।

दोनों ने दावत में जाने से पहले पार्टी की। सूत्रों के अनुसार निर्जन स्थान पर ले जाकर उसके सिर को ईंट से कूच दिया। शव को घटना स्थल से कुछ दूर रख दिया। इस बाबत सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस घटना का अनावरण करने में लगी है। जल्द ही खुलासा हो जाएगा। टीम घटना के पर्दाफाश के करीब पहुंच गई है।

# लिफ्टरों ने शहर से उड़ाई आधा दर्जन बाइक, केस

देवरिया, निज संवाददाता। लिफ्टरों ने शहर से आधा दर्जन बाइक उड़ा लिया। अस्पताल में इलाज कराने, बाजार करते और विभिन्न काम करते समय सभी बाइकें चोरी हो गयी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

- अस्पताल में इलाज, बाजार करते और काम करते समय चोरी हुई बाइक
- कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज किया केस

बाइक लिफ्टरों ने लोगों की नाक में दम कर रखा है। वह आये दिन अस्तपाल, बाजार, रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थानों से बाइक चुरा रहे हैं। पुलिस बाइक चोरी पर न अंकुश लगा रही है और खुलासा ही कर रही है। लाक करने के बाद भी बाइक चोरी चली जा रही है। गौरी बाजार थाना क्षेत्र धतुरा बाजार निवासी जितेन्द्र यादव की बाइक 4 सितंबर को गरूलपार की गली में खड़ी कर पेंटिंग कार्य करने लगा। कुछ देर बाद बाहर जितेन्द्र बाहर आये तो उनकी गायब थी। शहर के गरूलपार निवासी राजू कुमार गुप्ता अपनी बाइक मुहल्ले के भाजपा कार्यालय के पास खड़ा किया था। जहां से 5 सितंबर को चोरी हो गया। आर्य समाज गली निवासी श्री प्रकाश वर्मा मुहल्ले में अपनी बाइक खड़ी कर लाक किये थे। जब दुकान से वापस बाइक के पास पहुंचे तो उनकी बाइक गायब थी। गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना के जलवलिया निवासी हारून अंसारी 4 सितंबर को बाइक से शहर में आये थे। वह न्यू कालोनी दीनदयाल पार्क के पास बाइक खड़ी व लाक कर चले गये। कुछ देर बाद वापस आये तो उनकी बाइक चोरी हो गयी थी। भटनी थाना क्षेत्र के रजवल निवासी युगेश कुमार यादव शहर के कसया रोड स्थित बुद्धा हास्पिटल व हार्ट केयर सेंटर पर 4 सितंबर को अपनी माता का इलाज कराने आये थे। वह बाइक खड़ी कर अंदर चले गये, शाम आठ बजे वापस निकले तो उनकी बाइक गायब थी। शहर के पिड़रा रामगुलाम टोला निवासी राजेश गुप्ता परसिया मिसकारी में किराये के मकान में रहते हैं। वह 20 अगस्त को मकान के पास बाइक खड़ा किये थे।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

## पडरौना कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

# चोरी के मोबाइल व रुपयों के साथ चार शातिर चोर किए गए गिरफ्तार

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे चोरी की मोबाइलें व नकद रुपये बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने चोरियों का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर पडरौना कोतवाली में पिछले चोरी का मुकदमा कायम किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु टीमें लगायी गयी थी। जिसके क्रम में कोतवाली पडरौना पुलिस ने बेतिया गांव के पास ठोढ़ी मोड़ से 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सलीम पुत्र छेदी उस्ताद निवासी मटियरवा थाना कोतवाली पडरौना, साहिद उर्फ याशिर खान पुत्र मुरैन खान निवासी जंगल खिरकिया, कोतवाली पडरौना, कलामू पुत्र मुस्तुफा अंसारी निवासी ग्राम सोहरौना थाना कोतवाली पडरौना व युनूस पुत्र हकिमुद्दीन अंसारी निवासी सोहरौना खिरकिया थाना कोतवाली पडरौना के रुप में हुई। उनके कब्जे से चोरी की मोबाइल व 600 रूपये नगद की बरामदगी की गयी। इनमें सलीम का आपराधिक इतिहास भी है। उस पर पहले से मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह का खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, दरोगा विमलेश यादव, हवलदार विजय कुमार सिंह, सिपाही सरवन कुमार यादव, विशाल सिंह, नीतू गुप्ता शामिल रहे।

## दिनदहाड़े संदूक तोड़ कर तीस हजार चुराए

कुबेरस्थान। स्थानीय थाने से दो सौ मीटर आगे कुबेरस्थान पडरौना मार्ग पर बड़गांव ब्रह्मस्थान के समीप बुधवार को सुबह करीब दस बजे चोरों ने घर के पीछे से घुसकर कमरे में रखे बक्से की कुंडी तोड़ डाली और करीब 30 हजार रुपए चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

क्षेत्र के बड़गांव निवासी मुरारी पटेल गांव के बाहर और थाने से दो सौ मीटर की दूरी पर कुबेरस्थान पडरौना मार्ग के किनारे अपनी जमीन में टिन शेड डालकर गाय पाले हुए हैं। दरवाजे के सामने एक छोटी सी गुमटी डालकर दुकान चलाते हैं। बुधवार को सुबह करीब दस बजे वह गांव में स्थित घर पर खाना खाने चले गए। इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए कुछ चोर पीछे के रास्ते उनके टिन शेड के कमरे में घुस गए और कमरे में रखे बक्से की कुंडी तोड़कर बक्से में रखे गए करीब 30 हजार रुपये चुराकर वहां से भाग निकले। खाना खाने के बाद जब मुरारी वहां पहुंचे और कमरे में घुसे तो बक्से की कुंडी टूटी हुई थी और उसमें रखे समान इधर उधर बिखरे पड़े थे।

# थानाध्यक्ष व लेखपाल ने सुलझाया 31 साल पुराना विवाद

**पडरौना, निज संवाददाता।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के पिपरा जटामपुर में वर्ष 1992 से चले आ रहे एक विवाद को थानाध्यक्ष एवं लेखपाल ने बुधवार को पहुंचकर हल करा दिया। यहां आबादी और भूमिधरी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

समाधान दिवस थाना कुबेरस्थान मे पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर के पत्र के परिप्रेक्ष्य में थानाध्यक्ष व लेखपाल ने कड़ी मशक्कत के बाद 31 वर्ष पुराने प्रकरण को मौके पर बिना किसी विवाद के ही हल करवा दिया है ' पडरौना के लेखपाल योगेंद्र गुप्ता ने बताया कि कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा जटामपुर में वर्ष 1992 से आबादी व उसके पीछे भूमिधरी की भूमि पर आनन्द कुमार व उनके पट्टीदार मोहन लाल के बीच कब्ज़ा को लेकर विवाद चल रहा था। तभी से इनके बीच गांव से लगायत थाना व तहसील के अधिकारियों की तरफ से कई बार हल करने का प्रयास किया गया, लेकिन पक्षकार नहीं माने। इस कारण विवाद हल नहीं हो पा रहा था। इनके बीच कई बार मारपीट भी हो चुकी है ' कुबेरस्थान के थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य व क्षेत्रीय लेखपाल योगेंद्र गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत डीआईजी गोरखपुर की ओर से पृष्ठांकित प्रार्थना पत्र के आधार पर गांव में पहुंचकर दोनों पक्षों को कड़ी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर आपसी रजामंदी से विवाद को हल करा दिया गया।

# बोलेरो से प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी, शातिर गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पडरौला कोतवाली की पुलिस ने बोलेरो से पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सिधुआ मिश्रौली मार्ग पर शैतान चौक तिराहे से बोलेरो में क्रूरतापूर्वक लादे गए दो प्रतिबंधित पशुओं को बरामद करने के साथ से एक शातिर पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। गाड़ी से पशु वध के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने में जुटी है।

एसपी संतोष मिश्र ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक एएसपी रितेश सिंह के नेतृत्व में टीमें लगायी थीं। बुधवार को कोतवाली पडरौना पुलिस सिधुआ मिश्रौली मार्ग पर शैतान चौक अण्डर पास तिराहे के पास गाड़ाबन्दी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बोलेरो वाहन पकड़ी गयी। इससे क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाये जा रहे 2 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया गया। इसके साथ ही लकड़ी का ठीहा, पशु काटने हेतु छोटे-बड़े औजार के साथ 01 शातिर पशु तस्कर महफूज पुत्र सलाउद्दीन निवासी बसहिया वनबीरपुर थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया गया। उस पर जिले में पशु तस्करी से संबंधित दो मुकदमे दर्ज हैं।

# रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की प्रशासन से मांग

**फाजिलनगर।** तमकुहीराज ब्लॉक के जोगिया सुमाली पट्टी के ग्राम प्रधान ने सीएम पोर्टल पर गांव के कुछ लोगों पर सार्वजनिक रास्ते को बन्द करने का आरोप लगाते हुए अतिक्रम हटाकर रास्ता साफ कराने की मांग की है।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

कुशीनगर। खड्डा पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मुकदमे वांछित अभियुक्त इरसाद पुत्र नियामत निवासी रामपुर गोनहां थाना खड्डा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अनिल कुमार सिंह, दरोगा चन्दन मौर्या व सिपाही राहुल कुमार शामिल रहे।

# पडरौना पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार

कुशीनगर। कोतवाली पडरौना पुलिस ने एक मुकदमे से सम्बन्धित वारण्टी रमेश पुत्र सिरजन निवासी सरदार पटेल नगर थाना कोतवाली पडरौना को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी रविकान्त सिंह व सिपाही विजय कुमार शामिल रहे।

पेशी पर मंगलवार को देवरिया जेल से आया था कसया दीवानी न्यायालय, पुलिस को धक्का देकर हुआ था फरार

# कचहरी से फरार बदमाश 12 घंटे के भीतर पुलिस मुठभेड़ में घायल

**कार्रवाई**

- पुलिसकर्मियों ने पांच घंटे तक किया पीछा, असलहा दिखाकर मागा
- 25 हजार का इनाम था घोषित, देर रात मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। कसया दीवानी न्यायालय में पेशी पर आया बदमाश मंगलवार को पुलिसकर्मियों को धक्का देकर कचहरी से फरार हो गया। 12 घंटे के भीतर मंगलवार की ही देर रात में पुलिस की उससे कुशीनगर में मुठभेड़ हुई, जिसमें पैर में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। जौनपुर जिले के मूल निवासी इस बदमाश पर कुशीनगर व जौनपुर जिले में चार मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि मंगलवार को देवरिया जेल से कसया दीवानी न्यायालय में पेशी पर आया शातिर बदमाश सुरक्षा में लगे दोनों पुलिसकर्मियों को धक्का देकर कचहरी से फरार हो गया था। एस



मुठभेड़ में घायल बदमाश को अस्पताल ले जाती पुलिस। • हिन्दुस्तान

सूचना पर फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए कसया, साइबर थाना, पडरौना कोतवाली व स्वाट की टीम गठित की गयी थी। बदमाश की गिरफ्तारी पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। उसकी तलाश में लगी संयुक्त टीम सोमवार की रात कुशीनगर में हिरण्यवती मोड़ के पास घेराबंदी कर चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान न्यायालय से फरार अभियुक्त आता दिखा। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वह कुछ दूर पहले से रुक गया। लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नीयत से फायर कर दिया।

जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की तो पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसकी कसया दीवानी न्यायाय से फरार देवाजीत उर्फ संजय यादव उर्फ राजा यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम डिहियां पोस्ट महुवारी थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर के रूप में हुई। पिछले कुछ दिनों से उसने अनिरुद्धवा थाना कसया जनपद कुशीनगर में अपना ठिकाना बना रखा था। उसके कब्जे से 315 बोर का नाजायज तमंचा, 3 जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद किया गया।

एसपी ने बताया देवाजीत उर्फ संजय यादव उर्फ राजा यादव पर कुशीनगर व जौनपुर जिले में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं। चोरी के मुकदमे गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया था। उसी मामले में उसे मंगलवार को पेशी पर न्यायालय लाया गया था। मुठभेड़ में शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कसया गिरजेश उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना मनोज कुमार पन्त, पडरौना कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह, कुशीनगर चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ला, दरोगा रुपेन्द्र पाल, गौरव श्रीवास्तव, स्वाट के हवलदार सनातन सिंह व सिपाही राहुल पाण्डेय शामिल रहे। एसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



मुठभेड़ में घायल शातिर बदमाश कान पकड़ कर बोला, अब नहीं करूंगा गलती।

## व्हीलचेयर पर बैठा आरोपी बोला अब नहीं करूंगा ऐसी गलती

कसया। मंगलवार को देवरिया जेल से कुल बीस पुरुष व दस महिला बंदियों को कसया के दीवानी न्यायालय में पेशी पर लाया गया था। पुलिस लाइन से बंदियों को कोर्ट परिसर तक पहुंचाने व वापस लाने के लिए हवलदार सत्येन्द्र यादव व सिपाही अरविंद यादव की ड्यूटी लगी थी।

दोनों पुलिसकर्मियो ने कुशीनगर के हाईवे चौकी इंचार्ज को दिए अपने बयान में दर्ज कराया था कि अभियुक्त देवाजीत उर्फ संजय यादव को सरकारी वाहन से अपनी अभिरक्षा में लेकर कोर्ट जा रहे थे। परिसर में टिनशेड के पीछे बने शौचालय के पास उसने धक्का देकर दोनों पुलिसकर्मियों से खुद को अलग किया और फरार हो गया। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा शुरू कर दिया। भीड़ की आड़ में बचकर निकल गया। पुलिसकर्मी उसका पीछा करते हुए नगर से बाहर हाईवे पर काफी देर तक लाश में जुटे रहे। पांच घंटे के बाद वह पकवा ईनार हाईवे के पास शराब की भट्ठी में देखा गया। पुलिस कर्मियों ने उसे घेर लिया मगर तब उसने कमर में असलहा खोंस रखा था। इस मामले में हाईवे चौकी इंचार्ज स्वतंत्र कुमार सिंह ने कसया थाने में फरार बदमाश व दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बदमाश से फरार होने की जानकारी मिलते ही एसपी संतोष मिश्र ने एएसपी रितेश सिंह, कसया सीओ कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर उसकी अविलंब गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

# पिटाई के मामले में चार पर केस

**पटहेरवा।** नाथापट्टी गांव के एक व्यक्ति ने चार लोगों पर मछली पकड़ने के लिए लगाए गए बांध तोड़ने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार व्यक्तियों के पर केस किया है।

नाथापट्टी गांव के बुनेश निषाद ने तहरीर में बताया है कि उन्होंने बदुरांव अकटही घाट पर मछली का व्यवसाय करने के लिए बरियार बांधा था। आरोप है गांव के ही उसके पूर्व सहयोगी नागेंद्र निषाद व रामा अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ 5 को पहुंचे और इनका बरियार व बांध तोड़ दिया।

# घर में घुसे युवक को पुलिस के हवाले किया

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की देर रात एक महिला के घर में गलत नीयत से घुसे एक युवक को पति ने पकड़कर पुलिस को सौंपा है। पुलिस युवक को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दो शादी की है। दोनों पत्नियां उसके आमने सामने स्थित घरों में रहती है। मंगलवार की देर रात्रि करीब 11.30 बजे गांव के ही एक युवक को उसने पहली पत्नी के घर में घुसते देख लिया। मौके पर पहुंच दोनों को रंगे हाथ पकड़कर शोर मचाया।

# सीएचसी के पास बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

रामकोला, हिन्दुस्तान संवाद। सीएचसी गेट से 100 मीटर पश्चिम सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को पीछे से आ रहे बाइकचालक ने ठोकर मार दी। मौके पर जुटे लोगों ने बुजुर्ग को रामकोला सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मरणासन्न अवस्था में जनपद मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज रेफ़र कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई।

हाटा क्षेत्र के किसी गांव के निवासी सुरेश पांडेय 22 वर्ष पूर्व घूमते हुए रामकोला थाना क्षेत्र के अहिरौली कुसम्ही गांव आए थे। यहां उन पर तरस खाकर जानकी कुशवाहा ने अपनी कुछ जमीन दे दी। उसी जमीन में झोपड़ी डालकर सुरेश पांडेय रहते रहे। बुधवार की शाम करीब 6 बजे 60 वर्षीय सुरेश रामकोला सीएचसी गेट से 100 मीटर पश्चिम रामकोला-कपतानगंज मार्ग पार कर रहे थे।

■ करीब 22 वर्षों से अहिरौली कुसम्ही में झोपड़ी डालकर रहते थे

उसी समय रामकोला से अपने गांव जा रहे परोरहा निवासी एक युवक ने जोरदार ठोकर मार दी। मौके पर गिरे गंभीर रूप से घायल सुरेश पांडेय को बाइकचालक व अन्य लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

तरयासुजान, हिन्दुस्तान संवाद। तरयासुजान थाना क्षेत्र के भुलिया बाजार में तीन दिन पूर्व दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में एक बाइक पर सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए थे। लखनऊ में इलाज के दौरान एक युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं दूसरे घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



रबे आलक (फाइल फोटो)

पिछले सोमवार की देर शाम को तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव बहिरा बारी निवासी रबे आलम पुत्र नसरूद्दीन व अलीजान पुत्र हजरत अली बाइक से तमकुहीराज से देर शाम घर लौट रहे थे। अभी वह भुलिया बाजार में बंगाली के घर के समीप पहुंचे थे कि दूसरे बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक रबे आलम व साथ में बैठे अलीजान के सिर में गम्भीर चोटें आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज पहुंचाया गया। वहां से डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर बताते हुये ज़िला अस्पताल और वहां से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर और बाद में लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उधर ठोकर मारने के बाद दूसरे बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

**इकलौता बेटा था रबे आलमः** रबे आलम अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें थीं, जिसमें एक बहन की पिछले साल गम्भीर बीमारी की चपेट में आने के कारण मौत हो गई थी। पिता नसरूद्दीन अंसारी परिवार का जीवकोपार्जन करने के लिए लुधियाना के एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी का कार्य करता है। परिवार की हालत दयनीय ठीक नहीं है। इकलौते बेटी की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## मार्ग दुर्घटना में एंबुलेंस चालक की मौत

कसया। थानाक्षेत्र में नेशनल हाइवे फोरलेन पर निकट एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पकड़ीहवा नहर के पुल से टकरा गई। जिससे एंबुलेंस चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। बिहार प्रांत के सुपौल जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र के परसा निवासी रनजीत चौधरी (24) पुत्र प्रकाश चौधरी एंबुलेंस लेकर गोरखपुर से वापस लौट रहा था। पकड़ीहवा नहर के पास चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ल ने बताया कि इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

# बोलेरो से दो गोवंश बरामद, तस्कर गिरफ्तार

- सिधुआ-मिश्रौली मार्ग पर शैतान चौक के पास पुलिस ने पकड़ा
- पकड़े गए तस्कर का पुराना आपराधिक इतिहास है

जागरण संवाददाता, पडरौनाः सदर कोतवाली पुलिस ने सिधुआ-मिश्रौली मार्ग पर शैतान चौक के पास बुधवार को बोलेरो से दो गोवंश बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान बोलेरो से लोहे का धारदार हथियार, लकड़ी का टुकड़ा और रस्सी आदि बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर की पहचान क्षेत्र के ही बसहिया बनवीरपुर के महफूज के रूप में हुई।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि पडरौना कोतवाली पुलिस सुबह सिधुआ-मिश्रौली मार्ग पर शैतान चौक के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पडरौना की ओर से एक बोलेरो बगल से निकले अंडरपास के रास्ते तेज गति से निकली। टीम ने रोककर वाहन की तलाशी ली तो बोलेरो में दो गोवंश, लोहे के पांच धारदार हथियार, लकड़ी का टुकड़ा और रस्सी आदि मिला। चालक की पहचान बसहिया बनवीरपुर निवासी के रूप में हुई।

उसने बताया कि वह अपने साथियों संग मिलकर इस धंधे को अंजाम देता है। जिसमें लग्जरी वाहनों को मोडीफाई कराकर शीशों पर काली फिल्म लगा दी जाती है। ताकि गोवंश की खेप आसानी से लाई जा सके।

एसपी ने बताया कि पकड़े गए तस्कर का आपराधिक इतिहास है। गिरोह के दूसरे सदस्यों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही वे गिरफ्त में होंगे। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय भी मौजूद रहे। टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, सिधुआ चौकी प्रभारी धीरेंद्र राय, दारोगा संदीप यादव, रविकांत सिंह आदि शामिल रहे।

# आइजीआरएस से जुड़ी शिकायतों के निदान में देरी पर होगी कार्रवाई : एसपी

## समीक्षा बैठक में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश



कार्यालय में आइजीआरएस समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी संतोष कुमार मिश्रा बाएं पहले ● सौ.पुलिस मीडिया सेल

जागरण संवाददाता,पडरौना: एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। आइजीआरएस व जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराएं।

वे पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को आयोजित आइजीआरएस समीक्षा बैठक में उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आइजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान ले और उसका समाधान करा तत्काल रिपोर्ट प्रेषित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई होगी। कहा कि थाने पहुंच रहे पीड़ितों की समस्या सुनकर निराकरण के लिए त्वरित कदम उठाएं। अगर मामला उच्चाधिकारी स्तर का है तो बिना देर लगाए इसे संज्ञान में लाएं, जिससे कि पीड़ित को त्वरित मदद पहुंचायी जा सके। नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करें, ताकि समाज में इसका सकारात्मक संदेश जाए। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराएं। शिकायतों का विवरण तैयार कर मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम को भी बताएं।

सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, सीओ आफिस व सभी थानों में आइजीआरएस सेल में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# युवक की संदिग्ध हाल में मौत, पुलिस कर रही जांच

कुशीनगर। पडरौना कोतवाली के जंगल खिरकिया में शैलेश मुसहर नामक 25 साल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पर बुधवार को पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीमए रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई तो बिसरा प्रीजर्व किया गया है। इसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

# चोरी का मोबाइल बरामद, चार गिरफ्तार

पडरौना: एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सदर कोतवाली के बेतिया गांव के पास पुलिस टीम ने बुधवार सुबह संदिग्ध हाल में दिखे चार युवकों को रोक तलाशी ली तो एक के पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। बरामद मोबाइल बीते दिनों नगर क्षेत्र से ही चोरी हुआ था। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आज चार युवकों को पकड़ तलाशी ली तो एक के पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में चारों की पहचान सलीम निवासी मटियरवा, शाहिद उर्फ याशिर निवासी जंगल खिरकिया, कलामू निवासी सोहरौना व युनूस निवासी सोहरौना खिरकिया थाना पडरौना के रूप में हुई।

# कोर्ट से फरार इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

- मंगलवार शाम को कसया न्यायालय से फरार हो गया था देवाजीत उर्फ राजा यादव
- गोरखपुर-कसया हाइवे पर हिरण्या मोड़ के पास पुलिस से सामना होने पर कर दी फायरिंग

जागरण संवाददाता, पडरौना: पुलिस की संयुक्त टीम व कोर्ट परिसर से फरार बदमाश मंगलवार आधी रात को कसया क्षेत्र के हिरण्या मोड़ के पास मुठभेड़ में घायल हो गया। उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला। उसकी पहचान देवाजीत उर्फ संजय उर्फ राजा यादव निवासी डिहिया थाना मछली शहर जिला जौनपुर व हाल मुकाम अनिरुद्धवा थाना कसया के रूप में हुई। जनपद पुलिस की ओर से उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। यह चोरी के मुकदमे में जेल में निरुद्ध था। मंगलवार को पेशी पर आए कसया न्यायालय परिसर से यह फरार हो गया था। टीम को नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने अपने कार्यालय में बताया कि देवाजीत मंगलवार शाम को पेशी के दौरान कसया न्यायालय परिसर से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। उसकी तलाश में कसया, साइबर थाने के साथ पडरौना कोतवाली पुलिस को लगाया गया। फरारी के बाद ये अपने अस्थायी निवास अनिरुद्धवा गया और वहां से कुछ ही देर में निकल गया। उसकी तलाश में जगह-जगह जांच शुरू कर दी गई।



मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपित के बारे में बताते एसपी संतोष कुमार मिश्रा (बीच में) ● जागरण

रात करीब 11 बजे कसया के हिरण्या मोड़ के पास फोरलेन पर युवक को तेजी से पैदल हाटा की ओर जाते देख टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वह बगल से गुजरी नहर के रास्ते भागते हुए टीम पर फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में दाए पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान न्यायालय से फरार बंदी के रूप में हुई। उसके पास से एक तमंचा, तीन कारतूस तथा मौके से दो खोखा मिला।

एसपी ने बताया कि उसका आपराधिक इतिहास है। जिले के अलग-अलग थानों में उसके विरुद्ध चार मुकदमे पंजीकृत हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह भी मौजूद रहे। टीम में एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय, साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक पडरौना कोतवाली आशुतोष सिंह, दारोगा गौरव शुक्ला, रूपेंद्र पाल, गौरव श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मुसहर की मृत्यु, हत्या का आरोप

- अंतिम संस्कार से स्वजन ने किया इन्कार, दरवाजे पर शव रख कार्रवाई की मांग
- पुलिस बोली, आरोपों की होगी जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या जैसा कारण नहीं

जासं, मंसाछापर : पड़रौना कोतवाली के खिरकिया मुसहर बस्ती में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में एक मुसहर की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बुधवार को देर शाम जब शव घर आया तो स्वजन गांव के एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगा कार्रवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार से इन्कार कर दिए। शव को दरवाजे पर रख मांग पर अड़े हैं। पुलिस के मान मनौव्वल के बाद भी नहीं माने।

स्वजन के अनुसार 25 वर्षीय शैलेश मुसहर अपने घर के सामने सड़क किनारे सोए थे। सुबह स्वजन उठे तो देखे कि उनकी मृत्यु हो गयी थी। बुधवार की सायं सात बजे पोस्टमार्टम के बाद शव जब घर आया तो अंतिम संस्कार करने से मना कर दिए। उनका आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने रंजिशन शैलेश की हत्या की है। माता फुलवा देवी ने कहा कि जब तक मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं होगी, हम शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पुलिस प्रशासन को हमारी बात सुननी चाहिए।

कोतवाली प्रभारी पडरौना आशुतोष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम में हत्या करने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। स्वजन का आरोप है तो उसकी भी जांच आवश्यक की जाएगी।

# रास्ता के विवाद को लेकर मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मंसाछापर : पडरौना कोतवाली के धौरहरा गांव में रास्ता के विवाद को लेकर बुधवार को हुई मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। मामले में दूसरे पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। धौरहरा के इद्रीश खां व गुलाब के बीच रास्ता को लेकर विवाद चलता है। तहरीर के मुताबिक इद्रीश की पत्नी हसनतारा घर जा रही थी, उसी दौरान गुलाब, साबरा, नसीमा व शाहजहां घेर कर उन्हें पीटने लगे। बीच-बचाव करने गए इद्रीश को भी पीटकर घायल कर दिए। घायल हसनतारा को उपचार के बाद विशुनपुरा सीएचसी के चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उनका उपचार चल रहा है।

## दुष्कर्म के मामले का वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** खड्डा थाने की पुलिस ने दुष्कर्म आदि के मामले में वांछित चल रहे आरोपी इरसाद निवासी रामपुर गोनहा थाना खड्डा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अनिल कुमार सिंह, एसआई चंदन मौर्य, कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे। संवाद

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

पडरौना। पडरौना कोतवाली पुलिस ने वारंटी अभियुक्त रमेश निवासी सरदार पटेल नगर को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई रविकांत सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार शामिल रहे। संवाद

# पुलिस ने चोरी के मामले का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। पडरौना कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का मोबाइल और 600 रुपये भी बरामद किए गए। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने चारों को जेल भिजवा दिया।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पडरौना क्षेत्र में लगातार चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। चोरी के मामले में केस दर्ज कराने के बाद गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी।

बुधवार को कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर बेतिया गांव के पास ठोढ़ी मोड़ से शातिर चोर सलीम निवासी मटियरवा, साहिद उर्फ याशिर खान निवासी जंगल खिरकिया, कलामू व यूनुस अंसारी निवासी सोहरौना खिरकिया को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि यह सभी अपने साथियों के साथ मिलकर भौतिक लाभ के लिए लोगों की मोबाइल व रुपये की चोरी करते हैं।

## पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बेतिया गांव के ठोढ़ी मोड़ से पुलिस ने चारों को दबोचा

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी किए गए मोबाइल फोन को बेचकर उससे हासिल रुपये को आपस में बांट लेते हैं। इसमें सलीम के ऊपर पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ आशुतोष कुमार सिंह, एसआई विमलेश यादव, हेड कांस्टेबल विजय कुमार सिंह, कांस्टेबल सरवन कुमार, विशाल कुमार, कमलेश यादव, महिला कांस्टेबल नीतू गुप्ता शामिल रहे।

# पेशी पर आया बदमाश भागा, मुठभेड़ में गिरफ्तार

## देवरिया जेल से कसया न्यायालय में पेशी पर आया था बदमाश, लापरवाही के आरोप में सुरक्षा में तैनात दो सिपाहियों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कोर्ट से सिपाहियों को धक्का देकर भागने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में कुछ घंटे बाद दबोच लिया गया। पैर में गोली लगने से बदमाश जख्मी हो गया। उसका इलाज सीएचसी में कराया गया।

ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले दोनों सिपाहियों पर भी कसया थाने में केस दर्ज कराया गया है। जौनपुर का रहने वाला बदमाश कसया नगर के अनिरुद्धवा में अपनी प्रेमिका के घर रहता था और चोरी के केस में जेल गया था।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जौनपुर जिले के मछली शहर थाना क्षेत्र के डिहिया गांव निवासी देवाजीत उर्फ संजय यादव उर्फ राजा यादव कसया थाना क्षेत्र के अनिरुद्धवा मोहल्ले में अपने प्रेमिका के साथ रहता था। उसने कसया नगर के गोला बाजार में मोबाइल की दुकान से मोबाइल और लैपटाप की चोरी की थी।





माफी मांगते आरोपी को लेकर जाती पुलिस और घटना स्थल पर गोली के चिह्न। स्रोत-सोशल मीडिया

इस मामले में पुलिस ने देवाजीत को गिरफ्तार कर छह जून 2024 को कोर्ट में पेश किया था, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था।

मंगलवार को कसया कोर्ट में आरोपी की पेशी थी। एक वाहन से कड़ी सुरक्षा के बीच बंदी पडरौना और कसया कोर्ट में लाए गए थे। कुशीनगर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सत्येंद्र यादव और अरविंद यादव देवाजीत को लेकर कसया कोर्ट में मौजूद थे। सिपाहियों को धक्का देकर आरोपी देवाजीत फरार हो गया।

इसकी खबर मिलते ही चारों तरफ से पुलिस ने घेराबंदी कर दी। हाईवे पर पकवा इनार के समीप शराब की दुकान पर फरार आरोपी पुलिस को दिखा, लेकिन वहां से चकमा देकर भाग निकला।

मंगलवार की देर रात कसया, पडरौना पुलिस और साइबर सेल की टीम हिरन्नापुर के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान देवाजीत आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। खुद का बचाव करते हुए पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश देवाजीत के पैर में गोली लग गई। उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने इसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया।

एसपी ने बताया कि कोर्ट परिसर से बदमाश के फरार होने में उसकी सुरक्षा में तैनात दोनों सिपाहियों की लापरवाही सामने आई है। हाईवे चौकी इंचार्ज स्वतंत्र कुमार सिंह की तहरीर पर दोनों सिपाहियों और बदमाश के खिलाफ कसया पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ मछली शहर थाने में दो केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी अपनी प्रेमिका के घर नाम व पता छिपाकर रहता था और चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।

### जेल जाने से पहले व्हीलचेयर पर गिड़गिड़ा रहे बदमाश

एसपी संतोष कुमार मिश्रा के कार्यकाल में हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश या छात्राओं के साथ छेड़खानी करते दबोचे गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भिजवाया है। इन मामलों में पुलिस की ओर से जारी वीडियो में पुलिस लाइन में व्हील चेयर पर आरोपी कान पकड़कर गिड़गिड़ाते नजर आ रहे हैं। आम लोगों में इस नए ट्रेंड की चर्चा जोरों पर है।

### जौनपुर जिले के बदमाश पर पुलिस ने 25 हजार का घोषित किया था इनाम

# बाइक पर तीन पेटी शराब लेकर बिहार जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**तरयासुजान।** तरयासुजान पुलिस ने बाइक से प्लास्टिक के बोरे में भर कर बिहार ले जाई जा रही तीन पेटी शराब को बरामद किया है। पुलिस ने मौके से शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। एसएचओ राजप्रकाश सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देख एक बाइक सवार वहां से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया और बाइक की तलाशी ली। इस दौरान तीन पेटी देसी शराब को बरामद किया गया। पकड़े गए तस्कर की पहचान सुजीत कुमार (20) निवासी बड़हरा थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। मामले में बाइक को सीज कर तस्कर के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप, दो पर केस

तरयासुजान। तरयासुजान थाना क्षेत्र के बाकखास गांव निवासी दिनेश गोंड ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पुरानी रंजिश में गांव के ही रिकेश यादव और रंभू यादव उन्हें व उनकी पत्नी को अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि जाते समय उन लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# देशी शराब संग पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि चौकी प्रभारी मिठौरा दिलीप कुमार ने हमराही कन्हैया वर्मा के साथ एक मामले की जांच के दौरान एक शख्स को पंद्रह ट्रेटा पैक की पाउच अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा। आरोपी अजय कुमार के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया गया।

# किसान का मोटर चोरी, पुलिस से की शिकायत

**लक्ष्मीपुर।** कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल गुलरिहा निवासी विधिभूषण चौबे का मोटर पंप मंगलवार की रात चोरी हो गया है। तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि उसकी फसल पानी के अभाव में सूख रही थी। इसे लेकर उसने घर के सौ मीटर के बगल वाले खेत में मोटर पंप सिंचाई के लिए लगाया था। जब रात बिजली आई तो मोटर का स्विच आन करने पहुंचा, लेकिन उस जगह से मोटर पंप गायब था। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र राय ने बताया मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शाम ढलते ही अराजकतत्वों का लगता है जमावड़ा

जासं, फुलमनहाः नगर पंचायत बृजमनगंज क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शाम ढलते ही अराजकतत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। जो बिना रोक टोक देर रात तक चलता रहता है। बृजमनगंज के वार्ड नंबर 12 शहीद स्मारक नगर स्थित शिवालय तालाब, वार्ड नंबर सात स्वतंत्रता सेनानी नगर स्थित रामलीला पार्क, वार्ड नंबर नौ पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में ठाकुरद्वारा परिसर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, वार्ड नंबर 14 स्थित राजकीय बाग पार्क सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर इन दिनों शाम ढलते ही अराजकतत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है जहां पर देर रात तक नशे के सेवन करने वाले लोग जमे रहते है। रामलीला पार्क में अराजकतत्व द्वारा रात में लगे हाईमास्ट लाइट को बंद कर दिया जाता है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर दो सप्ताह पूर्व पुलिस ने पहुंच कर पार्क में मौजूद लोगों को चेतवानी दे कर छोड़ भी दिया। इसके बावजूद अराजकतत्वों का जमावड़ा लगना बंद नहीं हो रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर अराजकतत्वों के जमावड़ा लगने से स्थानीय लोगों सहित राहगीरों को भी समस्या का सामना करना पड़ता है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर छापेमारी कर अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी को अगवा करने पर मुकदमा

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक किशोरी को परसामलिक थाना क्षेत्र के गांव का रहने वाला एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर बुधवार को पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के जरिए आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की देर रात करीबी 11 बजे उसकी नाबालिक पुत्री को परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं चल सका है।

# घूस लेते वायरल वीडियो के मामले में मुकदमा दर्ज

## फरेंदा तहसील

**फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद।** फरेंदा तहसील के एक न्यायालय में एक फाइल निस्तारण का जिम्मा लेकर एक पक्षकार से बीते 13 सितंबर को प्राइवेट कर्मचारी के घूस लेने का वीडियो वायरल हुआ था। इससे तहसील में हड़कंप मच गया था। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। लेकिन वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर इस मामले में केस दर्ज कराया गया है।

इस संबंध में नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल ने बताया कि जिस व्यक्ति का वीडियो वायरल हुआ है, वह उनके यहां का कर्मचारी नहीं है। किसी अधिवक्ता का मुंशी है।

कहा कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश पर राजस्व निरीक्षक आशा प्रसाद ने पैसा लेने वाले व्यक्ति की पुष्टि होने पर भरत निवासी फरेन्दा खुर्द के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 131, 152 व 151 (3) के तहत केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बैदौली में हुई मारपीट चार पर मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के ग्राम बैदौली में अरुई की पत्ती पर दवा छिड़कने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।पीड़ित पक्ष की महिला की तहरीर पर चार लोगों पर केस दर्ज हुआ है।

ग्राम बैदौली निवासिनी मुटुरा देवी ने बताया है कि अरुई की पत्ती में दवा छिड़कने की बात को लेकर उसके पड़ोस के एक परिवार के लोगों ने एक राय होकर उसे और उसकी बहन को गाली देते हुए लाठी डंडा से मारा पीटा। इसका विरोध करने पर इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने जगदीश, पूर्णवासी, सचिन और एक महिला पर केस दर्ज हुआ है।

# दो जगहों से तस्करी का सामान हुआ बरामद

**खनुआ।** एसएसबी के जवानों ने भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 517/2 के पास से भारत से नेपाल जाते समय तस्करी का सामान बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया।

एसएसबी कम्पनी कमांडर सैफवान ने बताया कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग तस्करी का सामान नेपाल लेकर जाने की फिराक में थे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। सामानों की तलाशी ली गई तो ब्रान 3-बैग कुल 150 किलोग्राम, ब्रान 3, चावल प्रति बैग 50 किलोग्राम कुल 150 किलोग्राम, काजू 25 किलोग्राम, बिस्कुट 4 पैकेट, 2 साइकिल बरामद हुआ। कुछ देर बाद फिर कुछ लोग सामान लेकर नेपाल जाने की फिराक में दिखे और जवानों को देखते ही सामान छोड़कर भागने लगे। जवानों ने दौड़ाया तो एक आरोपी पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम इक बहादुर निवासी पोखरा नेपाल बताया। सामानों की तलाशी ली गई तो लेडीज शूट 680 पीस, लेडीज सैंडल 26 जोड़े, लेडीज पर्स 2 पीस आदि सामान बरामद हुआ।

# बातचीत से मना किया तो दी धमकी, केस दर्ज

**पनियरा।** पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एक युवक को बातचीत करने से मना किया तो उसने अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दे दी। महिला ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार युवक उसके ननद का लड़का है। वह आये दिन उसे बातचीत कर परेशान करता था। इससे तंग आकर उसने उसे मना किया तो घर पर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

# हत्याकांड की उलझी गुत्थी सुलझाने में जुटी है पुलिस

**प्रद्युम्न हत्याकांड**

■ जंगल में जिस स्थान पर मिला था शव, वहां होती रहती है झाड़फूंक

**चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** दक्षिणी चौक रेंज के जंगल में तीन दिन पहले सोमवार को मिले 19 वर्षीय युवक के शव के मामले में मौत की गुत्थी उलझती जा रही है, जिसे सुलझाने के लिए पुलिस की कई टीम एएसपी के पर्यवेक्षण में जुटी है।

अभी तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुरानी रंजिश, प्रेम-प्रसंग समेत कई बिन्दुओं पर जांच जारी है लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल रहा है। जिस जगह युवक का शव मिला था, वहां झाड़फूंक भी होता रहता है। जंगल क्षेत्र में शव मिला था, इसलिए जांच में जुटे अधिकारी इस सवाल का भी जवाब ढूंढ रहे हैं कि कहीं किसी हिंसक वन्यजीव के हमले से युवक की मौत का तार तो नहीं जुड़ रहा है। जांच में जुटे अधिकारियों का कहना है कि मामला ब्लाइंड केस का है। इसलिए ठोस प्रमाण की तलाश जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट रूप से बताया जा सकेगा कि प्रद्युम्न की मौत का राज क्या है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा कृतपिपरा निवासी प्रद्युम्न (19) रविवार की शाम को अपनी मां व चाचा के साथ रिश्तेदारी में चौक थाना क्षेत्र के खोस्टा टोला मुरहिया आया था। वहां एक दिन पहले बरही का कार्यक्रम था। सोमवार की सुबह उसका शव गांव के पश्चिम वन विभाग के कोठी से करीब तीन सौ मीटर जंगल में मिला। पुलिस पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है, पर तीन दिन बाद भी प्रद्युम्न के मौत की गुत्थी उलझी है।

## छह भाइयों में तीसरा था प्रद्युम्न, नहीं हुई थी शादी

प्रद्युम्न अपने छह भाईयों में तीसरे नंबर का था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। परिजनों ने पुरानी रंजिश के किसी भी मामले से अनभिज्ञता जता रहे हैं। किसी पर अंदेशा नहीं है, लेकिन गले पर जख्म के निशान देख हत्या की आशंका जताए हैं। पुलिस इस मामले में कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पहली बार शव देखने वालों का बयान लिया जा चुका है। प्रद्युम्न सोमवार की सुबह घर से शौच के लिए निकला था। जिस जगह उसका शव मिला, वहां जंगल की मुख्य सड़क है। जंगल घना भी नहीं है। गांव से महज पांच सौ मीटर दूर है। ऐसे में मौत की वजह क्या है, इसको लेकर आसपास के लोग भी हैरान है। सभी की निगाह पुलिस की जांच पर टिकी है।

> प्रद्युम्न की मौत के मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। ब्लाइंड मर्डर केस का मामला है। कई बिन्दुओं पर जांच चल रही है। पुख्ता सुराग मिलने के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। **–राहुल शुक्ला,**
> प्रभारी निरीक्षक चौक बाजार

# पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

महराजगंज : पैदल गश्त अभियान के तहत सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों ने अपने क्षेत्रों में दुकानदारों, व्यापारियों तथा आमजन से सम्पर्क स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी। बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों व अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों आदि के सुरक्षार्थ सघन चेकिंग अभियान चलाकर आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की जांच की। एसपी ने बताया लोगों से प्रमुख चौराहों, सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। (जासं)

# मिशन शक्ति अभियान के तहत किया गया जागरूक

महराजगंज : मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर के सक्सेना चौक सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं, महिलाओं में सशक्तीकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। (जासं)

# शादी का झांसा देकर पांच साल से करता रहा दुष्कर्म

जागरण संवाददाता, कोल्हुई: कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिक बालिका के साथ एक युवक बहला फुसला कर पांच साल से दुष्कर्म करता रहा।

पुलिस ने मामले में आरोपित को गिरफ्तार न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

युवती ने थाने में तहरीर देकर युवक पर आरोप लगाया है। उसने बताया कि जब वह नाबालिग थी, तभी से युवक उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। बालिग होने पर शादी करने का वादा किया था। अब जब शादी के लिए वह कह रही है, तो आनाकानी कर रहा है।

थानाध्यक्ष सतेंद्र राय ने बताया कि आरोपित फजलुर्रहमान के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# बिना अनुमति भेंड़ लड़ाई मेले का आयोजन पुलिस ने रोका

जागरण संवाददाता, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदी डाली गांव में बुधवार को भेड़ की लड़ाई के परिपेक्ष में बुधवार को मेला लगाने के एक प्रयोजन को पुलिस ने रोक दिया। मेला बिना प्रशासनिक अनुमति के लगाया गया था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

दोपहर के बाद ग्राम प्रधान गोपाल नारायण चौधरी के व्यवसायी भवन के समक्ष भारत -नेपाल क्षेत्र करीब 100 से अधिक लोग अपनी भेड़ों को लेकर आ जुटे। फिर यह बात प्रसारित की गई कि भेड़ लड़ाई का मेला लगा है। जिस पर स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में जुट गए। अज्ञात मेला आयोजकों ने ग्राम प्रधान से प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता भी कटवा दिया। लेकिन जब ग्राम प्रधान ने अचानक लगे मेले के बावत आयोजकों से प्रशासनिक अनुमति के बावत सवाल पूछे तो आयोजकों ने यह कहा कि कोई अनुमति नहीं ली गई है। मेला आयोजन में बढ़ती भीड़ व नोंकझोंक को देख गश्त पर निकली खनुआ चौकी पुलिस ने मौके से लगे मेले को बंद कराते हुए 14 भेड़ मालिकों को हिरासत में लिया। जिन्होंने पूछताछ में बताया कि उन्हें भारतीय क्षेत्र के कुछ लोगों ने भेड़ लड़ाई की प्रतियोगिता में बुलाया था। पुलिस ने ग्राम प्रधान से भी पूछताछ की। खनुआ चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बिना प्रशासनिक अनुमति के भेड़ लड़ाई मेला आयोजत को बंद करा दिया गया है।

# वाहन चालक को पीटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित

जागरण संवाददाता, नौतनवा : कस्बे के स्टेशन चौराहा के निकट मंगलवार की रात नौ बजे एक डीसीएम चालक को कुछ युवकों द्वारा किराने की दुकान से बाहर खींचकर बुरी तरह मारा-पीटा गया। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के गांधीनगर वर्ग निवासी योगेंद्र मद्धेशिया डीसीएम चलाते हैं। कुछ दिनों पूर्व बनारस के लिए एक भाड़ा मिलने पर वह साढ़े नौ हजार में अपना वाहन लेकर चले गए थे। बताया जा रहा है कि उनके साथ विवाद करने वाले दूसरे वाहन चालक ने वह भाड़ा 12 हजार रुपये में तय किया था। इस बीच उक्त चालक योगेंद्र पर काफी आक्रोशित था। मंगलवार की रात नौ बजे स्टेशन चौराहे के निकट एक किराने की दुकान पर चालक योगेंद्र मद्धेशिया कुछ सामान लेते उसे दिख गया। वह अपने कुछ साथियों के साथ तत्काल दुकान पर पहुंचा और उसे बाहर सड़क पर खींच लाया। इसके बाद सड़क पर गिराकर उसकी लात-घूंसों से बुरी तरह पिटाई कर दी और सभी युवक मौके से फरार हो गए। पूरे घटनाक्रम का वीडियो दुकान में लगी सीसीटीवी में कैद हो गया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चालक योगेंद्र मद्धेशिया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 239 वाहनों का चालान

महराजगंज : जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 239 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 239 वाहनों का चालान किया गया।

# चोरी की आशंका में दौड़ते रहे चार गांवों के लोग, लोगों ने एक को पकड़ा



आरोपियों की तलाश में जुटे ग्रामीण। स्रोत-वीडियो ग्रैब

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के अमवा पुरैना गांव के बीच सिवान में कथित चोरों को पकड़ने के लिए चार गांवों के लोग घंटों परेशान रहे। इस बीच अमवा गांव के पास एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। शेष की तलाश के लिए लोग लाठी-डंडा लेकर धान की फसल में तलाश कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के घंटों बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है।

बुधवार की देर रात लगभग आठ बजे श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बसहिया के एक घर के पास चार पांच की संख्या में कुछ लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। बातचीत सुनकर जब घर के लोग जगे तो वह महम्मदा गांव के निबियापार टोले की तरफ भागने लगे। जानकारी होने पर उधर से भी सैकड़ों लोग लाठी डंडा लेकर उन्हें दौड़ाने लगे।

फिर चोर अमवा गांव की तरफ भागने लगे। अमवा दुर्गा मंदिर के पास लोगों ने घेराबंदी कर एक चोर को पकड़ लिया। शेष चोरों की तलाश में अमवा, बसहिया, पुरैना, निबियापार के लोग खेतों में तलाश कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी। संवाद

# न्यायालय के आदेश पर पांच के विरुद्ध दर्ज किया केस

सिंदुरिया। मिठौरा निवासी रंजीत गुप्ता ने न्यायालय में 156-3 के तहत वाद दाखिल किया था। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। पांच आरोपियों के विरुद्ध मार-पीट का केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। रंजीत गुप्ता ने न्यायालय में 156 तीन दाखिल कर बताया कि 13 अगस्त को पुराने रंजिश को लेकर हमारे ही गांव के पांच लोग गाली देते हुए मारने लगे। थानाध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि पांच लोगों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# न्यायालय उठने तक की दी सजा

**महराजगंज।** न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महराजगंज ने दंगा उपद्रव मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त नागेन्द्र धर दूबे, रविन्द्र यादव, योगेन्द्र यादव, उमेश शर्मा, देवेन्द्र यादव, संजय निषाद, इंद्रजीत यादव, दिनेश यादव प्रत्येक को 200-200 रुपये जुर्माना लगाया है। दूसरे मामले में प्रत्येक को 200-200 रुपये जुर्माना लगाया है। तीसरे मामले में प्रत्येक को 200-200 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा चौथे मामले में प्रत्येक को 400-400 रुपये जुर्माना लगाया गया है। न्यायालय उठने तक सजा दी। संवाद

# छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

सिंदुरिया। चौक थाना के वार्ड नंबर दो निवासी जोखू ने तहरीर देकर बेटी के ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बेटी शमसाबेगम की शादी छह वर्ष पूर्व बैसवार निवासी शान मोहम्मद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। थानाध्यक्ष राहुल शुक्ला ने बताया कि मामले में पति छह लोगों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोल्हुई।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक बालिका को शादी का झांसा देकर गांव का ही युवक पांच साल तक दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, एक गांव की युवती ने थाने में तहरीर देकर गांव के युवक पर आरोप लगाया है की जब वो नाबालिग थी, तभी से गांव का युवक उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। बालिग होने पर शादी करने का वादा किया था। जब शादी के करने के लिए कह रही हूं, तो आनाकानी कर रहा है। मामले को संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। संवाद

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया, केस

**नौतनवा।** क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी को पड़ोस के गांव के युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने की धारा में केस दर्ज किया है। तहरीर में बताया कि सोमवार की रात लगभग 11 बजे उनकी 16 वर्षीया बेटी को परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। उन्होंने काफी छानबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। संवाद

# मारपीट करने के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**नौतनवा।** कस्बे के वार्ड नंबर 25 गांधी नगर निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नौतनवा कस्बा के वार्ड नंबर 25 गांधी नगर निवासी जोगिन्दर मद्धेशिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पेशे से ड्राइवर हैं।

मंगलवार की रात करीब नौ बजे आवश्यक कार्य से रेलवे स्टेशन चौराहे पर गए थे। पहले से बैठे प्रदीप कुमार इंदिरा नगर नौतनवा, चालक सूरज व धर्मेश निवासी वार्ड नं 12 नौतनवा ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली देते हुए पिटाई कर दी।

प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी प्रदीप कुमार, सूरज, धर्मेश के खिलाफ मारपीट करने, अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# मानक तोड़ बजाया बाजा, पुलिस ने गाड़ी समेत सीज किया डीजे

**बस्ती (एसएनबी)।** भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा बाजा बजाये जाने के निर्धारित मानको का उल्लंघन किया तो उन पर पुलिस का डंडा चल गया तो पुरानी बस्ती पुलिस ने तेज गति सेडीजे बजानेवाले चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए वाहन समेत डीजे को सीज कर दिया। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान मानक के विपरीत डीजेलगाने/बजाने पर थानाध्यक्ष महेश सिंह थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती मय टीम द्वारा संजू डीजे पटेल चौक कोतवाली बस्ती, राजन डीजे निवासी कटेहरी मार्केट थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर एवं पब्लिक म्यूजिक इवेन्ट हरैया डडवा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर के क्रमशः 12, 16, 21 अर्थात कुल 49 साउंड बाक्स मय मशीन, 3 अदद जनरेटर, 2 अदद टाटा 407 व एक अदद ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया गया। इस सम्बंध में थाना स्थानीय पर धारा 271, 272, 280, 292, 223 (ख) भादवि व 15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 नाम आयोजक मोहित सोनकर, विवेक मद्देशिया, मोघू चौधरी, संचालक सुनील चौधरी, राजन, प्रिन्स उर्फ लल्लू, विकाश यादव, अंकुश यादव, मनीष, अभिषेक के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

# दबंगों ने ढहा दिया छप्पर, एसपी से की गुहार

**बस्ती (एसएनबी)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मंझरिया निवासिनी कलावती पत्नी भुईलोटन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। पत्र में कलावती ने कहा है कि वह सड़क किनारे लगभग 60 साल से छप्पर डालकर जीवन यापन कर रही है। गत 17 सितम्बर को गांव के ही कुछ लोग उसके छप्पर को उजाड़ कर फेंकने लगे। जब उसकी नतिनी आंचल वीडियो बनाने लगी तो उक्त लोगों ने मोबाइल छीन लिया और उसे तथा मुझे मारा पीटा। लोगों के आ जाने पर उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुये चले गये। एसपी को दिये पत्र में कलावती ने कहा है कि उक्त लोग छप्पर में रखा बरतन, सामान आदि उठा ले गये। उसकी जमीन पर वे अपना मकान बनवाना चाहते हैं। उसके पास रहने को कोई घर भी नहीं है। मुण्डेरवा पुलिस को घटना की सूचना दी गई किन्तु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया। उसने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाया है।

# रंजिश में हुई मारपीट, दलित उत्पीड़न का केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीन के पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्तो ने एक युवक को जाति सूचक गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के एकमा गांव निवासी संदीप व सुरजीत के बीच में जमीन का विवाद काफी दिनों से चल रहा था। इसी बात को लेकर विपक्षी सुरजीत व बैजनाथ शर्मा ने मिलकर संदीप कुमार सैनी को जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी व डण्डे से मारपीट रहे थे। संदीप द्वारा बचाव के लिए चिल्लाने पर मौके पर गांव के अमरजीत पुत्र महेन्द्र, दिनेश पुत्र इन्द्रजीत, हनुमान पुत्र राम कलेश, सुनील पुत्र संचम के आने पर अभियुक्त उसे जान से मारने की धमकी देते हुए छोड़ कर भाग गये। मामले में पीड़ित संदीप कुमार सैनी पुत्र बेचन ग्राम एकमा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुरजीत पुत्र लुटावन, बैजनाथ शर्मा पुत्र सावर शर्मा निवासीगण एकमा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2), 333 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाद में मारा पीटा : एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी हरीश चन्द्र पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय चन्द्रशेखर पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दबंगों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है। पत्र में हरीश चन्द्र पाण्डेय ने कहा है कि गत 15 सितम्बर को जब वह अपने घर जा रहा था तो गांव के ही कुछ लोगोंने शव्वल व राड लेकर उसे बुरी तरह से मारा पीटा। घोरहटा निवासी गरूणेश शुक्ल ने किसी तरह से बीच बचाव कर उनकी जान बचायी। उक्त लोग आरटीआई, आईज़ीआरएस व झूठी तहरीर देकर लोगों को मुकदमों में फंसाने, परेशान करने का काम करते हैं। इसलिये गांव के लोग विवाद में नहीं पड़ना चाहते। उसने लालगंज थाने पर तहरीर दिया किन्तु पुलिस ने न तो डाक्टरी मुआइना कराया न मुकदमा दर्ज किया।

# आर्यसमाज का वार्षिकोत्सव पांच अक्टूबर से

**बस्ती (एसएनबी)।** आगामी 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक स्वामी दयानन्द विद्यालय सुरतीहट्टा बस्ती में आयोजित आर्य समाज नई बाजार बस्ती के 51वें वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कार्यकर्ता लोगों से मिलकर आगामी कार्यक्रम की सूचना दे रहे हैं। इस अवसर पर ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व दिनांक 20 सितंबर से 3 अक्टूबर तक लगातार मोहल्लों और गांव में जन जागरण का कार्यक्रम आचार्य सुरेश जोशी एवंरुक्मिणी देवी द्वारा किया जाएगा। जिसमें दैनिक प्रभात फेरी, यज्ञ और उपदेश द्वारा कार्यक्रम की भूमिका और कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के बारे में आम जनमानस को बताया जाएगा।

# मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

**बभनान(एसएनबी)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के कपूरपुर निवासिनी एक महिला पर गांव के ही चार लोग द्वारा सोते समय मार पीट कर घायल कर दिए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अपराध संख्या 133/24 धारा 118(1), 110, 333, 115(2), 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस पीड़िता की चिकित्सा उपचार में जुट गई है। जानकारी के मुताविक पैकोलिया कपूरपुर निवासिनी निशा पत्नी महेश ने पुलिस को दिये शिकायिती पत्र में आरोप लगाया है कि 17 सितम्बर को अपने घर में सो रही थी। रात में लगभग 12:45 बजे गांव के ही इन्द्रपति पत्नी बाबूलाल, आशीष मौर्या पुत्र बाबूलाल, संध्या मौर्या पुत्री बाबूलाल, सतीश मौर्या पुत्र बाबूलाल ने उनके उपर बाकिया व कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष संजू यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल पीड़िता का चिकित्सीय उपचार कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पिता से पैसा न मांगने पर पत्नी की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर एक महिला को उसके पति द्वारा प्रताड़ित किया गया तथा मायके से पैसा न लाने पर उसकी पिटाई करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दीं। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर कुदरहा की रहने वाली उर्मिला ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके पति रामसिंह द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते रहते थे। बीते 14 सितम्बर की शाम करीब 8 बजे उस पर पिता से पैसा मांगने का दबाव बनाने लगे। जब उर्मिला ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया तो पति राम सिंह ने उर्मिला को गालियां देते हुए मारापीटा तथ दांत से काटकर जख्मी कर दिया। मामले में पीड़िता उर्मिला पत्नी रामसिंह निवासिनी कुदरहा थाना लालगंज हाल मुकाम भुवर निरंजनपुर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति रामसिंह पुत्र कलाधर चौधरी, उमाशंकर पुत्र कलाधर चौधरी निवासीगण कुदरहा थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 85, 115(2), 118(1), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रात के अंधेरे में लड़की फरार, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** खाना खाने के बाद छत पर सोने गयी एक लड़की फरार हो गयी। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 साल की नाबालिक लड़की शाम को खाना खाने के बाद छत पर सोयी थी। लेकिन परिजनों को बिना कुछ बताये ही वह रात में ही कहीं चली गयी। जिसकी जानकारी सुबह में होने पर उसकी काफी तलाश की गयी लेकिन कहीं कुछ पता नही चला। मामले में रूधौली पुलिस ने अज्ञात पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसे की लेनदेन में युवक की पिटाई, दो नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पैसे देने के बाद एक युवक जब सीमेन्ट मांगने दुकान पर पहुंचा तो उसे सीमेन्ट देने से इन्कार करते हुए अभियुक्तो ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानान्तर्गत ओड़वारा गांव निवासी विजय कुमार नरसिंह यादव उर्फ बबलू यादव के विल्डिंग मटेरियल की दुकान पर सीमेन्ट का दाम पहले ही दिया था। जिसे लेने वह जब दुकान गया तो अभियुक्त नरसिंह यादव ने उसे सीमेन्ट व पैसे दोनो देने से मना कर दिया। जिसमें कहासुनी के बाद विजय कुमार जब वापस घर जा रहा था तो रास्ते में नरसिंह यादव व अशोक कुमार ने मिलकर उसे रोक दिया और गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित विजय कुमार पुत्र सजन लाल ग्राम ओडवारा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नरसिंह यादव उर्फ बबलू यादव पुत्र सुमरे यादव, अशोक कुमार यादव पुत्र पुत्र सुमेरे यादव निवासीगण ग्राम ओडवारा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2), 127(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख बीस हजार की ठगी करने वाले पति-पत्नी पर केस

**हर्रैया(एसएनबी)।** डाक विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से दो लाख बीस हजार रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में पुलिस ने पति और पत्नी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच- पड़ताल कर रही है।

मरवटिया गांव निवासी विशाल ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पैकोलिया थाना क्षेत्र के मदरहवा निवासी सुनीता पत्नी पेशकार सुकरौली चौधरी डाकघर में पोस्टमैन पद पर कार्यरत हैं। जून 2022 में पेशकार ने तिलकराम से डाकघर में पोस्टमैन पद पर नौकरी दिलाने के लिए दो लाख बीस हजार रुपये की मांग किया।पीड़ित ने पहली किश्त के रूप में एक लाख बीस हजार रुपये दे दिया। आरोपित ने पीड़ित के अभिलेख लेकर कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराकर विभाग में जमा कराने की बात बताई। पेशकार और उसकी पत्नी उसे जल्द नौकरी मिलने का झांसा देते रहे। मामले में कुछ गड़बड़ लगा तो तिलकराम ने पेशकार और उसकी पत्नी पर रुपए वापस करने का दबाव बनाया।कई महीने दोनो उसे टरकाते रहे।जुलाई महीने में तिलक राम को पोस्टमैन पद का फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया और बाकी एक लाख रूपये भी ले लिए।पीड़ित नियुक्ति पत्र लेकर जब प्रधान डाकघर कार्यालय पहुंचा तो वह फर्जी निकला।यह जानकर उसके होश उड़ गए। तिलक राम ने अपने साथ हुई ठगी की बात परिजनो को बताई तो रुपया वापस मांगने घर पहुंच गए।आरोप है कि पति पत्नी ने रुपया वापस करने से मना करते हुए गाली गुप्ता देते हुए धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपित सुनीता वा पति पेशकार के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह बताया केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

# पति व सास ने मिलकर की महिला की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला को उसके पति तथा सास द्वारा मामूली कहासुनी की बात को लेकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनो पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानान्तर्गत पिपरा जप्ती गांव की रहने वाली प्रमिला व उसके पति रमेश कुमार के बीच में आपसी कहासुनी हो रही थी। जिसमें उसकी सास भी आ गयी और रमेश की तरफ से उसे गालियां देते हुए लड़ने लगी। जिसपर प्रमिला ने विरोध किया तो दोनो ने मिलकर उसे जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता प्रमिला पत्नी रमेश कुमार निवासिनी पिपराजप्ती थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति रमेश कुमार व सास सास निवासीगण पिपराजप्ती थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2),351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मूकबधिर महिला से दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**दुबौलिया(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र की एक मूकबधिर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि विगत 14 सितम्बर को स्थानीय थाना क्षेत्र के मझियार (भिउरा) निवासी बबलू पुत्र सुदामा ने एक मूकबधिर महिला को जबरन गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। मामले पीड़िता के पति की तहरीर पर बबलू के विरुद्ध मुकदमा पंजीत हुआ था। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। मंगलवार की देर रात उपनिरीक्षक राधा रमण यादव, रामरेखा यादव, कांस्टेबल दिवाकर पटेल तथा अनुज यादव द्वारा नरहरपुर मोड़ से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म व गर्भपात का आरोपी गिरफ्तार

कप्तानगंज। नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को कप्तानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि थानाक्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दिए गए शिकायती-पत्र में आरोप लगाया था कि उसके बहन का चचेरा देवर सुनील एक सिक्योरिटी एजेंसी में था। उसी के जरिए उसकी नौकरी लगी थी। सुनील ने रिश्तेदारी का हवाला देते हुए पास बुला लिया था। उस समय वह नोएडा में रहता था। कुछ दिन बाद सुनील ने खाने में बेहोशी की दवा मिलाकर दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद शारीरिक शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। जिसकी शिकायत युवती ने कप्तानगंज पुलिस सहित उच्चाधिकारियों से की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। टीम ने आरोपी सुनील को एकटकवा के पास से गिरफ्तार कर लिया।



# रहस्यमय हाल में किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

बस्ती। रुधौली पुलिस ने रहस्यमय हाल में किशोरी के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर में बताया है कि 16 सितंबर की रात करीब 11 बजे उनकी खाना खाकर छत पर सोई थी। बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ओडवारा में मारपीट, दो लोगों के खिलाफ केस

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। ओडवारा निवासी विजय कुमार का आरोप है कि 17 सितंबर को एक दुकान पर सीमेंट लेने गया तो दुकानदार ने सामान देने से मना कर दिया। साथ ही पैसा भी वापस नहीं किया। इसी बात को लेकर रास्ते में रोकर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने ओडवारा निवासी नरसिंह यादव उर्फ बबलू व अशोक यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# मां-बेटे पर दर्ज कराया मुकदमा

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने महिला की पिटाई करने के आरोपी पति व सास पर केस दर्ज किया है। पिपराजक्षी निवासी प्रमिला पत्नी रमेश कुमार का आरोप है कि 15 सितंबर की रात पति से उनकी कहासुनी हो रही थी। इसी बात को लेकर पति व सास ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी।

# मारपीट कर मांगा पैसा, मुकदमा दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। कुदरहा निवासी उर्मिला पत्नी राम सिंह का आरोप है कि उनके पति राम सिंह ने 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे उनसे पिता से पैसा मांगने के लिए कहा। पैसा मांगने से मना करने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर दांत से काट लिया। आरोप है कि पति व अन्य ससुराली शादी के बाद से ही दहेज व पैसे मांगते आ रहे हैं। मायके वालों ने पैसा न देने पर मारपीट कर प्रताड़ित किया। पुलिस ने राम सिंह व उमाशंकर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रास्ते से झालर हटाने पर विवाद, पहुंची पुलिस

बस्ती। कलवारी थानाक्षेत्र के गोसैसीपुर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम दोनों पक्ष को थाने पर ले आई। थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से तीन लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है। गोसैसीपुर निवासी उमेश गुप्ता ने तहरीर देकर बताया है कि गांव में कुछ लोगों ने झालर और झंडे लगाए थे। तेज हवा से 17 सितंबर की शाम करीब झालर गिर गया था। वहां गुजरते वक्त उन्होंने झालर रास्ते से हटा दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर गांव के कुछ लोग भड़क गए। सभी ने घर में घुस कर मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी।

# कानफोड़ू डीजे बजाने वालों पर केस, चार लोग गिरफ्तार

- पुरानी बस्ती पुलिस ने दस के खिलाफ दर्ज किया केस
- गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज ध्वनि से बजाया डीजे

बस्ती, निज संवाददाता। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान मनाही के बाद भी कानफोड़ू डीजे बजाना महंगा पड़ गया। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी के निर्देश पर पुरानी बस्ती पुलिस ने एक्शन लेते हुए डीजे संचालक, आयोजक व ऑपरेटर समेत दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने तीन संचालकों के 49 साउंड बॉक्स, मशीनें, तीन जेनरेटर, मिनी ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दिया। इनमें नामजद चार आरोपितों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। इस बाबत सीओ सिटी ने बताया कि पहले ही सभी आयोजकों व डीजे संचालकों को इस बात के लिए सचेत कर दिया गया था।

पुरानी बस्ती के थानेदार महेश सिंह ने बताया कि संजू डीजे पटेल चौक कोतवाली बस्ती, राजन डीजे निवासी कटेहरी मार्केट थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर और पब्लिक म्यूजिक इवेन्ट हरैया डडवा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर की मशीनें व वाहन सीज किए गए हैं। मानक का उल्लंघन करने पर आयोजक मोहित सोनकर, विवेक मद्देशिया, मोघू चौधरी, संचालक सुनील चौधरी, राजन, प्रिन्स, विकास यादव, अंकुश यादव, मनीष और अभिषेक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें अभिषेक रावत निवासी रौता चौराहा, अंकुश यादव निवासी करमिश्रपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर, प्रिन्स निवासी कटेहरी अहिरौला जनपद अम्बेडकरनगर व मनीष निवासी डिडौवा थाना कोतवाली बस्ती को गिरफ्तार किया गया है।

# व्यापारी के अपहरण में छह गिरफ्तार

वाल्टरगंज (बस्ती), हिसं। जिले के वाल्टरगंज थानांतर्गत दौलतपुर से मुर्गा व्यापारी के अपहरण की घटना में पुलिस ने नामजद छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त कार व बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। अपहरण की वजह पैसों के लेन-देन से जुड़ी है, पुलिस जांच कर रही है।

- वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव की है सनसनीखेज घटना
- गोंडा के वजीरगंज से हुई बरादमगी, पैसे के लेनदेन का था मामला

दौलतपुर निवासी इंसान अली ने बताया कि गांव में ही उनकी मुर्गे की दुकान है। 15 सितंबर को मुर्गा खरीदने के बहाने इंसान अली को उनकी दुकान के पास से कार में बैठाकर अगवा कर लिया गया था। इसकी सूचना इंसान अली के बेटे हसरत अली ने डायल 112 पर दी थी। आरोपी उन्हें पीटते हुए गोंडा जिले के वजीरगंज थाने के पास पहुंच गए थे। पीड़िता इंसान अली के अनुसार आरोपितों कहना था कि उनके बेटे के साले ने 12 लाख रुपये उनसे ले रखा है। पैसा जल्दी मंगवाओ नहीं तो तुम्हारी हत्या हो जाएगी। वजीरगंज थाने के गेट पर गाड़ी में बंद करके काफी देर तक रूके थे। पीड़ित व उनके परिवारीजनों का कहना है कि इस पूरे लेनदेन से उन लोगों से कोई नाता नहीं है और न ही इनमें से किसी को वे जानते हैं। थानाप्रभारी दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर समीर सिद्दिकी उर्फ नूर आलम, इसरार अहमद निवासी परसपुरा थाना कप्तानगंज, नीरज प्रताप सिंह निवासी खिरिया मझौवा थाना वजीरगंज जिला गोण्डा, प्रवीण सिंह निवासी मनकापुर, गोण्डा, आनंद सोनी निवासी कस्बा रुधौली और सूरज उपाध्याय निवासी जिला अस्पताल के सामने थाना कोतवाली जनपद गोण्डा के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सभी को गिरफ्तार कर मुकदमे में चालान कर दिया गया है।

# बाइक चोरी की सूचना पर पुलिस हलकान

बभनान। रेलवे स्टेशन के पीछे से बाइक चोरी होने से पीड़ित और पुलिस के होश उड़ गए। काफी खोजबीन में बाइक रेलवे स्टैण्ड में मिली तो पीड़ित और पुलिस ने राहत की सांस ली। बुधवार को हर्रैया थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव निवासी राहुल वर्मा अपनी बाइक से बहनों को लेकर रेलवे स्टेशन आया था। बाइक खड़ी कर बहनों को लेकर प्लेटफार्म नंबर-दो पहुंचाने चला गया। वापस आया तो देखा उसकी बाइक वहां नहीं थी। सूचना पर आरपीएफ चौकी प्रभारी विश्वामित्र यादव पहुंचे और काफी खोजबीन की।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

बस्ती। एसीजेएम प्रथम की अदालत ने तीन महिला सहित सात पर केस दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष मुंडेरवा को दिया है। मुंडेरवा क्षेत्र के परसावां निवासी महेश ने अधिवक्ता राजेश विक्रम सिंह के माध्यम कोर्ट में प्रार्थना-पत्र देकर कहा है कि गांव के अखिलेश, विश्वनाथ, दीनानाथ, चंदन, प्रभावती, बढ़ता व गुड़िया 19 जुलाई 2024 को दीनानाथ व अन्य लोग उसके घर में घुस मारपीटा। बीचबचाव में आई पत्नी रमावती व पुत्री रिया को भी मारा पीटा।

# मूक-बधिर महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फॉलोअप**

दुबौलिया (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के दुबौलिया थानाक्षेत्र में एक दिव्यांग महिला के साथ शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता के गांव के ही रहने वाले बबलू को टीम ने नरहरपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है।

25 वर्षीय पीड़िता मूक-बाधिर है। उनके पति ने तहरीर में बताया है कि उनकी पत्नी बोल-सुन नहीं पाती। आरोप है कि 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे वह शौच के लिए बाहर गई थी। तभी गांव का रहने वाला आरोपी बबलू गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इशारों से पति को आरोपी का हुलिया बताकर उसकी पहचान कराई। इधर घटना के बाद से ही आरोपी बबलू गांव से भाग गया। पुलिस ने पति की तहरीर पर रेप, एससी-एसटी की धाराओं में आरोपी बबलू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर नरहरपुर के पास से आरोपी को टीम ने दबोच लिया।

# चोरी के शक में ग्रामीणों ने किशोर को पकड़ा

जासं, गौरा: कप्तानगंज थाना क्षेत्र नकटीदेई बुजुर्ग के रानीबाग पुरउवा में ग्रामीणों ने चोरी करने के शक में किशोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि वह रात में सुनसान पड़े घर में मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर लेटकर दूसरे मोबाइल से बात कर रहा था। गांव वालों के अनुसार किशोर के पास से दो मोबाइल व बड़ी टार्च मिली है। यह अपना नाम पता भी सही नहीं बता रहा था। पुलिस ने बताया किशोर नगर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव का रहने वाला बताया गया है।

# अपराधी पढ़ेंगे जीवन दर्शन, कारागार में खुलेगी लाइब्रेरी

जागरण संवाददाता, बस्तीः हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, डकैती जैसे संगीन अपराधों में सजा काट रहे कैदी जल्द ही जिला कारागार में जीवन दर्शन, सामाजिक सद्भाव व अहिंसा से जुड़ी पुस्तकें पढ़ेंगे।

अनूठा प्रयोग करने की तैयारी जेल अधीक्षक की ओर से की गई है। इसके लिए जिला जेल में लाइब्रेरी खोलने की पहल की जा रही है। बंदी कानून से लेकर देशप्रेम व संस्कृति, महापुरुषों की जीवनी पर आधारित पुस्तकें भी पढ़ सकेंगे।

जिला जेल 480 बंदियों को रखने की क्षमता के हिसाब से बनी है, लेकिन यहां पर साढ़े छह सौ से 700 बंदी तक निरुद्ध हो जाते हैं। इनमें से करीब 40 महिला बंदी भी हैं। जेल में लंबे समय तक बंद रहने वाले कैदी अक्सर अवसादग्रस्त हो जाते हैं। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, डकैती व मादक पदार्थ व पशु तस्करी आदि गंभीर जुर्म में सजा पाने के बाद करीब 300 अपराधी यहां बंद हैं। इनमें से कईयों को ब्लड प्रेशर की बीमारी है। हार्ट अटैक, बेचैनी, अनिद्रा, ब्लड शुगर जैसे रोग से ग्रस्त होने की समस्याएं भी सामने आती हैं।



जिला कारागार बस्ती • जागरण

- जिला कारागार में बंदियों के पढ़ने के लिए शुरू हुई पहल
- स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से शुरू होगा वाचनालय

खाली समय में बंदी अगर अच्छी पुस्तकें पढ़ेंगे तो उनके बौद्धिक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। महापुरुषों व देश–दुनिया के बारे में भी जान सकेंगे। अनावश्यक तनाव से बचेंगे। इसलिए स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर पहल की गई है। इसे जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा। पुस्तकें जुटाई जा रही हैं।
अंकेक्षिता श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक, बस्ती



# एक टोल हटने तक करता रहूंगा संघर्ष : सुदामा

जागरण संवाददाता, हरैया, बस्तीः टोल प्लाजा चौकडी की वैधानिकता को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा द्वारा हाईकोर्ट इलाहाबाद में दाखिल जनहित याचिका में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अपने अधिवक्ता का बदलाव कर प्रत्यावेदन दाखिल किया है, जिसके बाद बुधवार को समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय ने भी हाईकोर्ट पहुंचकर अपने अधिवक्ता कन्हैया लाल तिवारी के माध्यम से प्रतिउत्तर दाखिल कर दिया।

पांडेय ने बताया कि टोल प्लाजा चौकडी को अवैध बताते हुए उसे जनहित में हटाए जाने के लिए दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए एक वर्ष पूर्व मुख्य न्यायाधीश हाईकोर्ट इलाहाबाद ने सचिव भूतल परिवहन मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली के साथ ही परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण गोरखपुर सहित जिलाधिकारी बस्ती को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर जवाब मांगा था। जिसके क्रम में परियोजना निदेशक एनएचआइ गोरखपुर ने अपने अधिवक्ता अखिलेश कुमार मिश्र के माध्यम से जवाब दाखिल किया, लेकिन समय-समय पर उनके अधिवक्ता द्वारा सुनवाई में रूचि न लेने व अन्य कारणों के चलते आज तक फैसला नहीं हो सका।


हाईकोर्ट में अधिवक्ता केएल तिवारी के साथ चंद्रमणि पांडेय उर्फ सुदामा • सौजन्य

- बस्ती में 40 किमी के अंतराल में दो टोल को लेकर दाखिल है याचिका
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बदल दिया अपना अधिवक्ता

इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 24 अगस्त 2024 को अपने अधिवक्ता का बदलाव कर वैभव त्रिपाठी को नियुक्त कर प्रत्यावेदन दाखिल कर दिया।

सुदामा ने कहा कि जनपदवासियों को एक अतिरिक्त टोल से निजात दिला कर रहूंगा, क्योंकि एक जिले में 40 किमी के अंतराल में दो टोल नहीं रहने चाहिए। इसके लिए चाहे जितनी लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े।

# पेट्रोल पंप कर्मियों से विवाद करने पर चार का चालान

जासं, छावनीः छावनी थाना क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल भराने के बाद गलत पेमेंट दिखाकर विवाद करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। मंगलवार की देर रात फोरलेन पर सिरौली बाबू गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर वाहन सवार चार लोगों से पेट्रोल भरने के बाद जब कर्मियों ने पैसा मांगा तो वे विवाद करने लगे। पकड़े गए युवक राहुल सोनी, दिलशाद, सोनू सिंह व अंकित सिंह का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# दिव्यांग महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, दुबौलियाः दुबौलिया थाना के एक गांव निवासनी दिव्यांग महिला से दुष्कर्म के आरोपित को दुबौलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया। 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे शौच के लिए गई महिला को खींच कर गन्ने के खेत में ले जा दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपित बब्लू निवासी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी थी।

# तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे, चार गिरफ्तार






पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा सीज किया गया डीजे व पुलिस की गिरफ्त मे डीजे चार संचालक • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिले में डीजे संचालक मंगलवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। नियम व शर्तों की धज्जियां उड़ाते डीजे बजाने वालों पर पुरानी बस्ती पुलिस कार्रवाई कर चार संचालकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन वाहन और 49 डीजे बरामद कर उसे सीज कर दिया है। पुलिस 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज करके कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

गणेश विसर्जन सहित चल रहे अन्य त्योहारी सीजन की शुरुआत को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने थानावार डीजे संचालकों की बैठक कर गाइडलाइन जारी की थी, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। नियम के तहत रात 10 बजे के बाद डीजे बजाना प्रतिबंधित है। संचालकों को कार्रवाई की चेतावनी के बाद भी मंगलवार को दक्षिण दरवाजा चौराहे पर रात दो बजे बेखौफ डीजे बजाया जा रहा था। मौके पर पहुंचे पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष महेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ डीजे संचालक अभिषेक रावत पुत्र राम प्रसाद निवासी रौता चौराहा थाना कोतवाली, अंकुश यादव पुत्र राम निरंजन निवासी करमिश्रपुर थाना मालीपुर जनपद अंबेडकरनगर, प्रिन्स उर्फ लल्लू पुत्र श्रीराम कुमार निवासी कटेहरी थाना अहिरौला जनपद अंबेडकरनगर व मनीष चौधरी निवासी डिडौवा थाना कोतवाली जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन बड़े वाहन तथा उसमें लदे 49 डीजे व साउंड बाक्स व 50 अन्य सामान भी सीज कर दिए गए हैं। इस मामले में मोहित सोनकर, विवेक मद्देशिया, मोघु चौधरी, सुनील , राजन, विकास यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

> गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर में डीजे संचालकों द्वारा मानकों के उल्लंघन पर पुरानी बस्ती पुलिस ने कार्रवाई की है। भविष्य में मनमाने तरीके से डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई चलती रहेगी।
>
> सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ सिटी, बस्ती

## तीन महिला सहित सात पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

जासं, बस्ती: अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट प्रथम देवेंद्र कुमार ने तीन महिलाओं सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने मुकदमा दर्ज कर एक सप्ताह के अंदर अनुपालन आख्या मुंडेरवा पुलिस से तलब की है। थाना क्षेत्र के परसावां गांव निवासी महेश ने अधिवक्ता के माध्यम से अखिलेश, विश्वनाथ, दीनानाथ, चंदन, प्रभावती, बढ़न्ता व गुड़िया के विरुद्ध अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 19 जुलाई की सुबह दीनानाथ व अन्य लाठी-डंडा लेकर मुझे मारापीटा व टीनशेड व नाद को उखाड़ कर तोड़ दिए।

# नशे की दवा खिलाकर दुष्कर्म व गर्भपात का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध एक युवती ने केस दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक युवती ने कप्तानगंज पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी बहन के चचेरे देवर सुनील कुमार निवासी महादेवा थाना कप्तानगंज बस्ती सिक्योरिटी में था। उसी के जरिये उसकी नियुक्ति हुई। सुनील कुमार रिश्तेदारी का हवाला देते हुए अपने पास बुला लिया। उस समय वह गौतम बुद्ध नगर में रहते थे। कुछ दिन पश्चात सुनील ने खाने में बेहोशी की दवा मिलाकर दुष्कर्म किया। उसका वीडियो भी बना लिया। बाद में शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। दवा खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। इसकी शिकायत युवती ने कप्तानगंज पुलिस सहित उच्चाधिकारियों से की। पुलिस आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। संवाद

# रहस्यमय हाल में किशोरी लापता

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने रहस्यमय हालत में किशोरी के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर में बताया कि 16 सितंबर की रात करीब 11 बजे उनकी बेटी खाना खाकर छत पर सोई थी। बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# पुलिस की चार टीमों को छका रहे मोस्ट वांटेड बदमाश

## जमानतदारों, स्वजन व नजदीकियों पर कसा जा रहा शिकंजा, फरार 15 इनामियों की तलाश में खाक छान रही टीमें

[illegible] कुमार शुक्ल • [illegible]

बस्ती : मोस्ट वांटेड 15 अपराधियों को पकड़ने के लिए जनपद की चार पुलिस टीमें पिछले दो माह से खाक छान रही है। अभी तक आरोपितों के सगे-संबंधियों से पूछताछ तक ही कार्रवाई सिमटी है। लखनऊ, सूरत, रामपुर, मुजफ्फरपुर आदि स्थानों से भी पुलिस टीम लौट आई है। बदमाशों में शामिल तीन आरोपित बहुचर्चित मोहित यादव अपहरण व हत्याकांड में बीते दो महीने से वांछित चल रहे हैं, इनके ऊपर 25-25 हजार का इनाम घोषित है।

आरोपित अभिषेक सिंह व प्रिंस उर्फ अम्मी प्रताप सिंह निवासी चंगेरवा बाबू थाना लालगंज व आकाश पाल निवासी भरवलिया पर पुलिस की ओर से 25-25 हजार इनाम रखा गया है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने 16 आरोपितों को सर्विलांस और मैनुअल पुलिसिंग के जरिए गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर चुकी है। पकड़े गए 16 आरोपित फिलहाल जेल में हैं। पुलिस टीमों में एसओजी, स्वाट, सर्विलांस व क्राइम ब्रांच शामिल हैं। पुलिस मान रही है कि फरार 15 इनामी जिला छोड़कर भाग चुके हैं।

### अंतरप्रांतीय व अंतरजनपदीय हैं मोस्ट वांटेड

वांछित इनामियों में गुजरात के सूरत शहर के रहने वाले हैं। इसके अंतरजनपदीय अपराधियों में सिद्धार्थनगर, मुजफ्फरनगर, रामपुर व आजमगढ़ के निवासी शामिल हैं।

अलग-अलग मामलों में 15 इनामी अपराधी वांछित हैं। थानावार इन आरोपियों पर इनाम भी रखा हुआ है। इनकी सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाता है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जनपद पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इनामी बदमाशों की सूची में तस्वीरों के साथ उन पर घोषित इनाम को लिखा जा रहा है। –गोपालकृष्ण चौधरी, एसपी

### इन वांछितों पर भी पुलिस अधीक्षक ने रखा हुआ है इनाम

पुलिस अधीक्षक के स्तर पर वांछितों पर इनाम घोषित किया गया है, जिसमें अपहरण व हत्या के मामले में अभिषेक सिंह, प्रिंस उर्फ अम्मी प्रताप सिंह, आकाश पाल कोतवाली थाने में इनामी हैं। इसी थाने से रवि यादव निवासी राजा बाजार पुरानी बस्ती पर 10 हजार का इनाम है। वहीं जालसाजी के मामले में कप्तानगंज थाना क्षेत्र बनहा निवासी लालमन यादव पर पहले 10 हजार इनाम था, जिसे बढ़ाकर 25 कर दिया है। इसके अलावा गोकशी के मामले में आरोपित संतकबीर नगर के बखिरा थानाक्षेत्र के नंदौर निवासी अब्दुल वहाब पर छावनी पुलिस ने 25 हजार इनाम रखा है। हालांकि अब्दुल वहाब ने न्यायालय से स्टे ले रखा है। पुरानी बस्ती थाने में गैंगस्टर तबरेज आलम निवासी मुड़ियार थाना फूलपुर आजमगढ़ पर 15 हजार तथा गोकशी के आरोपित शहजाद निवासी निराना थाना सिखेड़ा जनपद मुजफ्फरनगर के ऊपर 10 हजार का इनाम रखा हुआ है। वाल्टरगंज थाने में मो.सफी निवासी बढ़ायेलडख छोटका पुरवा थाना खेसरहा सिद्धार्थनगर के ऊपर 10 हजार इनाम है। मुंडेरवा थाने में जालसाजी के मामले में एसएस किशन उर्फ संतोष सपकाले निवासी डुप्लेक्स बिल्डिंग दीप गंग सोसाइटी उमरा थाना घुड़दौड़ रोड जिला सूरत गुजरात पर पांच हजार, अमितदेव निवासी रेशम सेफ हाउस पर्वत वाकिया मगोवा थाना पूनागांव जिला सूरत गुजरात पर भी पांच हजार का इनाम है। नगर थाने में हत्या के मामले में दीपमाला पत्नी दुर्गाप्रसाद निवासी प्रसादपुर के ऊपर पांच हजार तथा दुष्कर्म के मामले में नूरूल हसन निवासी भौसिंहपुर पर भी पांच हजार का इनाम है। पैकोलिया पुलिस की ओर से दुष्कर्म व अपहरण के मामले में शिवकुमार निवासी नसरतनगर हाजीपुर थाना शहजादपुर रामपुर पर दो हजार, हर्रैया पुलिस ने वांछित धनई निषाद निवासी त्रिगुनैता के ऊपर 10 हजार का इनाम रखा है।

# पति व सास पर दर्ज कराया केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने महिला की पिटाई करने के आरोपी पति व सास पर केस दर्ज किया है। पिपराजप्ती निवासी प्रमिला पत्नी रमेश कुमार का आरोप है कि 15 सितंबर की रात पति से उनकी कहासुनी हो रही थी। इसी बात को लेकर पति व सास ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। संवाद

# मारपीट कर मांगा पैसा, केस

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। कुदरहा निवासी उर्मिला पत्नी राम सिंह का आरोप है कि उनके पति राम सिंह ने 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे उनसे पिता से पैसा मांगने के लिए कहा। मना करने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर दांत से काट लिया।

# मुर्गा व्यापारी के अपहरण में छह गिरफ्तार, कार बरामद

## बेटे पर 12 लाख रुपये बकाया वसूलने के लिए पिता का किया था अपहरण

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के दौलतपुर से मुर्गा व्यापारी के अपहरण की वारदात में पुलिस ने बुधवार को नामजद छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त कार व बाइक भी बरामद कर ली गई है। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि अपहरण का कारण पैसों के लेनदेन से जुड़ा है। पुलिस जांच कर रही है।

दौलतपुर निवासी इंसान अली ने बताया कि गांव में उनकी मुर्गे की दुकान है। 15 सितंबर को मुर्गा खरीदने के बहाने इंसान अली को उनकी दुकान के पास से कार में बैठाकर अगवा कर लिया। इसकी सूचना इंसान अली के पुत्र हसरत अली ने डायल 112 पर दी थी।

आरोपी उन्हें मारते-पीटते हुए गोंडा के वजीरगंज थाने के पास ले गए। इंसान अली के अनुसार उनके बेटे के साले ने 12 लाख रुपये उधर ले रखा है, जिसे

**वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव का मामला, गोंडा के वजीरगंज से हुई गिरफ्तारी और बरामदगी**

वापस करने का दवाव बनाया जा रहा था। कार में बैठाने के बाद अपहर्ता कहने लगे कि रुपये जल्दी मंगवाओ नहीं तो तुम्हारी हत्या हो जाएगी।

वजीरगंज थाने के गेट पर गाड़ी में बंद करके काफी देर तक रुके थे। पीड़ित व उनके परिजनों का कहना है कि इस पूरे लेनदेन से उन लोगों से कोई नाता नहीं है और न ही इनमें से किसी को वे जानते हैं।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर समीर सिद्दिकी उर्फ नूर आलम, इसरार अहमद निवासी परसपुरा थाना कप्तानगंज, नीरज प्रताप सिंह निवासी खिरिया मझौवा थाना वजीरगंज जिला गोंडा, प्रवीण सिंह निवासी मनकापुर, गोंडा, आनंद सोनी निवासी कस्बा रुधौली और सूरज उपाध्याय निवासी जिला अस्पताल के सामने थाना कोतवाली जनपद गोंडा के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सभी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

### ओड़वारा में मारपीट, दो के खिलाफ केस

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। ओडवारा निवासी विजय कुमार का आरोप है कि 17 सितंबर को एक दुकान पर सीमेंट लेने गया, तो दुकानदार ने सामान देने से मना कर दिया। साथ ही पैसा भी वापस नहीं किया। इसी बात को लेकर रास्ते में रोककर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने ओडवारा निवासी नरसिंह यादव उर्फ बबलू व अशोक कुमार यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# पेट्रोल-पंप पर विवाद करने वाले गिरफ्तार

छावनी। स्थानीय थानाक्षेत्र स्थित पेट्रोल-पंप पर पेट्रोल भराकर गलत गूगल-पे पेमेंट दिखाकर विवाद करने वाले वाहन सवारों को पुलिस ने पकड़ लिया। घटना मंगलवार देर रात की सिरौली बाबू पेट्रोल-पंप की है। घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी और पुलिस टीम ने हाईवे से कार सवार युवकों को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक छावनी अनिल कुमार दूबे ने बताया कि पेट्रोल-पंप के कर्मचारियों से वाद-विवाद करने वाले चार युवकों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार राहुल सोनी, दिलशाद, सोनू सिंह, अंकित उर्फ मारूत नंदन सिंह का पुलिस ने चालान किया है। उक्त युवक पेट्रोल-पंप के कर्मचारी से विवाद के बाद उग्र हो गए थे।

# तेज डीजे बजाने पर 10 के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान मानक के विपरीत डीजे बजाना भारी पड़ गया। पुलिस ने तीन संचालकों के 49 साउंड बॉक्स, मशीनें, तीन जेनरेटर, मिनी ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दी।

संचालक, आयोजक व ऑपरेटर सहित 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें चार आरोपियों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से मनमानी करने वाले संचालकों व आयोजकों में हड़कंप मचा है। गणेश उत्सव से पहले ही पुलिस लाइंस सभागार व थानों पर आयोजकों, डीजे संचालकों आदि की बैठक की गई थी। इसमें निर्धारित वॉल्यूम में डीजे बजाने की अपील की गई थी।

इसके फायदे-नुकसान समझाते हुए हिदायत दी गई थी कि जो इसका उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन जुलूस में बड़े-बड़े साउंड लगाकर डीजे बजाए जाने लगे। पुलिस ने ऐसा करने वालों पर नकेल कसते हुए कार्रवाई की है। पुरानी बस्ती एसओ महेश सिंह ने बताया कि संजू डीजे पटेल चौक कोतवाली बस्ती, राजन डीजे निवासी कटेहरी मार्केट थाना अहिरौली जनपद आंबेडकरनगर एवं पब्लिक म्यूजिक इवेंट हरैया डडवा थाना बसखारी जनपद आंबेडकरनगर के क्रमशः 12, 16, 21 अर्थात कुल 49 साउंड बॉक्स, 22 मशीनें, 03 जनरेटर, 02 टाटा 407 मिनी ट्रक व एक ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया गया।

## चार गिरफ्तार, 49 साउंड, 22 मशीनें, 03 जनरेटर, 02 मिनी ट्रक व एक ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

आयोजक मोहित सोनकर, विवेक मद्देशिया, मोघु चौधरी, संचालक सुनील चौधरी, राजन, प्रिंस उर्फ लल्लू, विकास यादव, अंकुश यादव, मनीष और अभिषेक के विरुद्ध बीएनएस व पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। इनमें अभिषेक रावत निवासी रौता चौराहा थाना कोतवाली, अंकुश यादव निवासी करमिश्रपुर थाना मालीपुर जनपद आंबेडकरनगर, प्रिंस उर्फ लल्लू निवासी कटेहरी थाना अहिरौला जनपद आंबेडकरनगर और मनीष चौधरी निवासी डिडौवा थाना कोतवाली बस्ती को गिरफ्तार किया गया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# पीआरडी को धमकी देने वाले दो गिरफ्तार

**उसका बाजार(एसएनबी)।** उसका राजा पुलिस पिकेट पर तैनात पीआरडी को धमकी देने का युवक का वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ था । पुलिस वायरल वीडियो का संज्ञान लिया और दो युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दी । वायरल वीडियो में पुलिस पिकेट उसका राजा पर पीआरडी जिसका नाम राजू चौरसिया है चुप चाप खड़ा था। दो युवक मोटरसाइकिल पर बैठकर पीआरडी को धमकी देते हुए कहते है कि वर्दी उतरवा देंगे। जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस एक्शन में आ गई। दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक युवक का नाम बाबूलाल पुत्र बेचन लोधी 23 वर्ष और दूसरे का रामकुशल पुत्र भुल्लर 24 वर्ष है। दोनो उसका थाना क्षेत्र के परसा शुकरुल्लाह के निवासी है । दोनो युवक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

# शोहरतगढ़ व ढेबरुआ के थानेदार हटे,विधायक का धरना समाप्त

- नौ दिन से कप्तान को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे विधायक विनय वर्मा
- शिक्षक विधायक और सदर विधायक ने जूस पिलाकर समाप्त कराया धरना

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग को लेकर धरने पर बैठे अपना दल एस से शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने नौवें दिन बुधवार को अपना धरना समाप्त किया। विधायक विनय वर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के ढेबरुआ व शोहरतगढ़ थानेदारों पर भी गंभीर आरोप लगा रहे थे। बुधवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दोनों थानेदारों को उनके थाने से हटा दिया। दोनों को अभी कोई चार्ज नहीं दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से विधायक को इसकी जानकारी मिली। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदर विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जूस पिलाकर जूस पिलाकर धरने को समाप्त कराया।

विधायक विनय वर्मा नगरपालिका स्थित गांधी प्रतिमा के पास पिछले नौ दिन से अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे थे। धरने के दौरान उन्होंने शोहरतगढ़ के प्रभारी निरीक्षक अनुज सिंह व ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक सिंह पर गंभीर आरोप लगाया था। बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने शोहरतगढ़ के प्रभारी निरीक्षक अनुज सिंह व ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक सिंह को उनके थाने से हटा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने इसकी जानकारी विधायक को दी।



सिद्धार्थनगर के सदर नगरपालिका के गांधी प्रतिमा के पास बैठे शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा को जूस पिलाते कन्हैया पासवान, सदर विधायक श्यामधनी राही, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, भाजपा के जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा • जागरण

शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदर विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व अन्य ने उन्हें जूस पिलाकर धरने को समाप्त कराया। विधायक ने कहा कि उन्होंने धरना भले समाप्त कर दिया है, लेकिन पुलिस अधीक्षक को हटाये जाने की मांग अभी भी जारी रहेगी। इसे लेकर वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि दोनों थानाध्यक्षों को उनके थाने से हटा दिया गया है। उनकी नवीन तैनाती कहां होगी, यह अभी निश्चित नहीं है।

**व्यापारियों ने विधायक पर लगाया रुपये न लौटाने का आरोप:** लखनऊ के गंगा विहार कालोनी के अजय सोनी, शोहरतगढ़ के वार्ड नंबर सात के निवासी दीपक वर्मा, बर्डपुर विकास खंड के सूर्यकुड़िया निवासी कंचन वर्मा व प्रयागराज के अरविंद कुमार ने मंगलवार को जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि विधायक ने चुनाव के दौरान उन सभी से अलग-अलग रुपये लिया था। किसी से कार्यालय खर्च के नाम पर रुपया लिया गया तो किसी से होटल खर्च के लिए रुपये लिया गया।

उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया था कि वह चुनाव जीतते ही उनका रुपया लौटा देंगे, लेकिन उनके रुपये नहीं लौटाए गए। अब उन्हें धमकियां मिल रही हैं। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का कहना है कि उनके कुछ विरोधी लोग हैं। जैसे ही वह थोड़ा लाइट में आते हैं, यह मामला उठाते रहते हैं। यह चीजें अखबार में आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 21 थाने हैं। ढाई वर्षों में उनके विरुद्ध आज तक कहीं तहरीर नहीं पड़ी। आज सब कुछ सोची समझी साजिश के तहत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह इससे प्रभावित होने वाले नहीं हैं। वह अपनी मांगों पर कायम रहेंगे।

# रामलीला मैदान में बारावफात का जुलूस ले जाने से आक्रोश

**बढ़नी (एसएनबी)।** दो दिन पूर्व संपन्न हुए बारावफात के जुलूस के रामलीला मैदान में जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश है।पुलिस प्रशासन के मौजूदगी के बावजूद जुलूस के नई शुरुवात किए जाने से आक्रोशित रामलीला समिति तथा अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन व मुहज्जरनामा देकर त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

**पुलिस प्रशासन कुछ समझ पाता कि जुलूस रामलीला मैदान पहुंच गया था**

रामलीला समिति,बढ़नी के अध्यक्ष एवं प्रबंधक की अगुवाई में विहिप, एबीवीपी, संघ आदि के पदाधिकारियों ने आज उप जिलाधिकारी को कई पृष्ठों का एक ज्ञापन सौंपा है।उक्त ज्ञापन के बावत जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने बताया कि गत 16 सितंबर को बारावफात का जुलूस तमाम वाहनों आदि के साथ निकला था,जो नगर भ्रमण करने के दौरान साजिशन रामलीला मैदान में भी ले जाया गया,जहा गाड़ियों पर चढ़कर झंडा लहराया गया और तमाम तरह के भड़काऊव आपत्तिजनक नारे लगाकर हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। थानाध्यक्ष ढेबरुआ, चौकी इंचार्ज बढ़नी तथा कई अन्य दरोगाओं के मौजूदगी के बावजूद रामलीला मैदान में जुलूस ले जाकर खुराफात करने की कोशिश की गई।यदि उसी समय विरोध किया गया होता स्थिति बिगड़ सकती थी।

समिति के लोगों ने ज्ञापन में कहा है कि रामलीला मैदान हिंदू आस्था का केंद्र है जहां हिंदुओ के विविध धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रम परंपरागत रूप से संपन्न होते हैं। यह जानते हुए भी स्थानीय जिम्मेदारों ने जुलूस को हिंदू धार्मिक स्थल पर कैसे जाने दिया। लोगों ने मांग की है कि जुलूस के जिम्मेदारो पर कार्यवाही करते हुए एसओ, चौकी इंचार्ज आदि जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर भी कार्यवाही तय की जाय ताकि भविष्य में कोई खुराफात, सांप्रदायिक तनाव की स्थिति न पैदा हो। एसडीएम ने ज्ञापन लेते हुए विधिक कारवाई करने का आश्वासन दिया।ज्ञापन दाताओं ने कहा कि 3 दिन में यदि समुचित कारवाई नही हुई तो हिंदू जनमानस आंदोलन को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हिंदू संगठन के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

# ठगी का शिकार हुई महिला

**भवानीगंज (एसएनबी)**। भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया में एक महिला के ठगी का मामला प्रकाश में आया है। महिला के खाते से पांच हजार रुपये उड़ा लिये गये हैं। अपने दिए गये शिकायती प्रार्थना पत्र में प्रभावती पत्नी तुलसीराम ने कहा है कि बीते 9 सितंबर 2024 को दो लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और कहा कि आपका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है मैं बनाने आया हूं। अंगूठा लगा दो उनके कहने पर हमने अंगूठा लगा दिया फिर वह दोनों चले गये। प्रार्थनी जब 18 सितंबर 2024 को अपने खाते में भड़रिया स्थिति बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा में पन्द्रह सौ रुपये जमा करने गई तो उसे पता चला कि उसके खाते से पांच हजार रुपया गायब है। खाते से पैसा निकलने की जानकारी होते ही प्रार्थनी हैरान व परेशान हो गई, जिसको लेकर उसने प्रार्थना पत्र के माध्यम से मदद की गुहार लगाई है।

# भड़काऊ नारे लगाने पर चार गिरफ्तार

**डुमरियागंज (एसएनबी)**। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में एक मंदिर के सामने भड़काऊ नारे लगाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने ‘गुस्ताख ए नबी की एक सजा, सर तन से जुदा’ जैसे नारे लगाए थे और यह धमकी भी दी थी कि वे हर साल ऐसे नारे लगाते रहेंगे। पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अब्दुर्रहीम, अब्दुल मोबिन, इमरान खान और गुलजार चौधरी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को धारा 170, 126 और 135 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने किया था।

# 48 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**बांसी(एसएनबी)**। अवैध शराब के निर्माण,बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध आबकारी निरीक्षकों व थाना मिश्रौलिया की संयुक्त टीम द्वारा ओदनवाताल, मंझरिया झकैया , सोनौली नानकार, अलीगढवा, रामनगर आदि में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान तलाशी में लगभग 48 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई व लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक बांसी संजय कुमार पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक डुमरियागंज मोनी शुक्ला, आबकारी निरीक्षक इटवा रितिक वर्मा, थानाध्यक्ष मिश्रौलिया अरुण कुमार,उपनिरीक्षक दीपनारायण यादव, शिवदास गौतम शामिल रहे।

# पुलिस ने साढ़े तीन कुंतल लहन नष्ट किया

बांसी। आबकारी विभाग व मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को ओदनवाताल, मंझरिया झकैया, सोनौली नानकार, अलीगढ़वा, रामनगर आदि में छापेमारी की। इस दौरान 48 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

# एसपी ने दो थानेदारों को हटाया, मान गए विधायक

**धरना समाप्त**

- विधायकों ने जूस पिलाकर नौवें दिन समाप्त कराया धरना
- 10 सितंबर से एसपी को हटाने की मांग को लेकर दे रहे थे धरना

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी प्राची सिंह को हटाने, शोहरतगढ़ व ढेबरुआ थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नगर पालिका पर गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दे रहे शोहरतगढ़ से अपना दल एस विधायक विनय वर्मा का धरना बुधवार को नौवें दिन शोहरतगढ़ व ढेबरुआ थानाध्यक्ष को हटाने के बाद समाप्त हो गया। कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, भाजपा जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा व भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया।



गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दे रहे शोहरतगढ़ से अपना दल एस विधायक विनय वर्मा को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराते जनप्रतिनिधि। ● हिन्दुस्तान

शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने 10 सितंबर की शाम से शहर की नगर पालिका पर गांधी प्रतिमा के सामने पुलिसिया उत्पीड़न व भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धरना शुरू किया था। इस बीच उनके पास भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का भी फोन आया था लेकिन विधायक इस बात पर अड़े रहे कि एसपी को हटाए बगैर वह धरना समाप्त नहीं करेंगे। अचानक बुधवार को धरना में ट्वीस्ट आ गया। एसपी ने शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह व ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक सिंह को हटा दिया।

दोनों थानाध्यक्षों के हटने के बाद कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, भाजपा जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा और भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान धरना स्थल पर पहुंच गए और धरनारत विधायक को जूस पिलाकर धरना समाप्त करा दिया।

# आपत्तिजनक नारा लगाने पर चार गिरफ्तार

डुमरियागंज। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में बारह रवी उल अव्वल के दिन जूलूस के दौरान भारतभारी मंदिर के सामने आपत्तिजनक नारे लगाने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने बताया कि शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपितों की पहचान अब्दुर्रहीम, अब्दुल मोबिन, इमरान खान और गुलजार चौधरी के रूप में हुई है। सभी पर धारा 170, 126 और 135 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

# पीआरडी जवान को धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शिकंजा**

- उस्का बाजार पुलिस ने धमकी का वीडियो वायरल होने के बाद की कार्रवाई
- गिरफ्तार आरोपित उस्का के परसा शुकुरुल्ला गांव के हैं निवासी

**उस्का बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** उस्का बाजार थाना क्षेत्र के उस्का राजा पुलिस पीकेट पर मंगलवार को ड्यूटी करने वाले पीआरडी जवान राजू चौरसिया को बाइक से पहुंचे दो युवकों ने पहले अपशब्द कहा फिर वर्दी उतरवा लेने की धमकी दी। इसका किसी ने वीडियो बना कर मंगलवार शाम को ही सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होते ही पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर केस दर्ज कर लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार शाम जैसे ही वीडियो वायरल हुआ पुलिस सकते में आ गई। जिस स्थान पर दोनों युवक पीआरडी जवान को धमकी दे रहे थे वहां पुलिस पिकेट था। पुलिस पीआरडी जवान को धमकी देने वाले युवकों की पहचान में जुट गई थी। पुलिस ने धारा 170 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर आरोपी उस्का बाजार थाना क्षेत्र के परसा शुकुरुल्ला गांव निवासी बाबूलाल पुत्र बेचन लोधी व राम कुशल पुत्र भुल्लुर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उस्का बाजार थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पीआरडी को धमकी देने वाले दो युवक को गिरफ्तार

जासं, उस्का बाजार: नगर क्षेत्र उस्का बाजार अंतर्गत उस्का राजा पुलिस पिकेट पर तैनात पीआरडी जवान को धमकी देते इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो मामले में पुलिस ने बुधवार को दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक का वीडियो मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ था। वीडियो में दो युवक उस्का राजा पुलिस पिकेट पर तैनात पीआरडी जवान राजू चौरसिया का वर्दी उतरवाने की धमकी देते हुए दिख रहे थे। वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया और जांच कर दोनों युवकों की पहचान उस्का बाजार थाना क्षेत्रांतर्गत परसा सुकुरुल्लाह निवासी बाबूलाल व रामकुशल पुत्र भुल्लर के रूप में किया।

# आपत्तिजनक नारेबाजी के आरोपित गिरफ्तार

डुमरियागंज : बारह रवी अव्वल जुलूस के दौरान डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी मंदिर के पास कुछ युवकों ने आपत्तिजनक नारेबाजी की थी। तहरीर के आधार पर मंगलवार को स्थानीय पुलिस ने चार नामजद व सैकड़ों अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। बुधवार को पुलिस टीम ने नामजद चारों आरोपित अब्दुर्रहीम पुत्र अब्दुल कादिर, अब्दुल मोबिन पुत्र मोहम्मद सईं दोनों निवासी वार्ड संख्या नौ बजरंगनगर भारतभारी, इमरान खान पुत्र अकरम खान, गुलजार चौधरी पुत्र मोहम्मद मुर्तजा उर्फ मुर्तजा चौधरी निवासी वार्ड संख्या सात भरतनगर भारतभारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक उमेशधर द्विवेदी, मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह व विपिन सिंह, आरक्षी महेश चंद्र यादव, करुणेश शुक्ला शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, शिकायत

बांसी। खेसरहा के झुड़िया बुजुर्ग गांव में एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित गंगाराम ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से मारपीट हो गई। उन्होंने कहा कि मेरे पिता चुल्हई व मेरी पत्नी सुनीता जो दिव्यांग हैं बीच बचाव करने का प्रयास किए इससे नाराज होकर उन लोगों को भी मारने के लिए दौड़ा लिया।

# तीन बार हुआ माहौल बिगाड़ने का प्रयास, पुलिस पर उठ रहे सवाल

## आखिर वह कौन लोग हैं जो माहौल खराब करने की कर रहे कोशिश, बरावफात व गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हो चुका है बवाल

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: शोहरतगढ़ कस्बे का माहौल एक सप्ताह के भीतर तीन बार बिगाड़ने का प्रयास किया गया। कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग बरावफात की तैयारी को लेकर स्वागत गेट लगा रहे थे। इसे कुछ लोगों ने रोक दिया। पुलिस के समझाने पर चिन्हित स्थान से दो मीटर दूर गेट लगाने को कहा गया। पर अगले दिन फिर कुछ लोगों ने विवादित स्थल पर ही गेट लगाना शुरू किया। विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। तीसरी बार गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान विवाद हुआ। अब सवाल यह है कि वह कौन लोग हैं जो माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर तीन बार दो समुदाय के बीच हुए विवाद से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा है।

नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड नंबर 11 में रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोग बरावफात की तैयारी के दौरान बांस बल्ली लगाकर गेट लगा रहे थे। इस दिन दूसरे समुदाय के लोगों ने चल रहे कार्य को रोक दिया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर बांस बल्ली हटवाकर मामला शांत कर दिया था। पुलिस के मना करने के बाद उसी स्थान के पास दोबारा सोमवार को फिर बांस-बल्ली कुछ लोग लगाने लगे।

इसका जमकर विरोध हुआ। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि तीसरी बार गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान फिर विवाद शुरू हो गया। एक बार हुए विवाद के बाद यदि मोहल्ले में पुलिस की पर्याप्त संख्या में यदि ड्यूटी लगाई गयी होती तो शायद यह नौबत नहीं आती। प्रतिमा ले जाने के दौरान कुछ अराजकतत्वों ने भीड़ में शामिल लोगों पर ईंट-पत्थर भी फेंके। इसके बाद मामला गर्म हो गया। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र होने लगे। प्रतिमा को विसर्जन करने के लिए ले जाने से रोक दिया। सीओ शोहरतगढ़ अरुणकांत सिंह का कहना है कि किसी को भी माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं है। इस मामले में पुलिस जांच में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में मुकदमा दर्ज

सिद्धार्थनगर : शोहरतगढ़ कस्बे में मंगलवार की रात को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में वार्ड नंबर 11 निवासी राधिका की तहरीर पर शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अल्ताफ हुसैन, रसीद, गुड्डू रमजान, राज कुरैशी समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक नारा लगाने, पथराव करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। सीओ शोहरतगढ़ अरुणकांत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

### देररात तक चला गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, जयघोष से गूंजा वातावरण

- सिंगारजोत राप्ती नदी तट पर विसर्जित की गई प्रतिमाएं
- खूब उड़े अबीर-गुलाल, चरम पर रहा युवाओं का उत्साह



सिंगारजोत स्थित राप्ती नदी तट पर विसर्जन से पहले पूजन करते श्रद्धालु • जागरण

जागरण संवाददाता, बिजौरा : भनवापुर विकास खंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार की शाम सिंगारजोत स्थित राप्ती नदी तट पर हुआ। इसके साथ ही यहां चल रहे गणपति पूजा समारोह का समापन हुआ। विसर्जन जुलूस में खूब अबीर-गुलाल उड़े और फिर नदी तट पर जयघोष के साथ मूर्ति को विसर्जित किया गया। देररात तक इसका क्रम चलता रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन व्यवस्था मुस्तैद दिखी।

सिंगारजोत, दखिन्हवा, जानकी नगर, सिकंदरपुर, कुड़ी, रोहावा बुजुर्ग में रखी प्रतिमाएं उठाई गई। गाजे-बाजे के बीच युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। गणपति बप्पा मोरया की गूंज से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। प्रमुख मार्गों पर भ्रमण के दौरान भक्ति गीतों पर युवा उत्साहित दिखे। जुलूस के साथ प्रतिमाएं राप्ती नदी तट पर ले जाई गई और वहां पूरी भक्ति के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर अजय यादव, छैल बिहारी यादव, रामफेर यादव, नरेंद्र सोनी, अजय आर्या आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे। शांति व्यवस्था के दृष्टिगत चौकी इंचार्ज बिजौरा सुदीप कुमार यादव, गौरी शंकर चौरसिया, देवेंद्र कुमार, अर्जुन यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय दिखाई दिए।

# 48 लीटर कच्ची शराब व लहन बरामद

जागरण संवाददाता बांसी: आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार की शाम ओदनवाताल, मंझरिया झकैया , सोनौली नानकार, अलीगढ़वा, रामनगर आदि गांवों में दबिश दिया। इस दौरान 48 लीटर कच्ची शराब तथा इसे बनाने में प्रयुक्त 350 किलो लहन बरामद किया गया। टीम के आने की सूचना मिलने पर धंधेबाज मौके से फरार हो गये। जांच टीम में आबकारी निरीक्षक बांसी संजय कुमार पाण्डेय आदि रहे।

# नेपाल ले जा रहे बकरों से लदा पिकअप धराया

सिद्धार्थनगर : 43वीं वाहिनी के सीमा चौकी अलीगढ़वा के नाका दल ने 27 नग बकरे और एक पिकअप को करमहवा के पास से पकड़ा है। धंधेबाज इसे नेपाल ले जाने की फिराक में थे। जवानों को देख गाड़ी चालक व इसमें सवार दो अन्य व्यक्ति भागकर नेपाल सीमा में चले गए। एसएसबी ने पकड़े गए सामान को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया है।

# तीन किलो चरस के साथ नेपाल में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

कपिलवस्तु। नेपाल के पर्सा जिले के वीरगंज से एक भारतीय नागरिक को दो किलो 960 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। चरस कहां से ला रहा था और कहां लेकर जा रहा था, इसके बारे में पुलिस जानकारी ले रही है। पर्सा जिला पुलिस प्रवक्ता डीएसपी दीपक गिरि ने बताया कि वीरगंज महानगर पालिका शहर वार्ड नंबर दो डंपिंग साइड की ओर नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त का कारोबार चल रहा था। इसकी सूचना के आधार पर तैनात पुलिस टीम ने आरोपी गोपाल गिरी कुडोल फतेहाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश के कब्जे से 2 किलो 960 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद किया, जिसे वह एक थैले में लेकर आ रहा था। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि चरस कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था। संवाद

# पिकअप में लदे 27 बकरे को एसएसबी ने पकड़ा

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी के सीमा चौकी अलीगढ़वा की टीम ने चेकिंग के दौरान बुधवार देर शाम नेपाल लेने जाने की कोशिश में एक पिकअप में लदे 27 बकरा पकड़ा। लिखापढ़ी करने के बाद बरामद बकरा सहित पिकअप को कपिलवस्तु पुलिस को सौंप दिया। संवाद

# नदी में डूबा व्यक्ति दूसरे दिन भी नहीं मिला

उसका बाजार। चौबाहेडीह गांव के दक्षिण बह रही बूढ़ी राप्ती नदी में मंगलवार को मछली पकड़ने के दौरान डूबा व्यक्ति बुधवार को भी नहीं मिला। पूरे दिन एसडीआरएफ टीम ने नदी में ढूंढा लेकिन उसका पता नहीं चला। लापता व्यक्ति कस्बा के चौबाहेडीह निवासी जगरोपन साहनी (47) है। वह मंगलवार की सुबह बूढ़ी राप्ती नदी में मछली पकड़ने गया था। इसी बीच उसकी डोंगी नाव डगमगा कर पलट गई। इससे जगरोपन साहनी संभल नहीं सका और नदी में गिरकर लापता हो गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी दूसरे दिन भी व्यक्ति का पता नहीं चल सका है। संवाद

# कच्ची शराब बरामद लहन किया नष्ट

सिद्धार्थनगर। बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में दबिश दी। आबकारी निरीक्षकों की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के ओदनवाताल, मंझरिया झकैया, सोनौली नानकार, अलीगढ़वा, रामनगर गांवों में चेकिंग अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान 48 लीटर कच्ची शराब व 350 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। टीम ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम की दो अभियोग पंजीकृत किया है। टीम में आबकारी निरीक्षक बांसी संजय कुमार पांडेय, आबकारी निरीक्षक डुमरियागंज मोनी शुक्ला, आबकारी निरीक्षक इटवा रितिक वर्मा, मिश्रौलिया अरुण कुमार, एसआई दीपनारायण यादव, शिवदास गौतम आदि मौजूद रहे। संवाद

## पीआरडी जवान को धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

उसका बाजार। उसका राजा पुलिस पिकेट पर तैनात पीआरडी जवान को धमकी देने का युवकों का वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ था। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया और दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वायरल वीडियो में पीआरडी जवान राजू चौरसिया है चुपचाप खड़ा था और दो युवक बाइक पर बैठकर उसे धमकी देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस एक्शन में आ गई। बुधवार को दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

भवानीगंज। सिलोखरा चौराहे पर बुधवार को ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम कंचनपुर निवासी मो. फहीम बाइक से जा रहा था, अनियंत्रित होकर ट्रक की चपेट में आ गया। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए सीएचसी, बेंवा पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल बस्ती भेज दिया। प्रभारी एसओ रामगति ने बताया कि घायल को अस्पताल भेजवा दिया गया और ट्रक को कब्जे में ले लिया गया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# जुलूस में आपत्तिजनक नारेबाजी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आए जुलूस में आपत्तिजनक नारेबाजी करने के आरोपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। बारावफात पर सोमवार को जुलूसे मोहम्मदी में भारतभारी मंदिर के पास आपत्तिजनक नारेबाजी करने के मामले में नामजद चार आरोपियों को डुमरियागंज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

डुमरियागंज थाने पर मंगलवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में चौकनिया निवासी रामविलास कन्नौजिया ने तहरीर देकर चार नामजद सहित सौ से अधिक अज्ञात के विरुद्ध आपत्तिजनक नारेबाजी करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने मंगलवार को चार नामजद और कई अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

### भारतभारी में बारावफात के जुलूस में की थी माहौल बिगाड़ने की कोशिश

डुमरियागंज प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव की अगुवाई में पुलिस शांति व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण पर थी। तभी भारतभारी के निकट आरोपी अब्दुर्रहीम, अब्दुल मोबिन निवासी वार्ड नंबर नौ बजरंगनगर भारतभारी थाना डुमरियागंज तथा इमरान खान, गुलजार चौधरी निवासी वार्ड नंबर सात भरतनगर भारतभारी दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी करके गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# तस्करी : हर दिन 40 क्विंटल तक भारतीय मटर भेजे जा रहे नेपाल

## मध्य प्रदेश और राजस्थान के मटर की तस्करी ज्यादा, स्थानीय बाजार में दाम बढ़ने की आशंका

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** नेपाल में खड़े मटर की डिमांड बढ़ने से सीमा पर मटर की तस्करी बढ़ गई है। मोटे मुनाफा के लिए तस्कर कैरियर के माध्यम से मध्यप्रदेश और राजस्थान से आने वाली मटर को सीमा पार पहुंचा रहे हैं। प्रतिदिन 35-40 क्विंटल मटर नेपाल जा रही है।

अभी तक बाजार भाव में बहुत अंतर तो नहीं आया है, लेकिन तस्करी का यही हाल रहा तो स्थानीय बाजार में दाम बढ़ जाएगा, जिससे यहां के लोगों को महंगी कीमत देनी होगी। महिलाओं और बाजार करने वाले बच्चों के तस्करी के धंधे में लिप्त होने के कारण सुरक्षा एजेंसी भी कुछ नहीं कर पा रही है। सूत्रों की माने तो जितना एक बड़ी बाजार में एक माह में खपत होता है, उतना बढ़नी और खुनुवां बार्डर के कुछ चुनिंदा दुकानदार प्रतिदिन बेच ले रहे हैं।

नेपाल से लगने वाली जिले की 68 किलोमीटर सीमा पर तस्करी अब आम बात हो चुकी है। सुरक्षा एजेंसियों की सख्ती के बावजूद तस्कर कोई न कोई रास्ता ढूंढ ले रहे हैं। अनाज से लेकर मादक पदार्थ और कपड़े तक की तस्करी बार्डर पर होती है, जिसे वस्तु की डिमांड बढ़ती है, उसे दोनों देश के तस्कर इस पार से उसपार पहुंचा रहे हैं। नेपाल में खड़े मटर की डिमांड बढ़ी है तो तस्कर खड़े मटर को नेपाल में पहुंचा रहे हैं। 45 से 48 रुपये किलो की दर से यहां मिल रहा है। जबकि, नेपाल में भारतीय मुद्रा से 70-75 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। 25 से 28 किलो मुनाफा पर मटर की तस्करी हो रही है। बढ़नी बार्डर से जुड़े लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक चुनिंदा दुकानदार हैं, जो दुकान पर स्टाक लगा लेते हैं। तस्करों से उनकी सेटिंग होती है, जो छोटे- छोटे बोरी और झोले में रख देते हैं। बार्डर पार और इसी पर के कैरियर तय हैं, जो दुकान पर खड़े हुए और सामान उठाए लेकर चल देते हैं। एक दिन में एक व्यक्ति कई बार चक्कर लगाता है।

तस्कर और दुकानदार के बीच बात रहती है। वह बाद में हिसाब कर लेते हैं। इसमें कैरियर कितनी बार आया और कितना लेकर गया। पूरा गिनती कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें पूरे का हिसाब मिल जाता है। वहीं कुछ लोग खुद खाने की बात कहकर इधर से लेकर जाकर उधर बेचने का काम करते हैं। कई बार तो जांच टीम के सामने से जाते हैं और पूछने पर बता देते हैं कि खाने के लिए ले जा रहे हैं साहब। 20,10 और पांच किलो होने के कारण अक्सर जाने दिया जाता है। वहीं, कई बार सुरक्षा एजेंसियों के गश्त के दौरान आगे पीछे होता देखकर झट से बार्डर पार पहुंचा जाते हैं। कुछ इसी प्रकार से खुनुवां बार्डर क्षेत्र के करहिया, फकरीडीह, पकड़िहवा के पास तस्कर कर रहे हैं।

खुनुवां और बढ़नी क्षेत्र से 35-40 क्विंटल मटर बार्डर पार पहुंच रहा है। ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है।



बढ़नी क्षेत्र में सीमा पार कराने की फिराक में बोरी रखे तस्कर। संवाद

### बेसन बनाने में कर रहे भारतीय मटर का प्रयोग

नेपाल के चाकर चौड़ा के रहने वाले कारोबारी ओपी जायसवाल ने कहा कि भारतीय सफेद मटर की डिमांड इसलिए बढ़ी है कि यहां चना के बजाय बेसन बनाने में प्रयोग हो रहा है। क्योंकि सफेद मटर पाला होता है जो जिससे आराम से चना के बेसन के दाम पर बिक जाता है। इसके साथ ही इसका छोला के रूप में उपयोग होता है। क्योंकि नेपाल के मटर की तुलना में बनने पर जल्दी पक जाता है। इसीलिए भारतीय बाजार के मटर की मांग रहती है।

राजनीति

पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग को लेकर धरना दे रहे थे शोहरतगढ़ विधायक

# हटाए गए दोनों थानाध्यक्ष...नौवें दिन धरना से उठे विधायक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** एसपी व ढेबरुआ और शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर चल रहा शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का धरना बुधवार को दोनों थानाध्यक्ष के हटाए जाने संबंधित एएसपी आदेश देखने के बाद समाप्त हो गया।

शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी और सदर विधायक श्यामधनी राही ने जूस पिलाकर धरने के समापन की घोषणा कर दी। विधायक ढेबरुआ थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में ढेबरुआ पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और शोहरतगढ़ एसओ पर अभद्रता सहित अन्य आरोप लगाते हुए हटाने की मांग की थी।

जब थानेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी सहित दोनों थानाध्यक्षों को हटाने के लिए धरने पर बैठ गए थे। कार्रवाई होने के बाद वह धरने से उठे। बता दें कि आठ दिन तक संवाद से सार्थक परिणाम नहीं निकला था, लेकिन जब दो विधायकों सहित अन्य भाजपा नेताओं ने पहल की तो धरना समाप्त हुआ।

बुधवार को नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के गांधी प्रतिमा के सामने चल रहे धरना स्थल पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, भाजपा के जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा पहुंचे और उन्होंने विधायक विनय वर्मा का पक्ष सुना। विधायक ने कहा कि शोहरतगढ़ क्षेत्र में पुलिस जनता का उत्पीड़न कर रही है, उनके विशेषाधिकार का भी हनन किया गया तो उन्होंने धरना देने के निर्णय किया। बातचीत के दौरान एडिशनल एसपी सिद्धार्थ धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने कुछ देर बाद विधायक को अपना मोबाइल में शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष अनुज सिंह एवं ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह को हटाए जाने का आदेश दिखाया।

उसके बाद दोनों विधायकों एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने विधायक विनय वर्मा को जूस पिलाकर, माला पहनाकर धरना समाप्त कराया। इस मौके पर विधायक के समर्थकों ने नारा लगाना शुरू किया। हालांकि, उन्हें समझाकर शांत करा दिया गया।



विधायक विनय वर्मा को जूस पिलाकर धरना को समाप्त करवाते एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी व विधायक श्यामधनी राही। संवाद

### बोले विधायक

**अपना दल** (एस) नेता एवं शोहरगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि वह अपना दल (एस), भाजपा और निषाद पार्टी के कार्यकर्ता हैं। भाजपा नेताओं ने दोनों थानाध्यक्षों को हटवाते हुए धरना समाप्त करने की बात की तो उनके सम्मान में उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की शिकायत प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंची है और उन्हें विश्वास है कि पुलिस अधीक्षक को भी सिद्धार्थनगर से हटाया जाएगा।

# एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश मामले में पीड़िता का बयान दर्ज

## 29 अगस्त की रात लखनऊ से पति और भाई के साथ घर लौटते समय चालक ने किया दुस्साहस

संवाद न्यूज एजेंसी

सकारपार। 29 अगस्त को अपने पति का इलाज करवाकर लखनऊ से घर लौट रही महिला के साथ एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश के बाद पीड़िता के पति की मौत हो गई थी, जिसके बाद पीड़िता ने लखनऊ के गाजीपुर कोतवाली में तहरीर देकर एंबुलेंस ड्राइवर एवं उसके सहयोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी।

इस मामले में लखनऊ पुलिस के बुलावे पर बुधवार को पीड़िता भाई और गांव के कुछ लोगों साथ चार पहिया वाहन से लखनऊ के गाजीपुर थाने में पहुंची। जहां से महिला पुलिस के साथ लखनऊ कोर्ट में पहुंची, जहां मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज हुआ। भाई के मुताबिक वह लखनऊ से घर से निकल चुकी है। बता दें कि बांसी कोतवाली क्षेत्र के एक


एंबुलेंस में दरिंदगी : आज बयान दर्ज कराने लखनऊ जाएगी पीड़िता

29 अगस्त को एंबुलेंस में महिला के साथ दरिंदगी का मामला

18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

गांव निवासी एक महिला 29 अगस्त को बीमार पति को निजी एंबुलेंस लेकर घर आ रही थी। इसी बीच एंबुलेंस में उससे दरिंदगी की कोशिश की गई थी।

एंबुलेंस से बीमार को पति को उतार देने से बस्ती और फिर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर और ले जाते वक्त पति की रास्ते में मौत हो गई थी। इस घटना बस्ती जनपद के छावनी थाना क्षेत्र में हुआ था। छावनी पुलिस की ओर से केस दर्ज नहीं किए जाने क बाद लखनऊ के गाजीपुर थाना में एंबुलेंस चालक और सहयोगी पर केस दर्ज किया गया था। इस मामले में लखनऊ पुलिस ने मुख्य आरोपी सूरज तिवारी के सहयोगी को दो दिन बाद गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। उसके बाद मुख्य आरोपी सूरज तिवारी खुद सरेंडर करके जेल चला गया था।

गाजीपुर कोतवाली की पुलिस ने पीड़िता के घर पर पहुंच कर बयान दर्ज किया था और कोर्ट में बयान के लिए लखनऊ बुलाया था, लेकिन पति के ब्रह्मभोज की वजह से पीड़िता नहीं जा पाई थी। बुधवार को पीड़िता लखनऊ कोर्ट में बयान देने के लिए अपने भाई एवं गांव के कुछ लोगों के साथ घर से सुबह पांच बजे के करीब निजी साधन से निकल पड़ी। दोपहर में ग्यारह बजे के करीब पीड़िता अपने भाई के साथ लखनऊ गाजीपुर के कोतवाली में पहुंच गई।

# बिजली बिल वसूली करने के गए कर्मी को उपभोक्ताओं ने दौड़ाया

संवाद न्यूज एजेंसी

पकड़ी बाजार। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के जम्हिरिया गांव में बुधवार को बकाया बिजली के बिल की वसूली करने गए कर्मचारी को उपभोक्ता ने दौड़ा लिया। जान बचाकर वह भाग खड़ा हुआ और डायल-112 को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। जेई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के जम्हिरिया गांव में पकड़ी फीडर से जुड़े कर्मचारी बिल वसूली करने के लिए गए थे। जहां एक उपभोक्ता से बकाए बिल के मामले को लेकर कर्मचारी से कहासुनी हो गई। किसी बात को लेकर उपभोक्ता ने बिजली कर्मचारी को मारने के लिए दौड़ा लिया। इसी बीच और कुछ लोग दौड़े। मौके की नजाकत को देखकर कर्मचारी जान बचाते हुए गांव के बाहर भाग निकले। हमले के डर से डायल-112 को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और काल करने वाले कर्मी से घटना के बारे में जानकारी ली। इस मामले में जेई ने शोहरतगढ़ थाने में शिकायत पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पकड़ी फीडर के जेई सतेंद्र कुमार ने उपभोक्ता पर आरोप लगाते हुए शोहरतगढ़ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लोकल फाल्ट से रातभर गुल रही बिजली

बढ़नी। बढ़नी कस्बे में मंगलवार की रात में 33 हजार हाईटेंशन तार में फॉल्ट होने के कारण बिजली बाधित रही। उमस भरी गर्मी में बुधवार दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। जानकारी के अनुसार, बढ़नी कस्बे में मंगलवार की रात अचानक हाईटेंशन लाइन में तकनीकी फाल्ट आने से पूरे कस्बे की बिजली गुल हो गई। इससे पूरी रात लोगों को काफी उठानी पडी। सबसे अधिक समस्या सुबह हुई। लोग मोबाइल चार्ज के साथ-साथ पानी के लिए परेशान रहे। नगर के विश्वनाथ ने बताया कि रात में बिजली कटने की वजह से बच्चे गर्मी से परेशान रहे। संवाद

# डुमरियागंज में कल से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। तहसील प्रशासन नगर क्षेत्र की सड़कों और प्रमुख चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कराएगा। तहसील प्रशासन ने मंगलवार की देर शाम डुमरियागंज-बेंवा मार्ग की सड़क पर लाउडस्पीकर से मुनादी कराके तीन दिन में सड़क और उसकी पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटा लेने की अपील की। 20 सितंबर से प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएगा।

डुमरियागंज तहसील प्रशासन की ओर से नगर पंचायत की गाड़ी से हल्लौर, जवजौवा, सिकाहरा, बेंवा में अतिक्रमण हटाने संबंधी मुनादी के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। कई स्थानों पर लोग मंगलवार की देर शाम अपने टीनशेड और अस्थाई निर्माण को हटाने में लगे दिखाई दिए।

## तहसील प्रशासन ने मुनादी कराकर तीन दिन में की अतिक्रमण हटाने की अपील

इस संबंध में डुमरियागंज एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि डुमरियागंज-बेंवा मार्ग पर आए दिन जाम और सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर डीएम के निर्देश पर आज हल्लौर से लेकर बेंवा चौराहा तक अतिक्रमण हटाने को लेकर एलान और मुनादी करा दी गई है। 20 सितंबर से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान सड़क और नाला/नाली के ऊपर अतिक्रमण पाए जाने पर अभियान चलवाकर ध्वस्त कर दिया जाएगा।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# कार सवार चोरों ने रात में उड़ाई बोलेरो

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के परसादपुर गांव स्थित घर के सामने खड़ी बोलेरो वाहन को बुधवार की भोर में करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने उड़ा दिया। घटना की जानकारी होने पर बोलेरो स्वामी ने धनघटा थाने पहुंचकर अज्ञात कार सवार चोरों के विरूद्ध धनघटा पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के संबंध में धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में अंबेडकरनगर जिले के इसौरी नसीरपुर निवासी अरविन्द यादव पुत्र पुरूषोत्तम ने बताया है कि मंगलवार को वह अपनी मां और भाई को पहुंचाने के लिए अपने बोलेरो वाहन यू.पी.45 बी.6907 (सिलवर कलर) से धनघटा थाना क्षेत्र के परसादपुर गांव आया था। रात में रूक गया और बोलेरो वाहन दरवाजे पर खड़ी की थी। बुधवार की भोर में करीब 2 बजे स्विफ्ट डिजायर कार से अज्ञात चोर पहुंचे और उसके बोलेरो वाहन को लेकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही चोरी हुई बोलेरो को बरामद कर घटना में शामिल चोरों की पहचान करते हुए उन्हें भी गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पाकिस्तानी मौलाना के फोटो लगे बैनर छापने वाला प्रिंटिंग प्रेस कार्रवाई की जद में

## मेंहदावल कस्बे में ईद-मिलादुन्नबी पर लगाया गया था बैनर, पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मंगलवार को भेजा था जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदावल।** कस्बे के एक मोहल्ले में बारावफात के दिन बैनर पर दो पाकिस्तानी मौलाना की तस्वीर लगाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मंगलवार को जेल भेजा था। अब केस की विवेचना जांच अधिकारी ने शुरू कर दी है।

मेंहदावल नगर के ठकुराही हरदीहटटा मोहल्ले में सोमवार की सुबह एक बैनर लगाया गया था। इसमें चार लोगों के फोटो लगाई गई थी। जिनमें एमआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी, मुफ्ति सलमान अजहरी महाराष्ट्र के हैं।

इन्हीं के साथ पाकिस्तानी मौलाना खादिम हुसैन रिजवी और पीर अजमल कादरी की फोटो लगी थी। हिंदू संगठन के नेताओं ने इसकी शिकायत एसपी से की थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### पुलिस ने बैनर लगाने वाली जगह के आसपास के लोगों का लिया बयान

बुधवार को केस की विवेचना कर रहे एसआई संजय वर्मा ने बैनर लगाने वाली जगह का निरीक्षण किया। इस मामले में कई लोगों के बयान भी दर्ज किया। पुलिस की रडार पर बैनर छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस भी है।


बैनर पर लगाए पाकिस्तानी मौलाना के फोटो, तीन गिरफ्तार

18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पुलिस की मानें तो बैनर छापने वाला प्रिंटिंग प्रेस बखिरा क्षेत्र के नंदौर बाजार में स्थित है। विवेचना के दौरान इन तथ्यों को प्रकाश में लाते हुए पुलिस अब प्रिंटिंग प्रेस को निशाने पर ली हुई है।


मेंहदावल के हरदी हट्टा मोहल्ले में लगा पोस्टर। स्रोत- वाईयसी

वहीं बैनर लगाने वाले स्थान के अगल-बगल के मोहल्लों के उन युवाओं को चिह्नित करने में जुटी है, जो उन्मादी विचारधारा के साथ ही बैनर लगाने वाले अपराध से जुड़े हुए हैं।

बैनर पर पाकिस्तानी मौलाना के फोटो के मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जेल भेजा गया है। जांच अधिकारी द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, अन्य जो लोग भी इस मामले में संलिप्त होंगे उन्हें विवेचना के दौरान प्रकाश में लाया जाएगा। वहीं बैनर जिस प्रिंटिंग प्रेस से छपवाया गया है उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।
-केशवनाथ, सीओ, मेंहदावल

विवेचक एसआई संजय वर्मा का कहना है कि इस मामले में कई लोगों के बयान दर्ज करते हुए बैनर छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस को चिह्नित किया गया है। पुलिस प्रिंटिंग प्रेस पर भी कार्रवाई कर सकती है।

धौरहरा के पास स्थित है मिल, फिनिश माल गोदाम में दोपहर दो बजे अचानक लगी आग

# रैना पेपर मिल में लगी भीषण आग करोड़ों का सामान जल कर राख

आग से आफत

संतकबीरनगर/मगहर, हिटी। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के धौरहरा में स्थित रैना पेपर मिल के गोदाम में बुधवार को दोपहर बाद अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी और विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे मिल में अफरातफरी मच गई। मिल कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। घटना की सूचना के आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं और आग बुझाने में जुट गईं।

गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे धौरहरा गांव के पास रैना पेपर मिल स्थित है। इस मिल के पूर्वी छोर पर दूसरी यूनिट है। इस यूनिट के फिनिश माल गोदाम में बुधवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही मिल में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। मिल के लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड को दिया। सूचना के 30 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन आग भयावह रूप ले चुकी थी, जिसकी वजह से फायर ब्रिगेड के कर्मी आग बुझाने में जूझते रहे। मिल मैनेजर अखिलेश गिरी ने बताया कि सेल्स मैनेजर अय्यूब खान ने फोन पर दो बजे गोदाम में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद फायर को सूचना दी गई। सूचना पर बाद फायर ब्रिगेड के कर्मी मौके पर पहुंच गए। इस घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आंकलन करना अभी मुमकिन नहीं है। आग पर काबू पाने के बाद ही नुकसान का पता लग पाएगा।


जेसीबी से शेड तोड़कर गोदाम में पानी की बौछार करते फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

### आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां

रैना पेपर मिल में लगी आग की विकरालता की वजह से मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां कम पड़ने लगीं। जबकि जिले की चार फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर आग बुझाने में जुटी थी। कोतवाल सतीश सिंह ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। भीषण आग को बुझाने के लिए गोरखपुर से दो और बस्ती से एक तथा सिद्धार्थनगर से एक फायर ब्रिगेड की गाड़िया मंगाई। आठ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### जेसीबी व गैस कटर से काट कर आग को काबू करने का प्रयास

रैना पेपर मिल के जिस गोदाम में आग लगी थी, वह पेपर व रोल से भरा था। यही कारण था कि जैसे ही आग की चिंगारी उठी, उसे अपने आगोश में ले लिया। गोदाम से आग की लपटें निकल रही थी। गोदाम टिन शेड का होने के कारण उसका कलर बदल गया था। इस गोदाम को काटने के लिए जेसीबी व गैस कटर का उपयोग करना पड़ा।

### दूसरे गोदाम को सुरक्षित करने पर रहा फोकस

रैना पेपर मिल के फिनिश गोदाम में आग लगी थी। इसके बगल में एक और गोदाम था। जिसे बचाने पर पूरा फोकस था। आग लगी गोदाम के ठीक उत्तर में भी गोदाम था और उसे बचाने में लोग जुटे रहे। यही कारण है कि जैसे ही जिले की फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, वैसे ही तत्काल उसी गोदाम को बचाने में फायर कर्मी जुट गए। इस गोदाम माल के साथ ही कीमती मशीनें हैं। जिसे सुरक्षित करना प्राथमिकता में शामिल था।

# आग के विकराल रूप पर बेअसर थी पानी की बौछार

■ कमर आलम अंसारी

मगहर। गोरखपुर- लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे धौरहरा गांव के पास स्थित रैना पेपर मिल में बुधवार को दोपहर करीब दो बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से मिल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मिल के कर्मचारी और अधिकारी आग बुझाने का प्रयास शुरू किए, लेकिन आग की लपटें देख कर कोई पास जाने का साहस नहीं जुटा पाया। संतकबीरनगर, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर की कुल आठ गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही, लेकिन आग की विकरालता के आगे फायर की गाड़ियों की पानी की बौछारें फीकी पड़ जा रही थीं। गुरुवार सुबह तक आग पूरी तरह से बुझ पाने की उम्मीद जताई गई।'

रैना पेपर मिल में अचानक लगी आग ने देखते-देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घटना देखकर मिल में मौजूद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। केबिन छोड़ कर एक यूनिट से दूसरी यूनिट में पैदल मिल के प्रबंधक अखिलेश गिरी व कैशियर को जाता देख अन्य कर्मचारी भी साथ हो लिए। इनके पीछे मंझरिया गांव के ग्रामीण भी मिल के अन्दर घुस गए। मिल गोदाम से निकल रही आग को देख कोई भी उसके पास जाने का साहस नहीं जुटा पा रहा था। अधिकारी जल रहे गोदाम के ठीक बगल के गोदाम को सुरक्षित करने के लिए जद्दोजहद में जुट गए। ये दोनों अधिकारी गांव के हैदर अली, लल्लन और मिल के कर्मचारियों को साथ लेकर समरसेबुल के जरिए आग पर काबू पाने में जुट गए। बाद में गांव के लोग जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर मिल में दाखिल हो गए। सूचना पर एएसपी सुशील कुमार सिंह, एसडीएम शैलेश दूबे, तहसीलदार जनार्दन प्रसाद, कोतवाल सतीश सिंह, चौकी इंचार्ज मगहर राजीव सिंह और महिला पुलिस कर्मी पहुंच गए।

### पड़ोसी जिलों से मंगाई गईं फायर बिग्रेड की गाड़ियां

डीएम-एसपी ने गोरखपुर, बस्ती और सिद्धार्थनगर से बात कर मंगाई गाड़ियां

घटना की सूचना पर डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सक्रियता दिखाते हुए गोरखपुर, बस्ती और सिद्धार्थनगर के डीएम-एसपी से वार्ता की। पहले जिले की चार फायर ब्रिगेड की गाड़िया आग बुझाने में लगी थी, बाद में गोरखपुर दो, बस्ती और सिद्धार्थनगर से एक-एक और फायर ब्रिगेड की गाड़िया मंगा ली गई। कुल आठ फायर बिग्रेड की गाड़िया आग बुझाने में जुटी रही, लेकिन देर रात आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई थी। जिस माल गोदाम में आग लगी थी, उसमें पेपर का रोल रखा गया था,जो जल रहा था। हाईवे से गुजरने वाले वाहनों में सवार लोग आग की घटना को निहारते देखे गए। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि आठ गाड़ियां आग बुझा रही है। देर रात आग पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी। पूरी तरह आग बुझने में सुबह हो जाएगी।

# पेपर मिल के गोदाम में आग से एक करोड़ के कागज खाक

■ आग पर काबू पाने को तीन जनपदों से पांच दमकल मंगाए गए, घंटों बाद भी नहीं पाया जा सका आग पर काबू

■ पानी खत्म हो जाने के कारण आग बुझाने में आ रही है समस्या

मगहर(एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के धौरहरा में स्थित रैना पेपर मिल के गोदाम में बुधवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना से मिल के गोडाउन में रखा करोड़ों रु. के कागज जल कर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए चार जनपदों के आठ दमकल लगाए गए हैं। घण्टों मशक्कत के बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। समाचार लिखे जाने तक दमकलों द्वारा आग बुझाने की कोशिश जारी रही लेकिन पानी खत्म हो जाने के कारण आग को पूरी तरह बुझा पाने में कठिनाई आ गई थी। घटना की सूचना पर जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

गोडाउन में अचानक आग लग लगने से अफरा-तफरी मच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश में लोग जुट गये। इसकी सूचना मिल प्रबंधन ने फायर सर्विस को दी। सूचना के बाद तीन जनपदों के सात दमकल वाहन एवं कर्मचारी एक-एक कर पहुंचे। जिसमें एक दमकल बस्ती, दो गोरखपुर और चार संतकबीरनगर के लगे थे। कड़ी मशक्कत के बावजूद लगभग पांच घण्टे के बाद भी पूरी तरह से देर शाम तक आग बुझ नहीं सकी थी। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मिल मैनेजर अखिलेश गिरि ने बताया कि सेल्स मैनेजर अय्यूब खान ने फोन पर दोपहर लगभग दो बजे गोदाम में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आधा दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच चुके हैं तथा आग बुझाने में जुटे हैं। अभी तक आग पूरी तरह बुझ नहीं सकी है। आग पर काबू पाने के बाद ही नुकसान का पता लग पायेगा। उन्होंने बताया कि आग लगने की घटना में लगभग एक करोड़ से अधिक की क्षति का अनुमान है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, एएसपी सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार सदर जनार्दन,नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी, राजस्व निरीक्षक चंद्रभूषण कन्नौजिया, कोतवाली निरीक्षक सतीश कुमार सिंह,एसआई अशोक सिंह मौके पर मौजूद रहे।


रैना पेपर मिल में लगी आग, आग पर काबू पाने का प्रयास करते फायर विभाग के कर्मचारी।

# अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय का किया बहिष्कार

जासं, धनघटा: तहसील बार एसोसिएशन धनघटा की बैठक बुधवार सभागार में हुई। उप निबंधक कार्यालय का यथावत संचालन के लिए उप जिलाधिकारी के निर्णय की सराहना की। उप जिलाधिकारी न्यायालय, चकबंदी व नायब तहसीलदार न्यायालय के न्यायिक बहिष्कार को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। जबकि तहसीलदार न्यायालय के कार्य बहिष्कार का निर्णय यथावत बना रहेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए तहसील बार एसोसिएशन धनघटा के अध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उप निबंधन कार्यालय के पूर्व तरीके से संचालन किए जाने के एसडीएम के निर्देश का स्वागत योग्य कदम है। पिछले दिनों से चल रहे उप जिलाधिकारी न्यायालय के न्यायिक बहिष्कार का निर्णय स्थगित किया जाता है। साथ ही चकबंदी व नायब तहसीलदार न्यायालय के न्यायिक बहिष्कार भी स्थगित रहेंगे। तहसीलदार धनघटा की कार्यशैली को देखते हुए तहसीलदार न्यायालय का न्यायिक बहिष्कार पूर्व की भांति जारी रहेगा। पूर्व तहसील अध्यक्ष लालशरण सिंह ने कहा कि तहसीलदार की क्रिया कलाप से सभी अधिवक्ता परेशान है। बैठक में यह निर्णय लिया गया मौजूदा तहसीलदार के स्थानांतरण होने तक तहसील न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा। इस अवसर पर श्रवण सिंह चौहान, गंगाराम प्रजापति, जयप्रकाश नारायण, अन्नपूर्णा मांझी, उदयभान, विशंभर नाथ, प्रेम नारायण मिश्र, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, शिवप्रसाद दिलीप राय, नितिन मिश्र, राधेश्याम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# हाईवे पर स्थित रैना पेपर मिल के गोदाम में लगी आग

## आग लगते ही काम छोड़कर बाहर निकले कर्मी, सात दमकल गाड़ियों के प्रयास से आग पर पाया काबू


आग बुझाते दमकल कर्मी ● जागरण


घटनास्थल पर एएसपी सुशील सिंह ( बाएं से चौथे), एसडीएम शैलेश दुबे ● जागरण

जासं, मगहर: गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित रैना पेपर मिल में बुधवार को अज्ञात कारणवश आग लग गयी। इससे अफरातफरी मच गई। मिल के कर्मी व आसपास के लोग आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। सूचना मिलने पर इस जनपद के अलावा बस्ती व गोरखपुर जिले की सात दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। एएसपी व खलीलाबाद के एसडीएम भी पहुंचे। देर शाम तक आग पर काबू पाया गया।

इस पेपर मिल के पूर्वी छोर पर दूसरी यूनिट स्थापित है। इसमें स्थित गोदाम में तैयार किए गए पेपर को रखा जाता है। बुधवार को दोपहर के करीब दो बजे अचानक आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गयी। मिल के कर्मी काम छोड़कर बाहर आ गए। आसपास के लोगों के सहयोग से आग को बुझाने में जुटे। आग की लपटों से घिरे गोदाम के पास कोई नहीं जा पा रहा था। घटना के करीब आधे घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी। आग की लपटें बढ़ते देख जनपद की चार दमकल गाड़ियों के अलावा गोरखपुर से दो और बस्ती जनपद से एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। एएसपी सुशील सिंह व खलीलाबाद के एसडीएम शैलेश दूबे भी मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद दमकल कर्मियों ने देर शाम आग पर काबू पा लिया। मिल के मैनेजर अखिलेश गिरी ने बताया कि सेल्स मैनेजर अय्यूब खान ने फोन पर दो बजे गोदाम में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फिलहाल क्षति का अभी आंकलन कर पाना मुश्किल है।

# कर्ज में डूबे परिवार के मुखिया ने की आत्महत्या

- धनघटा थाने के ग्राम बकैनिहा पकड़ी गांव का निवासी है युवक
- गोरखपुर के रुस्तमपुर ढाले के समीप स्थित मकान में दी जान

जागरण संवाददाता, धनघटा: धनघटा थाना के बकैनिहा पकड़ी गांव निवासी मजदूर ने गोरखपुर के रुस्तमपुर ढाले के समीप स्थित मकान में मंगलवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने निजी बैंक से पत्नी के नाम से कर्ज लिया था। कर्ज की किस्त न जमा कर पाने वहीं बैंक कर्मियों द्वारा लगातार फोन करके जमा करने की बात कहने से तनाव में था। उसकी मृत्यु से घर में कोहराम मच गया है।

धनघटा थाना के बकैनिहा पकड़ी गांव निवासी 30 वर्षीय अर्जुन पुत्र रामचरण मजदूरी करते हैं। पिछले एक वर्ष में गरीबी से उबरने के लिए उसने पत्नी शकुंतला देवी के नाम पर सात निजी बैंकों से कुल तीन लाख 86 हजार रुपये ऋण लिया था। वह कुछ दिन तक किस्त जमा करते रहे। कुछ माह बाद वह किस्त जमा करने में असमर्थ हो गए। निजी बैंकों द्वारा किस्त अदा करने का दबाव देख वह अपनी पत्नी व दो मासूम बच्चों के साथ मजदूरी करने गोरखपुर चला गया। वहां पर पत्नी के साथ मजदूरी करने लगा। वहीं किस्त का बोझ बढ़ता जा रहा था। वह एक सप्ताह पूर्व पत्नी को गोरखपुर से घर भेज दिया। पत्नी के घर पहुंचने पर निजी बैंक के कर्मी उसके घर पहुंचकर किस्त जमा करने का दबाव बनाने लगे। उसकी पत्नी ने उन्हें फोन करके किस्त जमा करने की बात कही। पत्नी ने बताया कि निजी बैंक के कर्मी उन्हें किस्त जमा करने के लिए लगातार फोन कर रहे थे। मानसिक दबाव के चलते उनके पति ने गोरखपुर स्थित रुस्तमपुर ढाले के समीप मकान में मंगलवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाध्यक्ष-धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शोर मचाते रहे गृह स्वामी बोलेरो उड़ा दिए बदमाश

धनघटा। नगर पंचायत हैंसर बाजार धनघटा के प्रसादपुर वार्ड में राम जानकी मार्ग के किनारे खड़ी बोलेरो को मंगलवार की रात बदमाश उड़ा दिए, जबकि वाहन स्वामी शोर मचाते रहे। बुधवार की सुबह लोहरैया-कुरी मार्ग पर बोलेरो बारीडीहा गांव के पास खड़ी मिली। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

आंबेडकर नगर जिले के आलापुर क्षेत्र के इसौरी नसीरपुर गांव निवासी अरविंद यादव पुत्र पुरुषोत्तम का कहना है कि वह अपने भाई और परिवार को प्रसादपुर छोड़ने के लिए बोलेरो से आए थे। विलंब हो जाने की वजह से घर नहीं लौटे और वाहन को उनके आवास के सामने खड़ी करके सो गए। रात में करीब दो बजे पांच लोग बाइक से आए और वाहन को राम जानकी मार्ग पर खड़ा करके वहां से उतर कर आपस में बातचीत करने लगे।

थोड़ी देर बाद वो खड़ी बोलेरो के पास आए और उसे धक्का देकर सड़क पर ले जाने लगे। बोलेरो को ले जाता देख शोर मचाते हुए उनकी तरफ़ दौड़ा तो वह लोग दोनों वाहन के साथ हैंसर बाजार की तरफ भाग निकले। बुधवार की सुबह सूचना मिली कि लोहरैया- कुरी मार्ग पर बारीडीहा गांव के पास एक बोलेरो खड़ी है। जाकर देखा तो वही वाहन है। पुलिस वाहन को लेकर थाने आई। पुलिस के मुताबिक इस मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# तमंचा दिखाकर झाड़ रहा था रौब, पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के नाथनगर चौराहा के पास बाजार में मंगलवार की देर शाम 7:30 बजे देसी कट्टा लेकर किशोर को रौब झाड़ना महंगा पड़ गया। नाराज दुकानदार भड़क गए। कट्टा लहरा रहे एक किशोर को पकड़कर पिटाई कर नाथनगर स्थित बूथ पर ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंच गई। पुलिस मामले की छानबीन के साथ युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया। मंगलवार की शाम नाथनगर मुख्य बाजार में रोज की तरह ग्राहकों की भीड़ थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ देर बाद एक किशोर मौजूद लोगों में धौंस झाड़ने के लिए असलहा का प्रदर्शन करने लगा। यह देख स्थानीय दुकानदार और युवा भड़क गए। पहले उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद असलहा समेत पुलिस बूथ पर ले जाकर सौंप दिया। पुलिस हिरासत में रखे गए किशोर के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं कार्रवाई कर बाल सुधार गृह भेज दिया। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# नौ आरोपियों के विरुद्ध अदालत ने दर्ज किया परिवाद

गोंडा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा ने आरटीआई कार्यकर्ता से मारपीट करने के आरोप में नौ आरोपियों के विरुद्ध परिवाद दर्ज कर प्रकरण पर सुनवाई शुरू की।

आरटीआई कार्यकर्ता प्रताप नारायण दूबे ने अदालत के समक्ष इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि वह विधि का छात्र तथा आरटीआई कार्यकर्ता है। उसने कंपोजिट विद्यालय बेलवा बाजार में मध्यान्ह भोजन योजना में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जन सूचना मांगा था। बीते पंद्रह मई को सुबह नौ बजे अपने बच्चे को विद्यालय में छोड़ने गया था। इसी दौरान प्रधान बेलवा बाजार, सचिव, प्रधानाध्यापिका व समस्त सहायक अध्यापकों सहित कुल नौ लोगों ने मार-पीट करना शुरू कर दिया। इसकी सूचना थाने व पुलिस अधीक्षक को दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए परिवाद में दर्ज कर वादी के बयान व प्रकरण की सुनवाई के लिए तिथि नियत कर दी।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

धानेपुर। धानेपुर पुलिस ने त्रिभुवन नगर ग्रंट के कोटेदार के यहां एक पखवाड़े पहले हुई चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के कोटेदार ओमप्रकाश के मुताबिक उनके कोटा के गोदाम का ताला काट कर चोरों ने 1 सितंबर की रात को चोरों ने सोलर पैनल, बैटरी इन्वर्टर व 14 बोरा चावल उठा ले गए थे । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इस मामले में 18 सितंबर को सूरज व कुलदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# खिड़की का दरवाजा तोड़कर सामान पार किया

रुपईडीह। कौड़िया थाना क्षेत्र के कस्बा रामापुर में चोरों ने एक घर के खिड़की का दरवाजा तोड़ कर घर में रखा बर्तन व पानी का मोटर उठा ले गए। जिसकी सूचना गृह स्वामी शिशु मोहन श्रीवास्तव ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच व पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# बच्चे के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के मझगवां अहिरन पुरवा निवासीनी रामदुलारी देवी पत्नी रामकुमार ने थाने पर तहरीर दिया है कि छोटे बच्चे के विवाद को लेकर विपक्षी त्रिभुवन सोनकर, रवि सोनकर, जुगरा पत्नी सूर्यलाल सोनकर निवासी मझगवां व धर्मेंद्र सोनकर निवासी दलपतपुर थाना मोतीगंज ने वादी व ससुर भगेलू सोनकर को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा। जान से मारने की धमकी दी है। मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**विरोध**

- मंडल के चारों जिलों के कांग्रेसी हुए शामिल
- प्रदेश महासचिव ने की प्रदर्शन की अगुआई



कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस की ओर से आयोजित प्रदर्शन में पार्टी के नेता।

गोण्डा, संवाददाता। प्रदेश की कानून व्यवस्था और पुलिसिया उत्पीड़न के मुद्दे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने बुधवार को धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार कोराहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जिला पंचायत टीन शेड में मंडल स्तरीय धरना प्रदर्शन हुआ। कांग्रेसियों ने आयुक्त कार्यालय पर एसडीएम सदर अविनाश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश महासचिव अरशद खुर्शीद ने कहा कि प्रदेश अपराध की गढ़ बन चुका है। अयोध्या में जिस तरह दलित किशोरी से बलात्कार की घटना हुई बहुत ही शर्मनाक है। जिस तरह जाति धर्म को देखकर प्रदेश में पुलिस कार्यवाही कर रही है, वह चिंताजनक है। पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने कहा कि देश संविधान से चलेगा किसी नेता की मर्जी से नहीं सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाकर प्रमाणित कर दिया कि कहीं ना कहीं संविधान का मखौल उड़ाया जा रहा था। प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता, राणा शिवम सिंह, त्रिलोकी नाथ तिवारी, ने प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था और पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठाए।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीह। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक किशोरी से दुष्कर्म करने के वांछित आरोपी नईम अली निवासी कोचवा को गड़रियन पुरवा मोड़ के पंडित चौराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। इसमें दरोगा वीरेंद्र प्रसाद पाल, कांस्टेबल प्रभाकर पांडेय रहे।

# चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल मनोज पाठक ने बताया रामराज मौर्या निवासी बरा निजाम पोस्ट पुरैना बाजार जनपद बहराइच की बाइक अस्पताल से चोरी हुई थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आरोपी भोलेनाथ प्रजापति और राजू को स्टेशन रोड से रानीजोत जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया।

# मुरावन पुरवा में छात्रा की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

परसपुर : बसंतपुर के मुरावन पुरवा में 24 जुलाई को छात्रा काजल की मौत के मामले में पुलिस ने हत्यारोपित नीरज सिंह को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि मृतका की मां सीतापती ने परेटा के चौहान पुरवा निवासी नीरज सिंह पर हत्या का मुकदमा कराया है। (संसू)

जिले के माझा क्षेत्र में बाढ़ से खेत-खलिहान हुए तबाह, घरों मे बाढ़ के पानी से हुई बर्बादी, आपदा विशेषज्ञ ने जायजा लिया

# मांझा के लोगों ने छोड़ा घर-द्वार, दुश्वारियां बरकरार



नवाबगंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बुधवार को नाव से ही हुई आवाजाही।



करनैलगंज में बहुवन मदार माझा गांव के पास बुधवार को कुछ इस तरह से दिखा बांध का नजारा।

## बाढ़ का कहर

- सरयू नदी अयोध्या में खतरे के निशान से 42 सेमी ऊपर
- संपर्क मार्गों पर पानी भरने से पीड़ित परिवार हुए बेहाल

नवाबगंज। माझा क्षेत्र मे संकटों का बाढ़ छोड़ सरयू नदी की धारा अब पीछे हटने लगी है। बाढ़ प्रभावित गांवों में घर-आंगन से लेकर खेत खलिहानों तक तबाही का मंजर देख पीड़ित बेहाल है। बीते 24 घंटों में नदी के जलस्तर मे 17 सेमी की कमी दर्ज की गई। हालांकि नदी अयोध्या में शाम चार बजे खतरे के निशान से 42 सेमी ऊपर थी। लेकिन माझा क्षेत्र से पानी के पूरी तरह से हटने मे कई दिन लग जाएंगे। बुधवार दोपहर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ राजेश कुमार और नायब तहसीलदार चन्दन कुमार ने दौरा किया।

बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित क्योंदा माझा, दत्तनगर, साकीपुर, माझाराठ, जैतपुर में स्थिति अभी भी जस की तस है। पानी के स्तर में कुछ कमी आई है। अभी भी कई मजरे और सम्पर्क मार्ग पानी में डूबे हैं। सबसे बड़ी समस्या लोगों के आवागमन में है। तीन दिनों के अवकाश के बाद बुधवार को स्कूल खुलने के बाद भी छात्र-छात्राएं और यहां तक कि कुछ शिक्षक जलभराव के चलते नहीं पहुंच पाए।

**ढेमवा रोड पर पीड़ितों ने ली है शरण:** माझा-क्षेत्र के लोगों के लिए लाइफ लाइन कहलाने वाली ढेमवा रोड इन दिनों बाढ़ पीड़ितों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। घरों में बाढ़ का पानी आ जाने के बाद कई परिवार अपने मवेशियो के साथ इसी रोड के किनारे जगह-जगह शरण लिए हुए हैं। बलुहा पुल, गोकुला चौराहा, मरी माता के मन्दिर के पास और राजाराम चौराहे के निकट बाढ पीडितो का डेरा है। इसके अलावा अन्य कई जगहों पर लोग पालीथिन तले बसर कर रहे हैं।

**प्रशासन का राहत अभियान तेज:** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तहसील प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान में तेजी आ गई है। एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि बुधवार को अलग अलग गांवों में पीड़ित परिवारों में 200 राशन किट और 5000 लंच पैकेट का का वितरण किया गया। 200 नावें लोगो के आकस्मिक सेवा और आवागमन के लिए चलवाई जा रही है। 5000 राशन किट की डिमांड भेजा गया। क्षेत्रीय लेखपालों को बाढ़ से हुई फसल की क्षति के आंकलन कर रिपोर्ट भेजे जाने के निर्देश दिए गए है। बुधवार पटपरगंज बाढ़ राहत केन्द्र पर पशु पालन विभाग द्वारा जैतपुर गांव में 70 कुन्तल भूसे का पशु पालकों में किया गया।

## तीन दिनों में 69 सेंटीमीटर तक घटा घाघरा नदी का जलस्तर

करनैलगंज। घाघरा नदी का जलस्तर जितनी तेजी से बढ़कर खतरे के निशान को पार करके 92 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया था उसी रफ्तार से जलस्तर में गिरावट भी हो रही है।

बुधवार शाम तक सरयू नदी घटते हुए खतरे के निशान से मात्र 23 सेंटीमीटर ऊपर रह गई। बाढ़ प्रभावित गांवों का पानी अब धीरे-धीरे निकलने लगा है। मगर नकहरा गांव में जल भराव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बुधवार को घाघरा की कटान में करीब 100 बीघे से अधिक खेत नदी में समाहित हो गया। तहसील करनैलगंज के ग्राम नकहरा के नौ मजरे सहित चंदापुर किटौली और परसदा के 22 मजरे अभी भी बाढ़ की चपेट मे है। हालांकि जलस्तर में कमी आई है। घटते हुए घाघरा के जलस्तर ने कटान भी करना शुरू किया है। ग्राम बहुवन मदार माझा के पास जहां सबसे अधिक संवेदनशील स्थिति बनी हुई थी वहां बांध को बचाने के बंदोबस्त किए गए हैं। मगर जहां बांध को बचाने के लिए कटान रोकने की व्यवस्था की गई है उस स्थान से 500 मीटर अगल-बगल दोनों तरफ नदी तेजी से कटान करती हुई बांध की तरफ बढ़ रही है। बहुवन मदार माझा गांव के करीब तीन दर्जन किसानों की सैकड़ो एकड़ फसल बर्बाद हो चुक है। अधिकांश खेत कटान की भेंट चढ़ चुके हैं। बांध और नदी के बीच खाली पड़ी जमीन पर जल भराव के चलते जमीन दलदल हो चुकी है। जहां अब बाढ़ खंड के अधिकारियों का बचाव कार्य भी प्रभावित हो रहा है। बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा बनाए गए रास्ते को नदी ने काट कर धारा में समाहित कर लिया है। हालांकि एई ने बताया कि मामूली कटान हुई है।

# किशोरी से छेड़छाड़ में दोषी को तीन वर्ष कैद की सजा

गोण्डा। अपर जिला जज नम्रता अग्रवाल ने किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनूप कुमार के अनुसार थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम सोखवापुर मौजा बल्लीपुर निवासी दशरथ सिंह के विरुद्ध किशोरी से छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अभियुक्त अपराध का दोषी पाया।

## तीन नामजद समेत छह पर लूट का मुकदमा दर्ज

वजीरगंज (गोंडा) : न्यायालय के आदेश पर कृष्णगोपाल श्रीवास्तव, टोनी श्रीवास्तव निवासी उर्मिला पूरन विला, ब्रह्मपुरी कालोनी बख्शी का तालाब लखनऊ व नीतू श्रीवास्तव निकट अवध एकेडमी चिनहट लखनऊ व तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध लूट का केस दर्ज किया गया है। न्यू इंदिरा नगर कालोनी थाना कोतवाली नगर निवासी लल्लन यादव ने शिकायत की थी। (संसू)

## लापता युवक का मिला शव

गोंडा : हथनी भोपतपुर निवासी राम बहोर ने बताया कि उनका बेटा संदीप कनौजिया 15 सितंबर की रात में भोजन करने के बाद छत पर सोने चला गया। सुबह जब देखा गया तो वह बिस्तर पर नहीं था। तब से लापता था। बुधवार की रात में तेजपुर के शोखाजोत के पास गन्ने के खेत में शव मिला। (संसू)

# बाइक चोर गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

संसू, जागरण • गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का राजफाश किया है।

नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि बहराइच के बरा निजाम निवासी रामराज मौर्य ने 14 सितंबर को दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया वह बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में उपचार कराने आए थे। दवा कराने के बाद बाहर आए तो बाइक चोरी हो गई थी। जांच में नगर के ठाकुरद्वारा मंदिर निवासी भोलेनाथ प्रजापति व फोरबिसगंज निवासी राजू का नाम प्रकाश में आया। कोतवाल ने कहा कि बुधवार को दोनों आरोपितों को स्टेशन रोड से रानीजोत जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर बाइक बरामद की गई है। वहीं, धानेपुर पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के आरोपित प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

आर्यनगर : प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह बताया कि दुष्कर्म के आरोपित नईम निवासी कोचवा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के विरुद्ध एक माह पूर्व महिला ने मुकदमा कराया था। बयान के बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई है। (संसू)

# गैंगस्टर के दोषी को दो वर्ष का कारावास

गोंडा : विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने ग्राम जमैयतपुर थाना खैराबाद जिला सीतापुर निवासी हेमराज को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक उदय प्रताप वर्मा ने बताया कि दोषित आर्थिक लाभ के लिए गिरोह के साथ ट्रेन के यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी, छिनैती व लूट करता था। पूर्व में दर्ज मुकदमों का संज्ञान लेकर थाना जीआरपी गोंडा पुलिस ने दोषित के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी।

# किशोरी से छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष का कारावास

संसू, जागरण • गोंडा : दुकान पर सामान खरीदने गई किशोरी से छेड़खानी करने के दोषी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। वहीं, न्यायालय ने दोषित को उच्च न्यायालय में अपील करने की अवधि तक के लिए जमानत भी दी है। एफटीसी प्रथम/अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम सोखवापुर बल्लीपुर थाना नवाबगंज निवासी दशरथ सिंह को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषित को दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने अर्थदंड की अदायगी पर पचास फीसद राशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक अनूप प्रताप सिंह ने बताया कि थाना नवाबगंज इलाके के एक गांव में दोषित एक दुकान करता है। 25 जून 2019 की देर शाम एक किशोरी दोषित के दुकान पर सामान खरीदने गई थी, तभी दोषित ने किशोरी से छेड़खानी की थी। जानकारी होने के बाद पीड़िता के स्वजन ने दोषित के विरुद्ध मुकदमा कराया था। न्यायालय ने सजा सुनाने के बाद दोषित को अपील अवधि तक के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 389(3) के अंतर्गत जमानत प्रदान की है।

## आरोपित हुए दोषमुक्त

गोंडा : प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ग्राम करौदी कोतवाली मनकापुर निवासी विद्या व मनीराम को दोषमुक्त किया है। अधिवक्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली मनकापुर पुलिस ने पांच सितंबर 2022 को कथित रूप से आरोपितों को नकली शराब बनाते हुए पकड़ा था। न्यायालय में विचारण के दौरान पुलिस टीम में शामिल पुलिस कर्मियों ने अपने बयान में आरोपितों को गिरफ्तार करने का समय व की गई कार्रवाई की वस्तुतः जानकारी होने से भी इंकार किया था। जिसपर न्यायालय ने आरोपितों को दोषमुक्त किया है।

# दो वर्षों से नहीं चिह्नित कर सके भूमि मुख्यालय का चक्कर लगाते फरियादी

संवादसूत्र, जागरण • धानेपुर (गोंडा) : क्षेत्राधिकारी सदर सर्किल का चयन होने के दो वर्ष बाद भी कार्यालय व आवास के लिए भूमि चिह्नित नहीं की जा सकी है। तीन थाने के फरियादियों को जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।

जनपद के पुलिस विभाग में सीओ सदर की सर्किल बढ़ाई गई। धानेपुर में कार्यालय व आवास बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। सर्किल में सीओ सिटी का थाना इटियाथोक व सीओ मनकापुर के दो थाने धानेपुर व मोतीगंज को शामिल किया गया। सीओ सदर के पद पर प्रथम तैनाती 21 जून 2022 को विनय कुमार सिंह की गई। वर्तमान में इस पद पर शिल्पा वर्मा कार्यरत है। सीओ सदर का कार्यालय व आवास धानेपुर में बनाने के लिए दो वर्षों से जमीन की तलाश की जा रही है, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण जमीन नहीं मिल रही है। धानेपुर थाने के तीन तरफ पर्याप्त भूमि

**क्षेत्राधिकारी कार्यालय और आवास के लिए चिह्नित की जानी है जमीन, धानेपुर गांव में कार्यालय बनाने के लिए पास किया गया था प्रस्ताव**

खाली पड़ी है। क्षेत्राधिकारी सदर का कार्यालय व आवास मुख्यालय पर वैकल्पिक रूप से संचालित है।

कारण स्पष्ट है कि सीओ सदर का कार्यालय व आवास बनने के बाद जमीन नहीं मिल पा रही है। इस सर्किल को बढ़ाने का उद्देश्य था कि मोतीगंज, धानेपुर व इटियाथोक के पुलिस कर्मियों व इन थाने के जरूरतमंद लोगों को मुख्यालय तक न जाना पड़े। व्यवस्था अभी भी पुराने ढर्रे पर चल रही है। लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने कहा कि कार्यालय व आवास के लिए भूमि नहीं मिली है। जल्द ही भूमि चिह्नित की जाएगी।

# पत्नी के घर आने से इन्कार पर दी जान

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर के दुल्हापुर बनकट रेहरवा गांव निवासी गब्बर (25) पुत्र वारिस मंगलवार को अपनी पत्नी को लाने के लिए मोतीगंज अपनी ससुराल गया था। लेकिन पत्नी ने आने से मना कर दिया। इससे आहत होकर गब्बर ने घर पहुंचकर देर रात घर के सामने पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। (संवाद)

# युवती के अपहरण मामले की पुलिस ने शुरू की तफ्तीश

संवाद न्यूज एजेंसी

### एक गन्ना सहकारी समिति की कर्मी के साथ हुई थी वारदात

**कटरा बाजार(गोंडा)।** कटरा बाजार के एक सहकारी गन्ना समिति में लिपिक पद पर कार्यरत युवती के अपहरण मामले की पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। घटना की एफआईआर पीड़िता ने बाराबंकी में शून्य अपराध संख्या पर बीते दिनों दर्ज कराई थी। अब बाराबंकी जिले से एफआईआर स्थानांतरित होकर कटरा बाजार थाने को मिली है।

लिपिक के पद पर तैनात युवती का आरोप है कि ड्यूटी से घर जाते समय उसे तीन लोग जबरन खींच कर वैन में बैठा लिए और अपहरण कर एक से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित एक पेट्रोल टंकी पर रुक गए। मौका पाकर वह पैदल ही भाग निकली, कुछ दूरी पर एक टेंपो पकड़कर गोंडा बस अड्डे पहुंची। अपनी दादी को फोन करके पूरी बात बताई। इसके बाद बस से बाराबंकी पहुंचकर उसने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम करनैलगंज-कटरा के बीच का बताया जा रहा है। युवती ने अपहरण मामले में अपने गृह जिले में अज्ञात वाहन में सवार तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कटरा बाजार पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। सर्विलांस टीम की मदद से साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल अभी तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सबूत नहीं आया है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि युवती ने घटनाक्रम के बाद थाना व डायल 112 पर कोई सूचना व तहरीर नहीं दी थी। बाराबंकी जिले से स्थानांतरित होकर आई एफआईआर की तफ्तीश चौकी प्रभारी हलधरमऊ अरविंद सिंह को सौंपी गई है।

# चोरी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर पुलिस ने त्रिभुवन नगर ग्रंट के कोटेदार ओमप्रकाश के यहां एक पखवाड़े पहले हुई चोरी के मामले में एक और आरोपी प्रदीप कुमार निवासी छोटकई डीह को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह (गोंडा)।** कोतवाल कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि माह भर पहले एक गांव की किशोरी को कोचवा गांव निवासी नईम अगवा कर ले गया था। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। आरोपी नईम कोड़िरियनुपरवा मोड़ पंडित चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# अभद्र टिप्पणी पर दो पक्षों में मारपीट

**कटरा बाजार (गोंडा)।** कटरा बाजार के हलधरमऊ गांव में अभद्र टिप्पणी पर एक ही समुदाय के दो पक्षों में विवाद हो गया। गांव के फैय्याज ने गांव के ही मसहूर के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद मसहूर ने भी थाने में शिकायत की है। इसमें फैय्याज व उनके भाई पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। कोतवाल संजय गुप्त ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# छात्रा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**परसपुर (गोंडा)।** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर मुरावन पुरवा निवासी स्नातक की छात्रा काजल मौर्य (18) के हत्यारोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि बुधवार को चौहान पुरवा परेटा निवासी हत्यारोपी नीरज सिंह को पचईपुरवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि काजल मौर्या की मां सीतापती ने 31 अगस्त को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्री काजल क्षेत्र के एक महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा थी। विगत 24 अगस्त को काजल को अकेली देखकर नीरज सिंह घर में घुस आया और अभद्रता करते हुए उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। (संवाद)

# चोर समझकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**मोतीगंज (गोंडा)।** देहात कोतवाली क्षेत्र के चौरी हरसोपट्टी में एक युवक की चोर समझकर लोगों ने पिटाई कर दी। यही नहीं पिटाई का वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने पिटाई से चोटिल युवक के भाई की तहरीर पर चार नामजद व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

खोरहंसा निवासी शुभान अली ने बताया कि उनके बड़े भाई तबारक अली बीमार रहते हैं। वह मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे सामान लाने के लिए जमुनियाबाग बाजार जाने के लिए कहकर घर से निकले थे। लेकिन भटककर चौरी हरसोपट्टी गांव पहुंच गए। वहां लोगों ने उन्हें चोर समझकर पीटना शुरू कर दिया। उनके कपड़े भी फाड़ दिए। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान किसी ने पिटाई की वारदात का वीडियो बना लिया। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में चार लोगों की उन्होंने पहचान भी की। थानाध्यक्ष अनीता यादव ने बताया कि शुभान अली की तहरीर पर चौरी हरसोपट्टी निवासी विपिन, लवकुश, निर्मल, मनोज व 12 अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीडियो फुटेज से आरोपियों की पहचान की जा रही है। (संवाद)

# दो युवकों पर चोरी का आरोप, केस दर्ज

**इटियाथोक(गोंडा)।** क्षेत्र के भवानीपुर खुर्द गांव निवासी नीलम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि मंगलवार की रात वह अपने कमरे में सो रही थी। तभी रात करीब 1:30 बजे आंख खुली तो देखा तो दो लोग घर के अंदर संदूक में कुछ खोज रहे हैं। दोनों घर से बाहर निकले तो बाहर आकर शोर मचाया। उजाले में देखा कि दोनों उनके गांव ही रहने वाले हैं। शोर सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए। दोनों संदूक में रखा सोने का झाला, माला, लॉकिट, चांदी की पायल चुराकर भाग निकले। बताया कि उनके जेठ घनश्याम ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान एक युवक के घर के पीछे चांदी की पायल बरामद हो गई। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि नीलम की तहरीर पर जवाहर व मनीष वर्मा के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## ■ विद्यालय संचालक को पीटा, चार के खिलाफ मुकदमा

**परसपुर (गोंडा)।** निजी विद्यालय संचालक को विद्यालय से निकाले जाने के बाद एक अध्यापक के भाई ने उस पर लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इससे विद्यालय संचालक को गंभीर चोटें आई हैं। जाते समय आरोपियों ने जानमाल की धमकी देकर उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित शाहपुर धनावा निवासी शिवम तिवारी ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि राज शुक्ल, बृजेंद्र शुक्ला, लल्ला व कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## ■ दंपती समेत तीन को पीटा, दो लोगों पर केस

**मसकनवा (गोंडा)।** छपिया थाना क्षेत्र के अगयामाफी डिप्टीनगर गांव निवासी मोहर्रम अली ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ अभद्रता व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहर्रम अली का आरोप है कि गांव के उमर अली व मो जमील रंजिश को लेकर उनसे अभद्रता करने लगे। मना करने पर उन्हे लाठी-डंडे से पीटा। बचाने आई उनकी भाभी शकीना व उनकी पत्नी अकलीमुननिशा को दौड़ा लिया, वह घर के अंदर भागीं तो घर में घुसकर मारापीटा। इससे दोनों को भी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# प्रेम प्रसंग में छात्र की हत्या गन्ने के खेत में मिला शव

## युवती व उसके परिजनों पर आरोप, तीन हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

### छपिया के हथिनी भोपतपुर गांव का मामला
### 14 सितंबर से लापता था संदीप

**बभनान/मसकनवां (गोंडा)।** छपिया के भोपतपुर हथिनी गांव के रहने वाले स्नातक के छात्र की प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने युवती और उसके माता-पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनों ने युवक की हत्या कर शव को तेजपुर सोखाजोत गांव के गन्ने के खेत में फेंकने की बात कबूल ली।

इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की सूचना पर सीओ मनकापुर व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

भोपतपुर हथिनी गांव निवासी राम बहोर कनौजिया का बेटा संदीप कनौजिया (21) मसकनवां के गायत्री महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र था। वह 14 सितंबर की रात घर की छत पर सोने चला गया। दूसरे दिन सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो संदीप न तो छत पर मिला और न ही घर में। कुछ देर तक तो परिवार के लोगों ने समझा की मॉर्निंग वॉक पर गया होगा। लेकिन काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। पुलिस 14 सितंबर को संदीप के पिता रामबहोर की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

पड़ताल के दौरान पुलिस को पता चला कि संदीप का तेजपुर सोखाजोत गांव निवासी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने युवती और उसके माता पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनों ने उसकी हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंकने की बात कबूल की। इस पर पुलिस ने उनके द्वारा बताई गई जगह से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि युवक की प्रेम प्रसंग में हत्या की गई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मांगी गई है, मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

# न्यायालय के आदेश पर तीन के खिलाफ लूट का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**वजीरगंज (गोंडा)।** न्यायालय के आदेश पर वजीरगंज पुलिस ने तीन नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी गरीबीपुरवा बूढ़ादेवर निवासी लल्लन यादव ने कहा कि कृष्णगोपाल श्रीवास्तव, टोनी श्रीवास्तव निवासी उर्मिला पूरन विला ब्रह्मपुरी कालोनी बख्शी का तालाब लखनऊ व नीतू श्रीवास्तव निवासी अवध एकेडमी चिनहट लखनऊ तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ बीते 29 मार्च को लगभग तीन बजे दिन में चार पहिया वाहन से आए। जबरन उसके घर में घुस गए। उसकी मर्जी के बिना उसकी पत्नी को साथ चलने को कहा। जब पत्नी सारा सामान ले कर चलने लगी तो उसने मना किया। इस पर आरोपियों ने मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। उसकी मां की जंजीर, ब्रेसलेट, अंगूठी, घड़ी, बक्सा व अटैची तोड़ कर उसमें से सामान, कपड़े व 18000 रुपये लूट लिए। तोडफ़ोड़ कर 5000 रुपयों का नुकसान पहुंचाया। बीती पांच जुलाई को पीड़ित वजीरगंज से लौट रहा था तो बालेश्वरगंज के पास आरोपियों ने रोक लिया। प्रार्थना पत्र को उठाने व पैरवी न करने का दबाव बनाया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना एसआई विक्रमादित्य को सौंपी गई है।

## टुल्लू पंप व सामान चोरी

**दुबहा बाजार (गोंडा)।** कौड़िया थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी शिशुमोहन ने घर का सामान व पानी का मोटर चोरी होने की शिकायत थाने में की है। तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार की रात उनके गांव का ही एक व्यक्ति घर में घुस आया और टुल्लूपंप व कुछ सामान चुराकर भाग निकला। कोतवाल दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। (संवाद)

# छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट में दोषी को तीन साल की सजा

## न्यायालय ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी को तीन साल कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार नवाबगंज के एक व्यक्ति ने थाने में केस दर्ज कराया कि 20 जून 2019 को रात नौ बजे उसकी 15 साल की लड़की दुकान पर सामान लेने गई थी। तभी ग्राम सोखवापुर मौजा बल्लीपुर निवासी दशरथ सिंह उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा। लड़की ने शोर मचाया तो वह भाग गया। विवेचना में छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान शासकीय अधिवक्ता की ओर से पेश किए गए गवाहों के बयान व अभिलेखीय साक्ष्यों से संदेह से परे साक्ष्य साबित होने पर न्यायालय ने अभियुक्त दशरथ सिंह को दोषी करार दिया। बुधवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी नवीन नम्रता अग्रवाल ने दोषी को छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के अपराध में तीन साल कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अदालत के आदेशानुसार जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

### गैंगस्टर को दो साल की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने रेलवे स्टेशन, ट्रेनों में चोरी, लूट और जहरखुरानी में आरोपी व गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को दो साल कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार साल 2022 में जीआरपी थाने की पुलिस ने रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में चोरी, लूट और जहरखुरानी की घटना में आरोपी सीतापुर जिले के खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जमैय्यतपुर निवासी हेमराज पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार किया।

अदालत से

जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना में अपराध के पुख्ता साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान गैंगस्टर एक्ट के अपराध का संदेह से परे साक्ष्य मिलने पर अदालत ने अभियुक्त हेमराज को दोषी करार दिया। बुधवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने दोषी हेमराज को दो साल सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# अज्ञात बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

## आठ दिन पहले परसा गोड़री के छोटी पुरवा में हुई थी वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

बालपुर (गोंडा)। करनैलगंज के बालपुर चौकी क्षेत्र में बीते 10 सितंबर की रात में परसा गोड़री के छोटी पुरवा में अज्ञात बदमाशों ने किराना व्यवसायी के घर पर धावा बोला था। घर के पीछे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। तभी दरवाजे पर सो रहे रामू दीक्षित अपने भाई सत्यदेव दीक्षित के साथ खटपट की आवाज सुनकर घर के पीछे गए। वहां मौजूद बदमाशों ने फायर कर दिया, जिससे सत्यदेव को गोली लग गई थी। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन बदमाशों को पकड़ नहीं सकी है।

अमर उजाला फॉलोअप

रात में फायरिंग होने पर गोली की आवाज सुनकर गांव वालों ने बदमाशों को दौड़ा लिया। मौके से बदमाश भागने में सफल हो गए। वहीं घायल सत्यदेव को गोंडा मेडिकल कॉलेज से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस आठ दिनों से लगातार प्रयास कर रही है, फिर भी अभी बदमाशों का पता नहीं लगा सकी। उनकी गिरफ्तारी तो दूर बदमाशों की धरकपड़ न होने से क्षेत्र के लोग सहमे हैं। चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल का कहना है कि पुलिस टीम पड़ताल कर रही है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

वहीं बमडेरा गांव में हुई चोरी का भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी। बीती रात बद्री प्रसाद चौबे के घर में चोर छत के रास्ते घुस आए थे। घर की महिलाओं के जग जाने से चोर भाग निकले थे। चोरी की वारदात दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इस तरह आए दिन हो रही घटनाओं से लोग परेशान हैं।

# किस्त न देने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मी उठा ले गए सामान

तरबगंज (गोंडा)। रेतादल सिंह थाना मोड़ के पास के एक घर में लगा ताला तोड़कर फाइनेंस कंपनी के कर्मी ऋण की किस्त अदा न करने पर घर का सामान उठा ले गए। पीड़ित महिला ने डायल 112 सहित थाने पर सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने सामान बरामद कर उसे वापस कराया।

कुमारी ने बताया कि उनके बेटे शत्रोहन व बहू पूजा ने फाइनेंस कंपनी से समूह के माध्यम से ऋण ले रखा था। बताया कि बहू व बेटा दोनों परदेस में हैं। घर पर ताला लगा था। ऋण की किस्त बकाया होने पर बुधवार को फाइनेंस कंपनी के दो कर्मी आए व ताला तोड़कर गैस सिलिंडर, चूल्हा, बर्तन, टंकी आदि ठेले पर लाद ले गए।

आरोप है कि घर में रखी पांच हजार की नकदी भी आरोपी ले गए। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर आरोपियों के पास से सामान बरामद कर लिया गया है। केस दर्ज कराने के लिए तहरीर मांगी गई है। (संवाद)

# मिलावटी शराब बनाने और बेचने के दो आरोपी दोषमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** मिलावटी शराब बनाने और बिक्री के अवैध कारोबार के मामले में संदेह से परे साक्ष्य के अभाव में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने एक महिला समेत दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मनकापुर कोतवाली पुलिस ने पांच सितंबर 2022 को क्षेत्र के ग्राम करोंदी में छापेमारी कर एक मकान में बिक्री के लिए मिलावटी जहरीली शराब बनाते हुए उसी गांव की रहने वाली महिला विद्या और मनीराम को पकड़ा था। पुलिस टीम ने मौके से यूरिया, नौसादर, लहन, बर्तन व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आबकारी अधिनियम व भारतीय दंड संहिता के तहत केस दर्ज कर विवेचना की और अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर आरोपी विद्या और मनीराम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। लेकिन ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष अपराध का संदेह से परे साक्ष्य न्यायालय में नहीं प्रस्तुत कर सका। मामले की सुनवाई के दौरान पत्रावली में संदेह से परे साक्ष्य न होने के आधार पर अपर जिला एवं न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी विद्या और मनीराम को दोषमुक्त कर दिया।

**अदालत से**

## गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार धानेपुर थाने की पुलिस ने पशु क्रूरता, तस्करी व प्रतिबंधित मांस बिक्री के कारोबार में लिप्त बरेली जिले के ग्राम जलाल नगर बरासगंज व हाल मुकाम गोंडा जिले के मोहल्ला मेवातियान निवासी फैज अहमद पर संगठित गिरोह बनाकर अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद अभियोग पंजीकृत किया। बुधवार को सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी फैज अहमद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# सामान के साथ दो चोर गिरफ्तार हुए

ललिया। ललिया थाना की पुलिस ने चोरी के सामान व नगदी बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक बब्बन यादव पुलिस टीम के साथ अभियुक्त भुल्लर उर्फ अजय यादव व एवं आशा राम उर्फ आलू निवासी मुरिहवा को थाना क्षेत्र के बल्देवनगर बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास चोरी किए सामान भी बरामद किए गए हैं।

# चंडीगढ़ पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार

बलरामपुर। अनाधिकृत खेल एप के जरिए साइबर ठगी करने के आरोप में चंडीगढ़ पुलिस ने नगर कोतवाली के कटराशंकर टेढ़ीपुरवा निवासी सुशील कुमार मिश्र को बुधवार शाम गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से आरोपित को उसके घर से पकड़कर चंडीगढ़ पुलिस गुरुवार को अपने साथ ले गई है।

# ई-केवाइसी के नाम पर वसूली व कटौती का उठा मुद्दा

- कृषि भवन में किसान दिवस में तमाम समस्याओं पर चर्चा

संवादसूत्र, जागरण • बलरामपुर: कृषि भवन में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसानों ने बाढ़ के कारण खेतों में जलभराव होने, बिजली कटौती, बेसहारा जानवर, गोशालाओं की अव्यवस्था तथा चीनी मिल से बकाया भुगतान कराने व ई-केवाइसी के नाम पर 150 रुपये की वसूली का मुद्दा उठाया। उप निदेशक कृषि नरेंद्र कुमार ने किसानों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।

किसान सुधाकर विश्वकर्मा ने कहा कि कृषि भवन के अंदर मौजूद एक व्यक्ति ई-केवाइसी कराने के लिए 150 रुपये की वसूली की है, जिस पर उप निदेशक कृषि ने तत्काल उसे बुलाकर हटाने का निर्देश दिया। किसान नेता बृजेश विश्वकर्मा ने कहा कि विशुनापुर गोशाला में पंजीकृत बेसहारा जानवर बाहर घूम रहे हैं। उनके दाना-चारा के लिए आने वाले बजट का बंदरबांट किया जाता है।

इस मौके पर मौजूद पशुपालन विभाग के सुनील कुमार ने भी स्वीकार किया कि निरीक्षण के दौरान गोशाला में केवल 25 गोवंश ही मौजूद मिले। अन्य के बाहर चराने के लिए ले जाने की बात कही गई। धुसाह निवासी झगरू प्रकाश सोनकर ने शिकायत किया कि पशुओं का खुरपका रोग के लिए अभी तक टीकाकरण नहीं किया गया है। सत्यराम यादव ने बजाज चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने की मांग की। कृष्ण कुमार ने सार्वजनिक स्थान पर मिट्टी डंप किए जाने की शिकायत की। हामिद शाह ने बिजली कटौती की शिकायत की।

उप निदेशक कृषि ने सभी शिकायतों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, अमरेश मणि तिवारी, संतोष कुमार दुबे, अशोक कुमार पांडेय व अन्य लोग मौजूद रहे।

**पुलिस की सक्रियता ने बचाई जान–** बलरामपुर: थाना महराजगंज तराई क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बेटी के घर से नाराज होकर कहीं चले जाने का प्रार्थनापत्र दिया था। पुलिस टीम ने बालिका के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर पता लगा लिया। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि बालिका राप्ती में कूदने का प्रयास कर रही थी, इसी बीच टीम ने उसकी जान बचा ली। (जासं)

# एप से ठगी करने वाले व्यक्ति को ले गई चंडीगढ़ पुलिस

जासं • बलरामपुर: अनाधिकृत खेल एप के जरिए साइबर ठगी करने के आरोप में चंड़ीगढ़ पुलिस ने नगर कोतवाली के कटराशंकर टेढ़ीपुरवा निवासी सुशील कुमार मिश्र को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से आरोपित को उसके घर से पकड़कर चंडीगढ़ पुलिस ले गई है।

सीओ नगर बृजानंदन राय ने बताया कि टेढ़ीपुरवा निवासी सुशील कुमार मिश्र बेटिंग एप के जरिए ठगी को अंजाम देता था। यह एप इंटरनेट मीडिया पर पंजीकृत भी नहीं है। आरोपित ने इसके जरिए कई लोगों के साथ ठगी की है। शिकायतकर्ताओं की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चंडीगढ़ पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। लोकेशन ट्रेस कर बुधवार को चंडीगढ़ पुलिस ने बलरामपुर पुलिस की मदद से सुशील को उसके घर से पकड़ लिया।

**50 गर्भवती की गोदभराई–** बलरामपुर : रेहरा बाजार ब्लाक के देवारीखेरा गांव में 50 गर्भवती की गोद भराई कराई गई। डा. परिजात शर्मा ने गर्भवती को संतुलित भोजन करने की सलाह दी। स्वास्थ्य टीम के राजेंद्र तिवारी ने बताया कि गर्भवती की गोदभराई कर चुनरी देकर सम्मानित किया गया। नयानगर में 32 मरीजों की जांच कर दवा दी गई। मौके पर एएनएम विजया लक्ष्मी, सुनील व राजेंद्र मौजूद रहे। (संवू)

# पिंजरा लगने के बाद भी तेंदुए की दहशत

संवाद न्यूज एजेंसी

जरवा (बलरामपुर)। पिंजरा लगने के बाद भी हलौरा गांव में तेंदुए की दहशत है। ग्रामीण रात भर जागकर अपने बच्चों व मवेशियों की सुरक्षा कर रहे हैं।

रफीक, पट्टू साहू, इरशाद, रामदीन व मोतीन ने बताया कि सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग तुलसीपुर रेंज के हलौरा गांव में तेंदुए की दहशत है। गांव के बाहर बने अपने मुर्गी फार्म के पास प्रत्येक मध्य रात्रि में गोला फोड़ते हैं अैर आग भी जलाकर रखते हैं। बुधवार सुबह तालाब के पास हनुमान, बादशाहे, सलमान अपनी भैंस चरा रहे थे। नर व मादा तेंदुआ अपने दो बच्चों के साथ कुछ ही दूरी पर दिखे। सभी अपनी भैंस को घर की ओर ले भागे। ये चारों सरयू नहर के पास मुख्य मार्ग पर भी बैठे देखे गए।

## रातभर जागकर बच्चों व मवेशियों की कर रहे सुरक्षा

रात में गांव के बाहर बने मदरसे की छत पर तेंदुआ बैठा था। शोर मचाने पर भागा। नहर पर भी तेंदुआ दिखा था। डेढ़ वर्ष पहले तेंदुए ने रफीक की घारी में रखी पुरानी लकड़ी के बीच चार बच्चों को जन्म दिया था। वन कर्मियों ने बच्चे को पकड़ा था। ग्राम प्रधान इंद्रजीत साहू, इरशाद, अब्दुल अहदव हाफिज आदि ने कहा कि जहां पिंजरा लगा हुआ है, वहां बारिश का पानी भरा है। बकरी तो बांधी जा रही है, लेकिन कीचड़ के कारण तेंदुआ वहां नहीं जा रहा। पिंजरे को स्थानांतरित कराया जाए या दूसरा पिंजरा लगवाया जाए।

उपप्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रतिदिन गांव में वन कर्मी गश्त कर रहे हैं। साथ ही लाउडस्पीकर, बैनर व अन्य माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# ई केवाईसी के नाम पर की वसूली, कर्मचारी को हटाया

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। कृषि भवन में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में ई-केवाईसी के नाम पर 150 रुपये की वसूली किए जाने की शिकायत हुई। इस पर तत्काल प्राइवेट कर्मचारी को हटा दिया गया।

किसानों ने बाढ़ के कारण खेतों में जलभराव होने, बिजली कटौती, छुट्टा मवेशी, गोशालाओं की अव्यवस्था तथा चीनी मिल से बकाया भुगतान कराए जाने का मुद्दा उठाया। कृषि उप निदेशक नरेंद्र कुमार ने किसानों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।

किसान सुधाकर विश्वकर्मा ने शिकायत की कि कृषि भवन के अंदर मौजूद एक व्यक्ति ने ई केवाईसी कराने के लिए 150 रुपये की वसूली की है। इस पर कृषि उप निदेशक ने तत्काल उसे बुलाकर हटाने का निर्देश दिया। धुसाह निवासी झगरू प्रकाश सोनकर ने पशुओं का टीकाकरण न किए जाने की शिकायत की। सत्यराम यादव ने बजाज चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने की मांग की। कृष्ण कुमार ने सार्वजनिक स्थान पर मिट्टी डंप किए जाने की शिकायत की। कृषि उप निदेशक ने सभी शिकायतों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

## किसान दिवस में सुनी गईं शिकायतें निस्तारण का मिला आश्वासन

# धोखाधड़ी के आरोप में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** कूटरचित दस्तावेजों के सहारे धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को उतरौला कोतवाली की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि कूटरचित दस्तावेजों के सहारे धोखाधड़ी करके जमीन अपने नाम कराने के मामले में बीते दिनों उतरौला कोतवाली में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी शमशेर अहमद निवासी ग्राम गौराभारी पोस्ट भगवानपुर खादर थाना पचपेड़वा को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# नदी में डूब रही किशोरी को बचाया

**बलरामपुर।** थाना महराजगंज तराई क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने स्थानीय थाने में बेटी के घर से नाराज होकर कहीं चले जाने का प्रार्थनापत्र दिया था। पुलिस ने किशोरी के मोबाइल को सर्विलांस तथा एसओजी के सहयोग से ट्रेस करके उसका पता लगाया। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि किशोरी राप्ती नदी में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी, इसी बीच पुलिस टीम घटनास्थल राप्ती नदी पर पहुंचकर उसकी जान बचा ली। उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। (संवाद)

# चंडीगढ़ पुलिस ने जिले से साइबर ठग को दबोचा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** सोशल मीडिया पर बेटिंग गेम (सट्टेबाजी) के जरिये चंडीगढ़ शहर में ठगी करने वाले आरोपी को चंडीगढ़ की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस की सहायता से आरोपी सुशील कुमार मिश्र की गिरफ्तारी नगर कोतवाली क्षेत्र के कटरा शंकरनगर टेढ़ीपुरवा स्थित उसके घर से की गई है। चंडीगढ़ पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई है। मामले में अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

सीओ सिटी बृजानंदन राय ने बताया कि सुशील चंडीगढ़ में रहकर बेटिंग गेम के जरिये लोगों से सट्टा लगवाकर ठगी को अंजाम देता था। यह गेम सोशल मीडिया पर पंजीकृत नहीं है। आरोपी ने कई लोगों से इस गेम के जरिए ठगी की है। ठगी करने के बाद आरोपी घर भाग आया था।

शिकायतकर्ताओं की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद साइबर सेल चंडीगढ़ की पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। बुधवार को साइबर सेल चंडीगढ़ के इंस्पेक्टर रोहतास कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर बलरामपुर पहुंची।

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

हिन्दुस्तान

# पांच मोबाइल झपटमारों को दरगाह पुलिस ने धर दबोचा

बहराइच, संवाददाता। शहर में ताबड़तोड़ मोबाइल झपटमारी की वारदात कर रहे गैंग के मास्टरमाइंड सरगना सहित चार गुर्गों को दरगाह पुलिस ने धर दबोचा। इनके पास से नौ लूटे गए मोबाइल व इन घटनाओं में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। खुलासे के बाद पकड़े गए लोगों में चार बाल अपचारी हैं। जिन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। जबकि गैंग का मास्टर माइंड सरगना जेल भेज दिया गया है।

एसपी वृंदा शुक्ला ने मोबाइल झपटमारी की वारदातों पर रोकथाम के लिए एएसपी सिटी रामानंद प्रसाद कुशवाहा, सीओ सिटी रमेश पांडेय के पर्यवेक्षण में दरगाह एसएचओ को टीम गठित कर खुलासे के निर्देश दिए थे। मंगलवार रात मिली ठोस सूचना पर एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा, दरोगा मदन लाल, मुख्य सिपाही शशि कपूर राव, सिपाही राहुल वाजपेयी, इन्द्रासन गौड़, सत्येन्द्र यादव ने आसाम रोड से दुनक्का जाने वाली रोड पर पल्सर बाइक सवार को रोका। बाइक किशोर चला रहा था, जबकि पीछे बैठे युवक दरगाह थाने के काजी कटरा निवासी 19 वर्षीय अरशद ने बाइक से कूदकर भागने की कोशिश की, पर उसे पकड़ा गया। तलाशी में अरशद के पास से तीन अदद कीमती मोबाइल मिले, जबकि किशोर के पास से दो कीमती मोबाइल बरामद हुए। अरशद के भागने पर संदेह और गहराया। दोनों से कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि बाइक किशोर की है। अरशद उसे साथ ले जाकर पीछे सवार होकर बाज की तरह झपट्टा मारकर मोबाइल छीनता था। वारदात के बाद यह तेज रफ्तार में फरार होते थे।

हिन्दुस्त



चरस के साथ पकड़ी गई महिला, एसएसबी की डॉग स्क्वायड व पुलिस टीम

# एसएसबी ने फिर बरामद की चरस

रुपईडीहा। एसएसबी 42वीं वाहिनी की रुपईडीहा बीओपी के जवानों ने नेपाल से रुपईडीहा आते समय मंगलवार की देर शाम एक नेपाली महिला को एक किलो चरस सहित गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान 45 वर्षीया फरकी रोका मगर पुत्री बूढ़ा रोका गांव सभा थवांग वार्ड नं 9 जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। महिला के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं मुकदमा दर्ज कराकर रुपईडीहा थाने को सौंप दिया गया।

# निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले





मदन लाल व परमानंद • जागरण

जासं • बहराइच : एसपी वृंदा शुक्ला ने 16 निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। कई दिनों से खाली चल रही देहात कोतवाल की कुर्सी को संभालने का जिम्मा मटेरा के थानाध्यक्ष को सौंपा है।

एसपी ने बताया कि मटेरा के एसओ निरीक्षक परमानंद तिवारी को देहात कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। दरगाह के सलारगंज चौकी प्रभारी मदन लाल को मटेरा थाने का प्रभारी बनाया गया है। अपराध शाखा निरीक्षक रामनरेश व पुलिस लाइन से कुलदीप त्रिपाठी को साइबर क्राइम थाना भेजा है। लाइन से एसआई आनंद सिंह को एसएसआइ मोतीपुर, अशोक कुमार एसएसआइ हरदी, दीवान असलम खां को कोतवाली नगर, सुदामा सिंह यादव रानीपुर, दिवाकर मिश्र को सलारगंज चौकी प्रभारी, रविप्रकाश सिंह को रानीपुर, मुकेशमणि त्रिपाठी को नगर से जरवलरोड, अखिलेश को देहात कोतवाली मुर्तिहा, वशिष्ठ कुशवाहा को देहात से व प्रहलाद प्रसाद को अपराध शाखा से पुलिस लाइन भेजा है। अश्वनिकुमार पांडेय का मोतीपुर से हुआ तबादला निरस्त किया है।

# हाईवे पर ई-रिक्शा व बस की भिड़ंत में बच्ची की मौत, दंपती गंभीर

## रुपईडीहा थाना क्षेत्र की घटना, मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही पुलिस

संसू, जागरण • बहराइच : रुपईडीहा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम नानपारा-रुपईडीहा हाईवे पर सवारियों को लेकर जा रहे ई-रिक्शा व बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शे में सवार बच्ची की मौत हो गई, जबकि माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपति को मेडिकल कालेज भेजा गया।



मृतका अल्फिया • फाइल फोटो

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुर्तजापुर निवासी नूर अहमद अपनी पत्नी फरीदा और तीन वर्षीय बेटी अल्फिया के साथ ई-रिक्शे से अपनी ससुराल रुपईडीहा के ग्राम दुर्गापुरवा जा रहे थे। ये लोग जब नानपारा-रुपईडीहा हाईवे पर बनकुरी चौराहे पर पहुंचे, तभी रुपईडीहा से आ रही रोडवेज बस ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। हादसे में अल्फिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चर्दा भेजा। यहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। एसओ ने बताया कि मृतक बच्ची के स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सड़क हादसों में बाइक सवार चार लोग घायल

जागरण टीम • श्रावस्ती : सड़क हादसों में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। इलाज के लिए इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। कटरा क्षेत्र के परशुरामपुर-इकौना मार्ग पर चैनपुर गांव के निकट दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें इकौना सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मंगलवार की देर रात परशुरामपुर निवासी शिवकुमार बाइक से घर जा रहे थे। चैनपुर गांव के निकट वीरपुर बाजार जा रहे चांईपुरवा निवासी बाइक सवार रामप्रताप से आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक के चालक घायल हो गए। इसी प्रकार सिरसिया क्षेत्र के जुड़पनिया निवासी वाहिद चचेरे भाई फैजान के साथ बहराइच गए थे। रात में लौटते समय भिनगा-बहराइच मार्ग पर हसनापुर गांव के पास अचानक सड़क पर गोवंशों का झुंड गया। इससे वाहिद बाइक से नियंत्रण खो बैठे और गोवंशों के झुंड से टकरा गए। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने निजी वाहन से घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में भर्ती कराया। यहां वाहिद की स्थिति नाजुक देख मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

**चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार**- संसू, जागरण • रुपईडीहा : एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत व रमन लाल उप कमांडेंट (प्रचालन) के निर्देशन में रुपईडीहा चेक पोस्ट पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक महिला नेपाल से भारत आ रही थी। तलाशी लेने पर उसके कमर में बंधे दो पैकेट में एक किलो चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम फरकी रोखा भागर निवासी थवांग वार्ड नंबर नौ जिला रोल्पा नेपाल बताया। उसे थाने के सिपुर्द कर दिया गया।

# भेड़िये ने किया बकरी का शिकार, लोगों ने दौड़ाया

## मुकेरिया गांव की घटना, वन विभाग की टीम ने ड्रोन से किया सर्च नहीं लगा सुराग

संसू, जागरण • महसी(बहराइच) : भेड़िये की दहशत कम नहीं हो रही है। मंगलवार की रात भेड़िये ने एक बकरी को अपना शिकार बनाया। खोजबीन के दौरान खेत में भेड़िया दिखाई पड़ा। ग्रामीणों ने उसे दौड़ाया, लेकिन भाग निकला। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच सर्च अभियान शुरू किया है।

रामगांव इलाके के मुकेरिया निवासी दिमाके का कहना है कि उनकी बकरी दरवाजे पर बंधी थी। भेड़िया उसे उठाकर भाग गया। सुबह खोजबीन के दौरान भेड़िया गांव के निकट धान के खेत में बकरी के अवशेष के पास बैठा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने घेराबंदी की, लेकिन वह भाग निकला। सूचना पाकर वन कर्मी मौके पर पहुंचे, ड्रोन से सर्च आपरेशन चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मोहेद्दीन की पड़िया भी घायल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के पीर अली की बकरी भी देर रात से गायब है। इसका पता नहीं चल सका है। डीएफओ



पचदेवरी में भेड़िये की निगरानी में मुस्तैद एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह व अन्य • जागरण

**दो दिनों से मानव पर नहीं हुए भेड़िये के हमले**

डीएफओ का कहना है कि उपद्रवी भेड़िये द्वारा किसी को घायल/जनहानि की घटना सामने नहीं आई है। हमले पर नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पगचिह्न मिले हैं। उनका कहना है कि यह खूंखार भेड़िया नहीं है। सतर्कता बरती जा रही है।

**गांवों में चौकसी बरकरार :** भेड़िये के हमले की रोकथाम के लिए अधिकारी व कर्मचारी लगातार चौकसी बरत रहे हैं। गांव में शाम होते ही गोले-पटाखे की आवाज सुनाई देने लगती है। ग्रामीण भी जागते रहो की आवाज लगाते नजर आ रहे हैं। देर रात पचदेवरी गांव में एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह, डीआइओएस मनोज कुमार अहिरवार, बीडीओ हेमंत कुमार यादव लाठी लेकर निगरानी करते नजर आए। यही कुछ स्थिति कछार के उन 40 गांवों की है, जहां पर भेड़िये की दहशत है।



महसी तहसील के पिपरी मोहन गांव में भेड़िये की खोज के लिए ड्रोन उड़ाते वन कर्मी • जागरण

**अज्ञात जानवर के हमले में बछिया घायल**-खुटेहना : चंदईपुर थवई निपुनिया में मंगलवार देर रात दीनदयाल शुक्ल की खूंटे पर बंधी बछिया पर किसी जानवर ने हमला कर दिया। सुबह बछिया मृत मिली। डिप्टी रेंजर योगेंद्र कुमार यादव ने जांच कर ग्रामीणों को सजग रहने को कहा है।

# दो आरोपियों की जमानत याचिका निरस्त

**अदालत से**

बहराइच। थाना मटेरा क्षेत्र के कहारनपुरवा गांव निवासी रमेश और जनपद श्रावस्ती के थाना हरदत्तनगर गारंट निवासी गोविंद प्रसाद के खिलाफ मटेरा पुलिस ने 2024 जून माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। बुधवार को अभियुक्तों के अधिवक्ता की ओर से चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम की कोर्ट पर जमानत याचिका प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्तों की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। (संवाद)

# मामा-भांजे का गैंग लूट रहा था लोगों के मोबाइल फोन

जासं • बहराइच : बीते कई दिनों से हो रही मोबाइल लूट की घटनाओं का दरगाह पुलिस ने राजफाश कर दिया। दरगाह निवासी मामा-भांजे का गैंग वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट के नौ मोबाइल व दो बाइक भी बरामद की हैं। आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि बीते कई दिनों से राहगीरों के मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं प्रकाश में आ रहीं थीं। पल्सर सवार युवकों के घटना को अंजाम दिए जाने की शिकायतों के बाद मामले को गंभीरता से लेकर राजफाश करने के निर्देश दिए गए थे। पूरे मामले की निगरानी एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा कर रहे थे। क्षेत्राधिकारी नगर रमेशचंद्र पांडेय के निर्देशन में दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्र ने घटनाओं का अनावरण करते हुए सीसी कैमरों से वारदात को अंजाम देने वालों की पहचान कर दरगाह के काजी कटरा निवासी अरशद व रेहान को आसाम चौराहा से दुनक्का जाने वाले मार्ग पर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपित रिश्ते में मामा-भांजे हैं, जिनके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

• पांच गिरफ्तार, नौ मोबाइल व एक बाइक भी बरामद

पूछताछ के बाद गैंग में शामिल मंसूरगंज निवासी उमैर आबिद, काजीकटरा के शहरुख व समीर को भी पुलिस ने पकड़ लिया। इनके पास से भी चार मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने उस बाइक को भी बरामद कर लिया, जिससे घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।

गिरफ्तारी टीम में एसआइ मदनलाल, हेड कांस्टेबल शशि कपूर राव, आरक्षी राहुल वाजपेयी, इंद्रासन गौड़ व सत्येंद्र यादव शामिल रहे। मोबाइल बरामदगी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ितों ने दरगाह पुलिस से संपर्क करना शुरू कर दिया है।



मोबाइल फोन लूटने वाले गिरोह का राजफाश करतीं एसपी वृंदा शुक्ल • जागरण

# सीओ ने किया भ्रमण

वहराइच : कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए कैसरगंज सीओ अनिल कुमार सिंह ने मंगलवार देर शाम इलाके का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कोतवाल राजनाथ सिंह व अन्य पुलिस कर्मी उनके साथ मौजूद रहे। सीओ ने लोगों को जागरूक किया। (संसू)

# शांतिभंग के आरोप में पांच गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने मंगलवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# 10 लीटर शराब के साथ एक को पकड़ा

बहराइच। पुलिस ने बुधवार को गश्त के दौरान रामगांव के रमवापुर कला निवासी फखरूद्दीन को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी महसी आरके गौड़ ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# एक किलो चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला

रूपईडीहा/बाबागंज (बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा पर जांच के दौरान एसएसबी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। जवानों ने जांच के दौरान एक नेपाली महिला को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसको पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**कमर पर बांध कर चरस ले जा रही थी बॉर्डर पार**

एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि मंगलवार की शाम एसएसबी व पुलिस संयुक्त जांच कर रही थी। उसी दौरान नेपालगंज से रूपईडीहा आ रही महिला की तलाशी के दौरान उसकी कमर में बंधे दो पैकेट से एक किलोग्राम चरस बरामद किया गया।

महिला की पहचान नेपाल के थवांग वार्ड नंबर नौ निवासी फरकी रोखा भागर के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद महिला को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने महिला पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। टीम में उप कमांडेंट प्रचालन रमनलाल व सहायक कमांडेट वाशुकी नंदन पांडेय आदि शामिल रहे। (संवाद)

# बाइक से मोबाइल छीनने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार, नौ फोन बरामद

**बहराइच।** बाइक से मोबाइल फोन छीनने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने मंगलवार रात पकड़ लिया। इनमें चार नाबालिग भी हैं। आरोपियों के पास से छीने गए नौ मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाने के बाद अन्य फरार सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने पांचों को न्यायालय भेजा है।

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि दरगाह पुलिस को मंगलवार रात मोबाइल फोन छीनने वाले गिरोह की सूचना मिली। थाना प्रभारी हरेन्द्र कुमार मिश्र ने टीम के साथ आसामान चौराहे पर दबिश दी। इस दौरान आसाम-दौनक्का मार्ग से काजी कटरा निवासी अरशद को तीन मोबाइल फोन जबकि चार नाबालिगों के पास छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि एक नाबालिग पल्सर बाइक से अरशद के साथ मिलकर राहगीरों के मोबाइल छीनता था।

**इंजीनियरिंग छात्र का छीन लिया था मोबाइल फोन :** श्रावस्ती के भिनगा कोतवाली के हनुमानगढ़ी मोहल्ला निवासी अनुज तिवारी इंजीनियरिंग छात्र हैं। 15 सितंबर को वह लखनऊ जा रहे थे कि इस गिरोह के सदस्य ने छात्र के हाथ से मोबाइल छीन लिया था। इसके बाद एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। (संवाद)

# चकमा दे रहा लंगड़ा भेड़िया, पकड़ने में विभाग नाकाम

**सोमवार को वन विभाग के ड्रोन कैमरे से दिखा था, अत्याधुनिक उपकरण भी उसकी चालाकी के सामने साबित हो रहे नाकाफी**

जितेंद्र दीक्षित

**बहराइच।** तहसील क्षेत्र महसी के 55 गांवों में दो माह से भेड़ियों का आतंक है लेकिन वन विभाग की टीमों के साथ-साथ अन्य जिलों से आई विशेषज्ञों की टीमें भेड़ियों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही हैं। बुधवार को रामगांव थाना क्षेत्र में जहां एक बकरी को भेड़िये ने निवाला बनाया तो एक पड़वा को घायल कर दिया। ग्रामीणों ने भेड़िये की आशंका में खेतों में एक जानवर की घेराबंदी की लेकिन वह फरार हो गया।

महसी तहसील क्षेत्र में मार्च से शुरू हुआ भेड़ियों का आतंक अभी तक जारी है। लगातार जारी हमलों को देखते हुए शासन की ओर से जुलाई में प्रदेश स्तर के विशेषज्ञों की टीम को महसी तहसील क्षेत्र मे भेड़ियों की धरपकड़ के लिए तैनात किया गया।

इसके बाद क्षेत्र के एक लाख से अधिक की आबादी को हमलों से निजात मिलने की उम्मीद जगी लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा होता नहीं दिख रहा है। अब तक जिम्मेदारों की ओर से पांच भेड़ियों को पकड़ा गया है, बस एक भेड़िया धरपकड़ से बचा है।

जिले के अलग-अगल थाना क्षेत्रों में हमले की सूचनाएं मिल रही हैं जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक मादा भेड़िके के पकड़े जाने के बाद से एक दर्जन हमले हुए हैं लेकिन वन विभाग उन्हें नहीं मान रहा है। (संवाद)



महसी तहसील क्षेत्र में दिखे भेड़िया की फाइल फोटो। -संवाद



मुकेरिया में भेड़िया दिखने के बाद घेराबंदी करते ग्रामीण। -स्रोत : ग्रामीण

## सिसैया चूड़ामणि में बकरी पर हुए हमले को माना सही

- वन विभाग की ओर से मादा भेड़िये को पकड़े जाने के बाद हुए लगभग एक दर्जन हमलों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। सिर्फ सोमवार को सिसैया चूड़ामणि में हुए बकरी पर हमले को ही भेड़िया का बताया गया था। डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को सिसैया चूड़ामणि में ड्रोन कैमरे में भेड़िया दिखा था। वहीं शाम को एक बकरी पर भी हमला किया। बकरी के शरीर पर हमले के निशान मिले लेकिन तलाश के दौरान भेड़िया नहीं मिला।

## मुकेरिया में एक बकरी को बनाया निवाला, बकरा लापता

- रामगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुकेरिया के ग्रामीणों ने दावा किया कि मंगलवार की रात भेड़िये ने जहां एक बकरे को गायब कर दिया तो वहीं एक बकरी को निवाला बना लिया। यही नहीं, एक पंडवा को घायल भी कर दिया। ग्रामीण राघवेंद्र सिंह ने बताया कि भेड़िया ने दिमाके की बकरी को निवाला बनाया जिसका शव बुधवार की सुबह मिला। वहीं मोहेदीन की पड़िया को घायल कर दिया। यही नहीं बुधवार की सुबह भेड़िया जैसा दिखने वाला जानवर बकरी को खाता मिला जिसकी ग्रामीणों ने घेराबंदी की लेकिन वह फरार हो गया।

### आखिर कहां गया लंगड़ा भेड़िया, ग्रामीणों में दहशत

- वन विभाग के ड्रोन कैमरे में दो भेड़ियों के पकड़े जाने के बाद चार भेड़िये दिखे थे। उनमें से तीन को वन विभाग की ओर से पकड़ लिया गया है। वहीं छठे भेड़िये को ग्रामीण लंगड़ा व कुनबे का सरदार बता रहे हैं, वह पकड़ से बाहर है। ग्रामीण उसी भेड़िये को लेकर आतंकित हैं।

# मदनलाल को मिला मटेरा थाना

**बहराइच।** एसपी वृंदा शुक्ला ने बुधवार को मटेरा थाना प्रभारी रहे परमानंद तिवारी को कोतवाली देहात की कमान सौंपी। वहीं दरगाह थाना क्षेत्र के सालरगंज चौकी प्रभारी मदनलाल को मटेरा थाने का थाना प्रभारी बनाया। चर्चा है कि मदन लाल ने एसपी के लिए सिर का दर्द बने मोबाइल छिनैती गिरोह की धरपकड़ में विशेष योगदान दिया था। उसके बाद उन्हें थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। (संवाद)

# दो निरीक्षकों समेत 12 उपनिरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

**बहराइच।** एसपी ने बुधवार को दो निरीक्षकों समेत 12 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया की अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक रामनरेश व पुलिस लाइन से निरीक्षक कुलदीप त्रिपाठी को साइबर क्राइम थाना भेजा गया है। वहीं पुलिस लाइन, रानीपुर थाना, कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, अपराध शाखा में तैनात उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2024

# गुड और बैड टच की दी गई जानकारी

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान शक्ति दीदी ने 06 से 08 वर्ष की बालिकाओं को गुड टच व बैड टच की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाल यौन हिंसा व बाल यौन शोषण के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, साइबर अपराध -1930 के साथ साथ यातायात नियमों आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी।

# चोरी के आरोपी को तीन हजार जुर्माने की सजा

श्रावस्ती। न्यायालय एसीजेएम ने बुधवार को चोरी के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा और तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी प्रकट पुत्र राम अवध निवासी कुलरहवा थाना सिरसिया पर 2002 में सिरसिया थाने में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। 22 साल बाद आरोपी को सजा सुनाई गई है।

# 16 वाहनों का ई चालान, 28500 शमन शुल्क

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक की ओर से दिए गए निर्देश के क्रम में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग गई। जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की दौरान 16 वाहनों का मोटर ई-चालान किया गया साथ ही 28500 का शमन किया गया।

# पैदल गश्त कर दिया सुरक्षा का भरोसा

श्रावस्ती। जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से प्रतिदिन पैदल गस्त किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को सभी थानों की पुलिस ने पैदल मार्च करके लोगों से बातचीत की और आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# शांतिभंग के आरोप में पांच गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने मंगलवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

## 16 वाहनों का ई-चालान

श्रावस्ती : यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस की ओर से बुधवार को अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 वाहनों का ई-चालान किया गया। 28 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। (वि.)

## दिलाया सुरक्षा का एहसास

श्रावस्ती : जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को एएसपी व सीओ इकौना के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों ने चौक-चौराहों व कस्बों में फ्लैग मार्च किया। व्यापारियों व आमजन से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया। (वि.)

# जेल में बिताई गई अवधि की मिली सजा

श्रावस्ती : एसीजेएम विश्वाजीत सिंह ने सिरसिया क्षेत्र के फुलरहवा गांव निवासी प्रघट को चोरी का प्रयास करने के अपराध में दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास से दंडित किया है। तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।(संसू)

# 40 घंटे बाद नहर में उतराता मिला महिला का शव

संसू, जागरण • जमुनहा( श्रावस्ती ) : हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के बालकरामपुरवा गांव के पास नहर में डूबी महिला का शव 40 घंटे बाद भेसरी पुल के निकट उतराते मिले। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। ग्राम पंचायत रामपुर बस्ती के बालकरापुरवा गांव निवासी गोमती देवी रविवार को गांव के पास बह रही सरयू नहर की मुख्य शाखा में भैंस को पानी पिलाने के लिए गईं थीं। इस दौरान भैंस की रस्सी के साथ वह गहरे पानी में चली गईं और लापता हो गईं थीं, तभी से पुलिस व पीएसी ( बाढ़ ) की टीम नहर में उनकी तलाश कर रही थी। मंगलवार की देर शाम गोमती देवी का शव घटनास्थल से पांच किलोमीटर दूर भेसरी पुल के पास नहर के पानी में उतराते मिला।

# चोरी की कोशिश के आरोपी पर लगाया अर्थदंड

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने 22 वर्ष पूर्व पुलरहवा निवासी प्रकट को चोरी की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बुधवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विश्वजीत सिंह ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि की कैद और 3000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

# दो आरोपियों की जमानत याचिका निरस्त

# 16 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया। विभिन्न बैरियर पर जांच के दौरान पुलिस ने 16 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 28,500 रुपये जुर्माना भी किया। (संवाद)